राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, शुक्रवार, 10 मई 2024

वर्ष 05, अंक 220, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

दिल्ली पुलिस के हवलदार ने मधुबन चौंक पर खोला पहला हेल्मेट बैंक...03

भारत दौरे पर चीन समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री...12

# पीएम मोदी और अनुराग ठाकुर के हेट स्पीच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

● कार्रवाई की मांग।

स्वतंत्र प्रभात

पीएम मोदी और अनुराग ठाकुर के हेट स्पीच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की गई। उक्त याचिका में भारत के चुनाव आयोग को राजनीतिक प्रचारकों, खासकर 2024 के आम चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से दी जा रही हेट स्पीच के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई।याचिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा कथित तौर पर दी गई हेट स्पीच की जांच शुरू करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई।

पूर्व आईएएस अधिकारी ईएएस सरमा और पूर्व आईआईएम डीन त्रिलोचन शास्त्री द्वारा दायर याचिका में 21.04.2024 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा दिनांक 27.04.2024 को दिए गए भाषणों का हवाला दिया गया। इन भाषणों को भ्राजके आधिकारिक हैंडल और मौजूदा सांसद अरविंद धर्मपुरी द्वारा इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बार-बार पोस्ट किया गया।

याचिका में कहा गया,"प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21.04.2024 को और केंद्रीय सूचना और प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 27.04.2024 को मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने और रूढ़िवादी छवि देने के लिए घृणास्पद भाषण का इस्तेमाल किया, जिसे देश भर में विभिन्न माध्यमों से प्रसारित किया गया था।"

याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि चुनाव आयोग ने दिए गए भाषणों की प्रकृति पर आंखें मूंद ली हैं, जो आदर्श आचार संहिता, भारतीय दंड संहिता, 1860 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का गंभीर उल्लंघन है।

याचिकाकर्ता चुनाव आयोग द्वारा कोई 'निर्णायक कार्रवाई' करने में विफलता से व्यथित हैं।

याचिका में आगे कहा गया,"भारत का चुनाव आयोग अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियों के बारे में वैधानिक निकाय को सूचित करने और प्रेरित करने के बार-बार प्रयासों के बावजूद निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहा है।"

याचिकाकर्ताओं का यह भी तर्क है कि चुनाव आयोग ने पहले अन्य राजनीतिक दलों के सदस्यों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे थे जैसे कि आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति आदि।

याचिका में उल्लेख किया गया,÷इसके विपरीत, भारत के चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी और न्यायपालिका के खिलाफ कथित आक्षेपों का हवाला देते हुए आम



आदमी पार्टी को अपने अभियान गान में बदलाव करने के निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त, भारत राष्ट्र समिति के संस्थापक के.चंद्रशेखर राव को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के कारण चुनाव प्रचार से रोक दिया गया। विशेष रूप से, ये हस्तक्षेप चुनाव आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान से शुरू किए गए। यह तर्क दिया गया कि आदर्श आचार संहिता मौजूदा पर लागू होने वाले विशिष्ट प्रावधानों और मानकों को चित्रित करती है।"

**याचिकाकर्ताओं द्वारा मांगी गई मुख्य राहतेंइस प्रकार हैं-**

(1) भाजपा और उसके प्रतिनिधियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए भारत के चुनाव आयोग को परमादेश की प्रकृति में रिट और/या कोई अन्य रिट/आदेश या निर्देश जारी करना।

(2) चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करने और माननीय प्रधानमंत्री और अनुराग ठाकुर द्वारा प्रचारित हेट स्पीच की जांच शुरू करने के लिए परमादेश की प्रकृति में रिट और/या कोई अन्य रिट/आदेश या निर्देश जारी करें, जिसे भाजपा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किए गए वीडियो के माध्यम से दोहराया गया।

इसके पहले तमिलनाडु कांग्रेस (कमेटी ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भारत के चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी हेट स्पीच पर स्पष्टीकरण मांगें और झूठे, अपमानजनक बयानों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई करें और उन्हें आगे कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र के खिलाफ अपमानजनक बयान और गुमराह करने से रोकें।

समिति के अध्यक्ष के.सेल्वापेरुन्थागई के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि आगामी 2024 लोकसभा चुनावों में हार के डर से बीजेपी हिंदू राष्ट्रवाद के विभाजनकारी अभियान में लगी हुई है।

याचिका में मोदी के हालिया भाषणों का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री का भाषण मनगढ़ंत और अपमानजनक भाषा से भरा हुआ था, जिसका उद्देश्य बिना किसी सच्चाई के कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र और उसकी विश्वसनीयता को बदनाम करना है।

याचिका में यह भी कहा गया कि अल्पसंख्यक वर्ग को निशाना बनाने वाला भाषण न केवल अपमानजनक है, बल्कि शर्मनाक और विश्वासघाती भी है, क्योंकि वे सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं और लोगों के बीच विभाजन पैदा करते हैं।

याचिका में कहा गया कि पीएम, जिनसे देश के सभी नागरिकों की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद की जाती है, ऐसे बयान देकर पद की शपथ का उल्लंघन कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि इस तरह के बयान बेहद चिंताजनक हैं और खतरनाक मिसाल कायम करते हैं। याचिका में आरोप लगाया गया कि कई शिकायतों के बावजूद, चुनाव आयोग ने केवल कारण बताओ नोटिस भेजा है और चुनाव आयोग द्वारा दिखाई गई ऐसी उदारता नागरिकों को गलत संकेत भेजती है और पूरी चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करती है।

इस प्रकार, चुनाव आयोग को मोदी को नोटिस जारी करने और उनके हालिया भाषण के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश देने की प्रार्थना की गई। याचिका में मोदी के झूठे, अपमानजनक बयानों और सांप्रदायिक बयानबाजी पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक कार्रवाई की भी मांग की गई।

## सीएम योगी को सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने नेता मानने से किया इनकार

स्वतंत्र प्रभात



**गोंडा-** लोकसभा कैसरगंज सीट पर बीते कई दिनों से लोकसभा टिकट को लेकर मचा संग्राम थम चुका है। नामांकन के आखिरी समय में बीजेपी ने वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण को प्रत्याशी बना दिया है।अब बृजभूषण ने इशारों में ही उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से दूरी बरतने की बात कह दी है।उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को तो अपना नेता स्वीकार किया लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ के सवाल पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।एक टीवी चैनल ने को दिए इंटरव्यू में बाहुबली सांसद बृजभूषण सिंह ने पीएम मोदी से बात होने के सवाल पर कहा- देखिए पिछले एक साल के दौरान मेरी बात नहीं हुई।ना तो मैंने बात करने की कोशिश की और ना ही उन्होंने मुझे फोन किया।हां मोदी जी हमारे नेता हैं।इसके बाद यह पूछे जाने पर कि क्या योगी जी भी आपके नेता हैं ? उन्होंने जवाब दिया- सिर्फ मोदी जी हमारे नेता हैं।अब बाकी जो आप को सोचना है, सोच लीजिए।मुझे विवाद में मत फंसाइए।

**योगी आदित्यनाथ भाग्य से सीएम बन गए**

इंटरव्यू के दौरान ही बाहुबली सांसद बृजभूषण ने योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के सवाल पर कहा, 'उनका भाग्य था,इसलिए सीएम बन गए।'प्रदेश में ठाकुर पॉलिटिक्स के सवाल पर बृजभूषण ने कहा- ना मैं ठाकुर नेता हूँ और ना योगी ठाकुर नेता हैं।वह संत हैं।हम सबको साथ लेकर चलते हैं।भले ही विचारधारा अलग हो।हिंदु, मुस्लिम,सिख, ईसाई सबको साथ लेकर चलते हैं।हम वोट की नजर से नहीं देखते हैं।सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मिलकर जाते हैं।

**बाहुबली सांसद ने पहले भी योगी पर साधा निशाना**

इससे पहले भी कई बार बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह निशाना साध चुके है। जिले में छुट्टा जानवरों की समस्या को लेकर बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह सूबे कि योगी सरकार को ही घेरते हुए नजर आए।उन्होंने कहा कि हमने सलाह दी थी।हमारी सलाह को नहीं माना और अब उसका समाधान रोड पर हो रहा है।ज्यादा बोलेंगे तो गड़बड़ हो जाएगा बोलिए भारत माता की जय।हमने समाधान बताया हमारा समाधान उनको नहीं पसंद आया।

**सांसद ने बुलडोजर और छुट्टा जानवर नीति का विरोध**

बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह इससे पहले सीएम योगी के बुलडोजर नीति का भी कड़ा विरोध कर चुके हैं।पिछले साल गोंडा नजूल के जमीनों पर अवैध अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई के बाद बाहुबली सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने कहा था कि इस नीति के तहत किसी के भी मकान को अवैध निर्माण बता कर गिरा दिया जाता है वह गलत नीति है।सीएम योगी के बुलडोजर नीति के आगे आखिर न्याय प्रणाली का क्या महत्व रह जाता है ? तर्क दिया जाता है कि वह मकान या भवन सरकारी जमीन, नजूल या फिर ग्राम सभा की जमीन पर बना हुआ है।लेकिन सवाल है कि पहले इसे क्यों नहीं रोका जाता ?

## संक्षिप्त ख़बरें

### नाबालिग बच्चें के इंतजार में रात दिन तड़प रहे अनपढ़ मां बाप

**डेढ़ महीने से गायब नाबालिग बच्चें को खोजने में पुलिस नाकाम**

**आलापुर अम्बेडकर नगर।** नाबालिग बच्चे के इंतजार में रात दिन अनपढ़ मां बाप तड़प रहे हैं।अपने जिगर के टुकड़े के न मिलने से बेसुध पड़े हैं और दर दर पर अपनी गुहार लगा रहे।लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद अभी उसका पता नहीं चल सका है। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चकइक्यावन निवासी रेखा पत्नी सुभाष निषाद ने आरोप लगाकर पुलिस एवं क्षेत्राधिकारी आलापुर को तहरीर देकर अवगत कराया कि गांव के रोशन पुत्र ललई ने उनके नाबालिग बच्चें राजन 16 वर्ष को बिना उनके जानकारी के बहला फुसलाकर कर अपने पीओपी साइट पर काम करवानें हेतु दिनांक 19 मार्च 2024 को साथ बहका ले गए। जब पीड़ित को इस बात की जानकारी मिली तो पूछताछ करने उनके घर गयी जहां परिवार वाले गुमराह कर बताए की उनका लड़का काम करने हेतु दिल्ली गया है।पन्द्रह दिन में वापस आ जाएगा जबकि बच्चा गायब हुए डेढ़ महीने के करीब बीत गए ।बच्चा वापस नहीं आया। जिसकी सूचना पीड़ित ने थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर एवं क्षेत्राधिकारी को दिया परंतु पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ धारा 363 आईपीसी पंजीकृत कर लिया गया । जबकि पीड़ित का आरोप है कि उपरोक्त सभी घटना गांव के रोशन पुत्र ललई द्वारा पारित की गई है ।इस मामले में क्षेत्राधिकारी रामबहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हैं पुलिस तेजी से खोजबीन में जुटी हुई है ।जल्द ही बच्चा सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### चौकीदार की रैन बसेरे में हार्ट अटैक से मौत

**शाहाबाद हरदोई।** रैन बसेरे में लेटे चौकीदार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारी भी पालिका कार्यालय पहुंचे हैं। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी राम मूर्ति कश्यप 55 वर्ष पुत्र स्वामी दयाल नगर पालिका परिषद में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। प्रतिदिन की भांति वह अपनी ड्यूटी करने के लिए नगर पालिका परिषद में रात्रि में आए थे। सुबह के वक्त जब सफाई कर्मचारी ड्यूटी के लिए पहुंचे तो राम मूर्ति को सोता हुआ देखकर आवाज दी, परंतु राम मूर्ति की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

## दरोगा समेत छः पुलिसकर्मी सस्पेंड

● प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ था प्रेमी

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस अभिरक्षा से फरार होकर प्रेमी द्वारा विद्युत् पोल पर चढ़ने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए विवेचक सहित छः पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी में उपनिरीक्षक अशोक यादव, सिपाही अंकित सैनी, फजले सिद्दीकी, अनिमेष यादव, मोनिका एवं अनीता शामिल हैं। मामले की जॉच क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार को सौंपी गई है। मामला अहिरौली थाना का है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को प्रेम प्रसंग के एक मामले थाने में बैठाया गया युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।


प्रेमी का आरोप था कि उसे चार दिन से थाने में बैठाया गया था। वह दरवन झील के निकट विद्युत के हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया। युवक द्वारा विद्युत टावर पर चढ़ने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए। पुलिस प्रशासन के ऊपर से प्रेमी का विश्वास उठ गया था और मीडिया के समक्ष आकर अपनी आपबीती बताना चाहता था। काफी मान-मनौव्वल करने के बाद फिर भी नहीं माना तो वही मीडिया कर्मियों को देख खंभे से नीचे उतरा और मीडिया कर्मियों के समक्ष अपनी पुलिसिया उत्पीड़न के बारे में सारी बात बताई और युवक ने यह भी बताया कि जबकि लड़की का बयान भी हमारे पक्ष में हुआ था फिर भी हमको चार दिन से थाने में बैठा कर दिमागी रूप से टॉर्चर करते थे और खाना भी न देने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से मांग किया कि दोनों लोगों को एक दूजे का होने से कोई भी ना रोके क्योंकि हम लोग बालिक भी हो चुके हैं और हम लोगों ने शिव बाबा में शादी भी कर ली है।

युवक ने यह भी पुलिस के ऊपर आरोप लगाया कि परिवार के सदस्यों को थाने लाकर उनके साथ पुलिसिया उत्पीड़न भी खूब किया गया जो कि अब हम इस तरह का उत्पीड़न नहीं चाहते जिससे हमें और हमारे परिवार को मजबूरन कोई कदम उठाना पड़े। पुलिस ने बुधवार की देर शाम प्रेमिका को उसके प्रेमी के साथ घर भेज दिया।

## ईडी केजरीवाल के खिलाफ ट्रयाल कोर्ट में चार्जशीट करेगी पेश,जमानत का करेगी विरोध

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** दिल्ली की कथित शराब नीति पर गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में ईडी के वकील ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि चुनावी प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है। दरअसल केजरीवाल के वकील ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की एवज में अंतरिम जमानत देने की वकालत की थी। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि केजरीवाल खुद कहीं से भी उम्मीदवार नहीं है।अगर इस वजह से अंतरिम जमानत दी गई तो ये संदेश गलत जाएगा। इस तरह तो तमाम राजनीतिज्ञ जो जेलों में बंद है, उन्हें भी जमानत पाने और बाहर आने का मौका मिल जाएगा। जमानत के लिए चुनाव प्रचार कोई मौलिक अधिकार नहीं है। इस तरह से जमानत पाने की एक परंपरा बन जाएगी,और हर बंदी इस तरह से जेल से बाहर आने की जुगत करेगा। लिहाजा ईडी इस मामले में किसी भी सूरत में जमानत देने का विरोध करती है। चुनाव की आढ में अंतरिम जमानत की कोशिश के मद्देनजर कोर्ट शुक्रवार को सुरक्षित रखे फैंसले को सुना सकती है।वहीं दूसरी ओर







राउज एवेन्यू कोर्ट में चल रहे मामले में ईडी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट पेश करेगी। इससे लगता है कि ईडी को केजरीवाल के खिलाफ पुख्ता सबूत मिल गए है। ट्रयाल कोर्ट में ईडी की चार्जशीट में के. कविता के नाम का जिक्र भी किया जा सकता है। बहरहाल केजरीवाल के जेल से बाहर ना आने देने की हर जुगत पर ईडी ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है। शुक्रवार 10 मई को सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुना सकती है। और वहीं राउज एवेन्यू स्थित ट्रयाल कोर्ट में ईडी केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट पेश कर जेल से बाहर आने के रास्ते को ब्लॉक भी कर सकती है।

## एनटीपीसी ने 20 प्रतिशत टॉरफाइड बायोमास सह-फायरिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता एनटीपीसी ने यूपी के टांडा परियोजना में अपनी यूनिट 4 में 20त्न टोरिफाइड बायोमास की सह-फायरिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके एक नया मील का पत्थर हासिल किया है, जिससे एक स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

यह पहल भारत के विद्युत क्षेत्र में एक नयी पहल है, जो मौजूदा कोयला आधारित बेड़े को डीकार्बोनाइजिंग करने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोमास को गर्म करने से उत्पन्न टॉरफाइड बायोमास, कोयले के समान विशेषताओं को प्रदर्शित करता है, जो इसे महत्वपूर्ण प्रणाली संशोधनों के बिना उच्च सह-फायरिंग प्रतिशत के लिए उपयुक्त बनाता है। ध्यान देने योग्य बात है कि सकल कैलोरी मान (जीसीवी) और टॉरफाइड बायोमास छर्रों की लागत वर्तमान में आयातित कोयले के बराबर है।

डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में एनटीपीसी के प्रयास में मौजूदा और नए कोयला बिजली संयंत्रों दोनों में बायोमास सह-फायरिंग की खोज शामिल है। बायोमास सह-फायरिंग के प्रत्येक प्रतिशत में कार्बन उत्सर्जन को लगभग समान प्रतिशत तक कम करने की क्षमता होती है। इसके अतिरिक्त, बायोमास सह-फायरिंग किसानों द्वारा खेतों में सीधे पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को भी कम करता है।

एनटीपीसी प्रौद्योगिकी और बाजार की परिपक्वता के साथ लंबी अवधि में लागत में कमी की महत्वपूर्ण संभावना की आशा करता है, जो देश में टिकाऊ बिजली उत्पादन प्रथाओं के लिए एक मानक स्थापित करेगा।कुल मिलाकर एनटीपीसी ने 20 एनटीपीसी स्टेशनों और 01 संयुक्त उद्यम (एपीसीपीएल-झज्जर) स्टेशनों के लिए 52लाख मीट्रिक टन बायोमास छर्रों का ठेका दिया है और अब तक



13 एनटीपीसी और 02संयुक्त उद्यम (एपीसीपीएल-झज्जर और एनएसपीसीएल भिलाई) स्टेशनों पर बायोमास छर्रों की कुल प्राप्ति 254063 मीट्रिक टन है। कृषि अवशेषों से बायोमास छर्रों के निर्माण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, एनटीपीसी विभिन्न स्थानों पर बायोमास पेलेट्स संयंत्र स्थापित कर रहा है, जैसे लेहरा मोहब्बत,भटिंडा में 22 टीपीडी गैर टोरिफाइड पेलेट्स संयंत्र, एपीसीपीएल-झज्जर में 100 टीपीडी टोरिफाइड और 100 टीपीडी गैर टोरिफाइड पेलेट्स संयंत्र, और 50 टीपीडी नॉन टोररिफाइड पेलेटप्लांट एनसीपीएस-दादरी में स्थापित किये जा रहे हैं। पेलेट संयंत्रों से उत्पादित बायोमास पेलेट्स का उपयोग थर्मल पावर स्टेशनों में कोफायरिंग में किया जाएगा। इस अवसर पर टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक श्री ए.के. चट्टोपाध्याय ने कहा कि सभी कर्मचारी इस उपलब्धि पर बधाई के पात्र हैं। हम आगे भी इसी प्रकार पर्यवारण को ध्यान रखते हुए कार्य करने की दिशा में लगातार आगे बढते रहेंगे।

## बदहाली के आंसू बहा रहा सार्वजनिक चकमार्ग

● प्रतिदिन सैकड़ों राहगीर गिरकर हो रहे चोटिल

**दियरा, सुल्तानपुर-** विकास का ढिंढोरा पीट रही वर्तमान योगी सरकार का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है फिर भी सुल्तानपुर जनपद के जयसिंहपुर तहसील के अंतर्गत दियरा गांव के बन्धू मिश्र का पुरवा में जहां पर वर्षो पूर्व बने चकमार्ग संख्या 1554 जो दियरा - शुकुल दुलैचा तथा दियरा करमाजितपुर सडक को जोडती है। जिससे दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन प्रतिदिन रहता है। परन्तु वर्षो बीत जाने के बाद भी इस चकमार्ग पर अभी तक खडन्जा और आर सी सी तो बनना दूर मिट्टी पाटने का काम भी नहीं हो पा रहा। थोड़ी सी भी बारिश हो जाने पर इस चकमार्ग पर बने गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आए दिन सैकड़ों लोग इस रास्ते पर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। परन्तु इस पर न तो ग्राम प्रधान की निगाह पड़ रही और न ही शासन प्रशासन की। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा यह चकमार्ग वर्षो से विकास की बाट जोह रहा लेकिन अभी तक किसी की निगाहें नही पड़ रही। यही नहीं इस चकमार्ग पर वर्तमान विधायक और सांसद मेनका गांधी का भी आगमन हो चुका है फिर भी उनकी निगाहें इस पर



नहीं पड़ी। और पड़े भी तो कैसे क्यों कि नेता लोग तो लग्जरी गाड़ी से आते है और उन्हें गढ्ढों का पता कैसे चले । गरीब जनता परेशान होकर कई बार इसकी शिकायत स्थानीय विधायक और सांसद महोदया से की मगर ऐसे जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के दौरान गरीब जनता को बड़े बड़े लुभावने देकर अपना कार्य सिद्ध कर लेते हैं और काम निकल जाने पर भूल जाते हैं। इस बार यहां की स्थानीय जनता भी इसका सबक वर्तमान सरकार को सिखाने की कसम खाते हुए% रोड नही तो वोट नहीं% का नारा लगा रही है। अब देखना यह है कि प्रतिदिन हजारों लोगों के आवागमन वाले चकमार्ग का सुधार हो पाता है या ऐसे ही विकास के नाम पर बदहाली के आंसू बहाता रहेगा। यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 11मई तक तक जमा होगा स्कूली वाहनों व चालकों का ब्यौरा-एआरटीओ




**बस्ती।** बस्ती जिले में लोकसभा चुनाव में अधिकृत स्कूली वाहनों, निजी बसों व चालकों का ब्यौरा 11 मई तक एआरटीओ कार्यालय में जमा कराया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि सभी प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों व निजी बस स्वामियों से उनका बैंक एकाउंट व उनके वाहनों पर तैनात चालकों का पूरा ब्यौरा मांगा गया है। बताया कि लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल पर ईवीएम व अन्य सामग्री के साथ पहुंचाने और वापस लाने के लिए अधिकृत वाहन स्वामियों को अधिग्रहण आदेश उपलब्ध करवा दिया गया है। वाहनों को विधानसभा के अनुसार रूट चार्ट जारी किया है। जिसके लिए 9, 10 व 11 मई को कार्यालय में स्थापित निर्वाचन सेल से वाहनों का आवंटन रूट चार्ट के अनुसार किया जाएगा। जानकारी दी कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुए वाहन स्वामी अपने वाहनों की सूची व बैंक खाता विवरण समेत चालक का नाम व मोबाइल नंबर एआरटीओ कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे ताकि निर्वाचन कार्य आसानी से पूरा किया जा सके।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक में लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विदेदी के जीत की बनी रणनीति




**बस्ती।** भाजपा के एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक आज बस्ती स्थित केंद्रीय कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक मे जिले के सभी क्षेत्रों से आए विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजकों और सह संयोजकों ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेत्री ममता पाण्डेय ने सभी संयोजकों और सह संयोजकों से कहा कि चुनाव को लेकर वह अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि एनजीओ प्रकोष्ठ का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह एक-दूसरे का सहयोग बन पार्टी को मजबूत करते हुए अपने प्रत्याशी की जीत के लिए जी जान से जुट जाएं। बीजेपी नेता अनिल सिंह ने कहा कि चुनाव के लिए विजय का संकल्प लेकर अपने अभियान को आगे बढ़ाना है, घर घर जाकर मतदाताओं से मिलकर अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जी जान लगा देना है। बैठक को प्रमुख रूप से ममता पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र,लोकसभा प्रभारी सेतु भान राय,विधानसभा प्रभारी विवेकानंद वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी,कुलदीप मिश्रा, ओमप्रकाश ठाकुर, राम प्रताप सिंह,ऋषभ श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोगों ने संबोधित किया।

## ट्रैक्टर से दबकर महिला श्रमिक की मौत



**चुनार मीरजापुर।** गुरुवार की सुबह 6 बजे चुनार कोतवाली क्षेत्र के दरगाह मोड स्टेशन रोड पर एक महिला श्रमिक गंगा पार इलाके में मजदूरी करने जा रही थी जैसे ही महिला दरगाह मोड़ पर पहुंची सामने से आ रहे तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ने महिला को रौंदते हुए चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल हो गया। स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना देकर अवगत करा दिया मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले कर परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला श्रमिक की साथी ने बताया कि मृतिका माधुरी पत्नी वशू निवासी नरैनैना मुगलसराय चन्दौली की रहने वाली है हम लोग सीए पैसेंजर ट्रेन से उतर कर पैदल गंगा पार इलाके में मजदूरी करने जा रही थी। बता दें कि तीन माह पूर्व एक छात्रा की मौत ट्रैक्टर से हो गई थी। पुलिस ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# सचिव राम जस वर्मा ही बने ग्राम पंचायत बरहपुर के भ्रष्टाचार के खेवन हार

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया विकासखण्ड हर्रैया में तैनात सचिव राम जस वर्मा ग्राम पंचायत बरहपुर के भ्रष्टाचार के खेवन हार बने हुए हैं । ग्राम पंचायत बरहपुर में तालाब खुदाई / सफाई के नाम पर सरकारी धन को लूटने में सचिव राम जस वर्मा अहम भूमिका निभा रहे हैं । सचिव राम जस वर्मा द्वारा मनरेगा एक्ट की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है । विकास के नाम पर ग्राम पंचायत बरहपुर में बड़ा खेल किया जा रहा है ।

सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत बरहपुर में दो साइडों पर तालाब खुदाई / सफाई कार्य का आनलाइन मस्टर रोल जारी है । दोनों साइडों पर आनलाइन मस्टर रोल पर 170 मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं । 170 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही है । तालाब खुदाई / सफाई कार्य में धरातल पर वर्तमान समय में एक भी मनरेगा मजदूर कार्य नही कर रहे हैं । एक सप्ताह पहले सोशल मीडिया पर / सम्मानित समाचार पत्रों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी । सोशल मीडिया पर / सम्मानित समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी दोनों साइडों पर तालाब खुदाई / सफाई कार्य मात्र कागज तक ही सीमित है धरातल पर कोई मनरेगा मजदूर कार्य नही कर रहे हैं । सचिव राम जस वर्मा ऐसे सचिव है जो किसी का भी फोन नही उठाते हैं चाहे किसी ग्राम पंचायत का कोई सदस्य हो या अन्य व्यक्ति हो । सचिव राम जस वर्मा के फोन न उठने के सत्यता की जांच किसी भी समय किसी अधिकारी / कर्मचारी / अन्य व्यक्ति द्वारा किसी कार्य दिवस में किया जा सकता है । जे ई ( तकनीकी सहायक ) रघुनाथ पटेल भी भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं । एक सप्ताह पहले खबर प्रकाशित होने के पहले मीडिया टीम को बताया था कि मैं दोनों तालाब खुदाई / सफाई कार्य साइड पर जाकर देख कर बताता हूं कि दोनों साइडों पर मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं कि नही । लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी जे ई ( तकनीकी सहायक ) रघुनाथ पटेल ने मीडिया टीम को कोई जानकारी नही दिया है । इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय ने मीडिया टीम को बताया कि उक्त प्रकरण में तत्काल जांच करवाकर कार्रवाई करता हूं ।

# महाराणा प्रतापजयंती जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर याद किये गये

**● महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें युवा पीढीमाल्यार्पण के बाद सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि जब भी भारतीय इतिहास में वीरों का नाम याद किया जाता है,।**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** देश के महान सपूत महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर याद किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णचन्द्र सिंह के संयोजन में गुरूवार को सिविल लाइन्स तिराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि जब भी भारतीय इतिहास में वीरों का नाम याद किया जाता है, महाराणा प्रताप का नाम सबसे आगे है। कहा कि प्रत्येक युग में समय- काल के अनुरूप नायक पैदा होते रहते हैं। देश के निर्माण में अनेक महापुरूषों का योगदान है। हमें महापुरूषों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों के अनुकूल भारत निर्माण का संकल्प साकार करना होगा। युवा पीढी महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें।

भाजपा नेता कृष्णचन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप बहुत ही स्वाभिमानी प्रवृत्ति के नायक थे। जब राणा प्रताप को अपने वश में करने के अकबर के सभी प्रयास विफल रहे तब हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध हुआ। महाराणा प्रताप ने पूरी सजगता और अप्रतिम वीरता के साथ युद्ध लड़ा । इस युद्ध में महाराणा का प्रिय चेतक बलिदान हो गया। उनका संघर्ष और योगदान युगों तक याद किया जायेगा। महापुरूष संघर्ष की कोख से ही पैदा होते है। संयोजक महेश चन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महाराणा प्रताप का पूरा जीवन संघर्षो से घिरा रहा किन्तु वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुये।

भाजपा नेता अमन प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और बहादुरी की चर्चा पूरी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने अपने पराक्रम से मुगलों को नाकों चने चबवा दिए थे। उनकी वीरता के अनेक किस्से मशहूर हैं। युवा पीढी को ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिये।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक सिंह ध्रुवचन्द्र सिंह, संजय सिंह, जर्नादन सिंह, प्रेमचन्द्र सिंह, श्याम चन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, गोपाल यादव, अर्जुन चौधरी, प्रियांशु सिंह, अंकित मिश्र, अमन चौधरी, प्रियांशु सिंह, राहुल चौधरी, पंकज सिंह, शक्ति सिंह, नीरज सिंह, सौरभ सिंह, शिवम सिंह, ऋषि पाठक, राज पाण्डेय, विशाल चौधरी, बीर बहादुर सिंह, अनुज प्रजापति, निर्भय सिंह, अविनाश सिंह, विपुल सिंह, रवि यादव, अनमोल सिंह, महन्त पाल, आर्यन पाल, ओम मिश्रा, शुभम सिंह, राजन, विकास यादव, लक्की पाल, पवन सिंह, आशीष कुमार सिंह, रणंजय सिंह के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास पर भ्र्ष्टाचार का काला साया

**● गुणवत्ता विहीन निर्माण ,बिना कार्य के भुगतान से स्थानीय जिम्मेदार मालामाल विभाग हुआ कंगाल**

**देश के प्रधानमंत्री मोदी ,सूबे के मुखिया योगी के उत्तम प्रदेश और भ्र्ष्टाचार मुक्त भारत के दावे पर हावी भ्र्ष्टाचार का जिन्न**

स्वतंत्र प्रभात

प्रदेश के विकास के सरकारों के दावे कि ग्राम पंचायतों में लगातार विकास कार्य हो रहा और पारदर्शी तरीके से विकास कार्यो की समीक्षा के चलते भृष्टाचार मुक्त भारत का सपना साकार हो रहा लेकिन यब दावे अब सिर्फ किताबो में ही अच्छे लगते है बाकी तस्वीरों में सच देख कर यही लगता कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश नही भृष्टाचार का अड्डा है जंहा हर कार्य मे विभागीय कमीशन खोरी के चलते गुणवत्ता प्रभावित होना स्वभाविक है । वही ग्राम पंचायत तमाम ऐसे विकास कार्य जो हुआ ही नही फर्जी बिलों के माध्यम से राशि आहारित कर व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसमे विभाग के संबंधित जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद करके बैठे हुए हैं।वही पंचायत में बिना कार्य कराए ही तथाकथित विक्रेताओं( वेंडरों) के बिल लगवा कर पंचायत खातों से भुगतान कर शासकीय राशि की बंदरबांट चल रही है।एक ही वेंडर नाली सड़क निर्माण सामग्री से लेकर लेखन सामग्री किराना,मिठाई आदि सभी प्रकार के विक्रय सामग्रियों का एक ही बिल जारी कर रहा है और सरपंच/सचिव के हस्ताक्षर से आंख मूंदकर भुगतान भी किया जा रहा है।संबंधित अधिकारियों द्वारा ना तो इन भुगतानो को संज्ञान में लेकर जांच करवाई जा रही है और नही पंचायत जांच अधिकारी द्वारा विकास के नाम पर घटिया सामग्रियों से हो रहे गुणवत्ताहीन कार्यों की समीक्षा की जा रहीऔर ना ही निर्माण कार्यों की जांच। यहां यही कहना पड़ रहा जंहा सौ में निन्यानवे बेईमान लेकिन मेरा भारत देश तब भी महान की कहावत सटीक बैठती है ।

वही ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव द्वारा धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। और आधिकारिक तौर पर आंख मूंदकर निर्माण कार्यों की सी.सी. जारी की जा रही है।पंचायतों में दलाल वेंडरों द्वारा निर्माण सामग्री का दुगना बिल लगाते हुए पंचायत खाते से राशि आहरित करवाई जा रही है। आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन? ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की मानें तो जिम्मेदारों द्वारा निर्माण कार्य के नाम पर लीपापोती कर शासकीय राशि का गबन मात्र एक उद्देश्य बन चुका है फिर वह चाहे पीसीसी सड़क नाली निर्माण सुदूर सड़क पेयजल व्यवस्था य भवन निर्माण य अन्य निर्माण कार्य हो या कार्यालय व्यय के नाम पर ही क्यों ना हो। वही सूत्रों की माने तो ऐसे कार्य की बात कई ग्राम पंचायतों में देखी जा रही है जंहा गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री के सहारे गुणवत्ता विहीन निर्माण के साथ ऐसे तमाम कार्य जो धरातल पर हुआ ही नही और उसका विभागीय पेमेंट फर्जी बिलो के सहारे हो जाता है जो कि बड़ा जांच का विषय है जिसको लेकर अगर विभागीय अधिकारियों के द्वारा हुए कार्यो का भौतिक सत्यापन निष्पक्ष रूप से किसी अन्य जांच एजेंसी से करवाया जाय तो सारा दूध पानी अलग हो जाएगा।लेकिन सवाल तो यही है कि जब चोर चोर हो मौसेरे भाई तो घण्टा आखिर बांधेगा कौन।

## बड़ी संख्या में विपक्षी पार्टियों के लोग ग्रहण कर रहे भाजपा सदस्यता

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में गुरुवार की सुबह अपाचे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आठ फीट गढ्ढे में गिर गया जिससे बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि बाइक चालक बाल बाल बच गया मौके पर पहुंचे युवती के परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए ज़हां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवती को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी अजय कुमार मौर्य की 18 वर्षीय पुत्री साधना सिंह मौर्य अपने ममेरे भाई के अपाचे बाइक से कंही जा रही थी कि जैसे ही भटवारी एयरटेल टावर के आगे पंहुची कि अपाचे बाइक तेजगति से होने के कारण अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आठ फीट गढ्ढे में गिर गई जिससे बाइक सवार युवती साधन गंभीर रूप घायल हो गई जबकि बाइक चालक ममेरा भाई बाल बाल बच गया मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवती को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए ज़हां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार व डा हर्षवर्धन ने युवती का प्राथमिक उपचार करने के बाद पैर में गंभीर रूप से चोट देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया जिस पर युवती के परिजनों ने एंबुलेंस 108 सेवा से मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए हैं।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों को निर्देश

**●- टीम भावना से अपने दायित्वों का करें निर्वहन प्रेक्षक**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीलोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, 1 कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी एवं सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने पोस्टल बैलेट व वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने निर्देश दिया कि वेबकास्टिंग के समय विद्युत, जनरेटर, इन्टरनेट की व्यवस्था ससमय पूर्ण कर लिया जाय। इसके लिए विद्युत विभाग व टेलीकाम कम्पनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लें।

परियोजना निदेशक/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा ने बताया कि मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण 14 से 20 मई के बीच कराया जायेंगा। समस्त मतदान कार्मिको को डाक मतपत्र की सुविधा भी प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होने यह भी बताया कि जनपद में कुल 85 प्लस के 210 तथा दिव्यांग के 182 मतदाता है, को उनके घर पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करायी जायेंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी ने बताया कि जनपद के 1089 बूथों पर कैमरा लगाया जाना है, जिसका कार्य आगामी 15 से 21 मई के मध्य करा लिया जायेंगा। उन्होने बताया कि इसके निगरानी हेतु विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेंगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक पॉच कैमरे पर टेक्निकल टेक्निशियन की तैनाती की जाय तथा कैमरों के रख-रखाव व फीडबैक के लिए एबीएसए की तैनाती की जाय। बैठक में एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, डीआईओ एनआईसी आलोक मिश्रा, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सौरभ द्विवेदी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# तोड़फोड़ के मामले में नगर पुलिस ने नही दर्ज किया मुकदमा , पीड़ित ने एस पी से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाने के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र में हुए तोड़फोड़ मामले में नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया है । पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी से न्याय की गुहार लगाई है ।आपको बता दें कि दिनांक - 20-04 -2024 को सुबह 4.30 बजे पीड़ित सरोज देवी पत्नी राकेश कुमार ने पड़ोसी परदेश पुत्र फागू , रवि , राहुल व रोहित पुत्रगण दीनानाथ पर घर में सेंध काटने / तोड़ फोड़ करने एवं गेहूं व चावल चोरी करने और भद्दी गालियां व गलौज देने का आरोप लगाया था जिसकी सूचना पीड़ित सरोज देवी पत्नी राकेश कुमार ने 112 पुलिस को दी थी । 112 पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया था मामला गंभीर देखते हुए दोनों पक्षों को नगर थाने पर बुलाया था । पीड़ित सरोज देवी ने नगर थाने पर पहुंचकर सारी घटना की जानकारी प्रभारी निरीक्षक जयबर्धन सिंह को दिया था । प्रभारी निरीक्षक ने तोड़फोड़ मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था । 20 दिन बीतने के बाद भी नगर पुलिस ने तोड़फोड़ मामले का तनिक सा भी संज्ञान नही लिया और न ही कोई जांच पड़ताल किया बल्कि थाने पर बैठकर आज कल जांच की करते हुए समय पूर्ण कर रहे हैं । पूर्व में चोरी की घटना के मामले में दोनों पक्षों का धारा 107 ,116 में चालान करके मामले को रफा दफा कर दिया गया था । पीड़ित परिवार लगातार 20 दिन से नगर थाने का चक्कर काट रही है लेकिन नगर पुलिस आज कल करते हुए मामले को दबाने के प्रयास में है । पीड़ित परिवार गरीब एवं असहाय है । पति राकेश कुमार परिवार के भरण - पोषण के लिए बाहर रहता है । पीड़ित पत्नी सरोज देवी अपने नाबालिक बच्चों के साथ घर पर रहती है और दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से दबंग खुल्ला घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार दबंगों के आतंक से बहुत डरा हुआ है । पीड़ित सरोज देवी ने पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी से नगर पुलिस के कारनामों को अवगत कराया और प्रभारी निरीक्षक नगर को आदेशित करके तोड़ फोड़ मामले की जांच-पड़ताल करके दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया है और उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है । इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

# नगर पालिका क्षेत्र के गांवगोड़िया वार्ड की नहीं सुधरी मुख्य सड़क सांसत में नागरिक

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में नगर पालिका क्षेत्र के गांवगोड़िया वार्ड की मुख्य सड़क फिर ध्वस्त हो चुकी है। खतरनाक गड्ढों में तब्दील इस 900 मीटर सड़क पर आए दिन लोग गिरकर घायल होते रहते हैं, बावजूद पालिका इसके निर्माण के प्रति गंभीर नहीं है। शहर के कोतवाली थाना भवन के बगल से गांवगोड़िया वार्ड होकर मुख्य सड़क चननी व कैली रोड से मिलती है। यह पूरी सड़क ही लंबे समय से ध्वस्त हो चुकी थी। पालिका क्षेत्र के गांवगोड़िया तक के सड़क की जिम्मेदारी नपा की है। जिसे आधा अधूरा बना कर छोड़ दिया गया है। सबसे बुरी स्थित इस मोहल्ले में दशकों पूर्व स्थापित क्षीरसागर पौराणिक पोखरे के पास हो चुकी है। इस सड़क का दो साल पहले पालिका प्रशासन ने मरम्मत करवाया था और नाले का निर्माण भी करवाया था। ठेकेदार ने इतनी मनमानी की कि कुछ ही महीनों में यह सड़क व नाला दोनों धराशायी होने लगे। पंकज चौधरी, मनोज कुमार, विवेक कुमार व शंभू चौधरी आदि नागरिकों ने बताया कि दो महीने बाद ही इसकी शिकायत पालिका व जिला प्रशासन से किया लेकिन किसी ने भी गंभीरता नहीं दिखाई। नतीजतन इन दिनों पूरी सड़क जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और हम लोगों का आवागमन बाधित होने लगा है। जबकि इसी मार्ग से शहर के राहगीर चननी, कैली चिकित्सालय व आरटीओ दफ्तर तक का सफर तय करते हैं। नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बताया कि क्षीरसागर तक सड़क बनी है। जल्द ही आगे की सड़क का सर्वे करवाकर मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। ताकि राहगीरों को हलकान न होना पड़े।

# घोटालों के स्वर्ण युग के लिए घोटाले वाली पार्क का स्वर्ण युग

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** शहर के अम्बेडकर पार्क का सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग 2 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका।कार्यदायी संस्था ने बाउंड्री वॉल पर जाली तथा काम के नाम सिर्फ इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है।सौंदर्यीकरण के नाम पर अब तक पथ-वे का ही निर्माण कराया जा रहा है, वह भी गुणवत्ता विहीन है। इस 2 करोड़ के बजट में पार्क के अंदर क्या-क्या कार्य होने हैं इसके बारे में विभाग की जिम्मेदार अधिकारी बताने में असमर्थ रहे। जबकि जिले के जिम्मेदार जिला अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लगातार जनपद में तैनाती लेने के पश्चात जनपद के विकास के लिए 24 घंटे तत्पर रहकर कार्य किया जा रहा है फिर भी भ्रष्टाचारी अपने भ्रष्टाचार को दिखाने में कामयाब हो रहे हैं।

**पार्कों के निर्माण पर लाखों खर्च, लेकिन देखरेख नहीं**

पिछले 10 साल में शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार, निर्माण आदि काम पर लाखों रुपए खर्च कर चुकी है। लेकिन इन 10 सालों में शहर का पार्क पर एक रुपया खर्च नहीं किया। उल्टा पार्क बिना देखरेख के कारण उजड़ गया। जबकि 10 साल पहले शहर के अंबेडकर पार्क हरे भरे थे, फूलों, छाया के पेड़ लगे थे, फव्वारे भी चलते थे। लेकिन धीरे-धीरे इनके बुरे दिन आने शुरू हो गए और पार्क वीरान हो गए। अब पार्कों में लोग जुआ खेलते हैं, पार्क में जोड़ों के साथ भी हमेशा देखे जा सकते हैं तथा शराब पीते हैं और टॉयलेट के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जनपद मुख्यालय के अम्बेडकर पार्क को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खुद मेहनत कर रुचि दिखाकर संवारने का कार्य किया जा रहा है जो आज अंबेडकरनगर की शान है। जिसकी चौतरफा लोगों द्वारा प्रशंसा भी की जा रही है। कहीं जिम्मेदार विभाग जिला अधिकारी की मंशा को पलीता लगाने में तो नहीं जुटे हुए हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मोहनलालगंज लोकसभा सपा प्रत्याशी आर0 के0 चौधरी ने तेलीबाग में किया जनसंम्पर्क



**लखनऊ-** इंडिया गंठबंधन मोहनलाल गंज सपा के लोकसभा प्रत्याशी आर0 के0 चौधरी के साथ सरोजनी नगर के पूर्व सपा विधायक प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा के साथ इंडिया गठबंधन के सभी क्षेत्रीय पूर्व पार्षद प्रत्याशी कांग्रेस जिला महासचिव पूर्व पार्षद प्रत्याशी एस0 के0 द्विवेदी , खरिका वार्ड प्रथम से उपविजेता मो0 शकील , पूर्व पार्षद प्रत्याशी श्याम सिंह , पूर्व पार्षद प्रत्याशी सपा से मनोज पाल सपा के पदाधिकारी गोलू , सपा नेता टीटू, तथा तमाम सम्भ्रांत जन एवं नेता गण ने मिलकर तेलीबाग में सपा के लोकसभा प्रत्याशी आर के चौधरी का कराया जनसंम्पर्क तथा सभी से मिलकर दिया घोषणापत्र। इस जनसंम्पर्क के कार्यक्रम में काफी संख्या में इंडिया गठबंधन के नेतागण एवं पदाधिकारी गण तथा व्यापारी गण उपस्तिथ रहे।

## शौंच गयी बालिका को भगा ले जाने पर माँ ने दी तहरीर


**महमूदाबाद-सीतापुर** थाना सदरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रण्डा खुर्द निवासिनी एक महिला ने अपनी पुत्री को भगवा देने व भगा ले जाने का आरोप गाँव के ही दो युवको पर लगाया है। पुत्री की माता द्वारा गुरुवार को थाना सदरपुर में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री रानी (बदला हुआ नाम) उम्र करीब 16 वर्ष घर से शौंच करने के बहाने गांव के पड़ोस खेतो की तरफ गई थी। उसका आरोप है कि गावँ के ही सोनू उर्फ आर.के. पुत्र राजेन्द्र उसकी पुत्री को अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले गया है और उसकी पुत्री को भगवाने में विपक्षी के परिवार के ही अनिकेत पुत्र सुरेश का पूर्ण रूप से सहयोग रहा है। लड़की की माँ ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की परन्तु उसका कही पता नही चल पाया है। सदरपुर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेंड्स परिवार ने यूपी बोर्ड के टॉपर्स को दिए मेडल व प्रशस्ति पत्र



**महमूदाबाद**-सीतापुर।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल की टॉपर प्राची निगम एवं इंटरमीडिएट के टॉपर शुभम वर्मा सहित लगभग 120 स्टूडेंट्स को ट्रेंड्स परिवार महमूदाबाद द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के अध्यक्ष व पत्रकार अनुज कुमार जैन एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र एवं छात्राओं को पुरुष्कृत किया। इस मौके पर आए अतिथियों सहित अन्य शिक्षक समर सिंह, अनुराग शुक्ल, अंकित शर्मा, विजय यादव व तुषार तिवारी का सम्मान ट्रेंड्स परिवार के प्रबंधक सुधीर धुरिया द्वारा किया गया। सभी सम्मान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उन्हें और परिश्रम कर प्रदेश का नाम रोशन करने की प्रेरणा देते हुए शुभकामानाएं दी।

## आगजनी में दो घर जल कर खाक बिजली के सार्ट सर्किट से नहर चौराहा का एटीएम बना आग का निशाना



**मिश्रिख (सीतापुर)** विकासखंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत मुड़ियारा के मजरा नौआ खेड़ा में अचानक आग लगने से दो घर जलकर खाक हो गए है। आपको बदा दें कि ग्राम नौआखेड़ा में रहने वाले उसमान और इमरान पेशे से कला बाज है। आग लगने से उनकी चार बकरी 2 कुंटल गेहूं समेत पूरा घर जलकर खाक हो गया है। घर के अंदर रखी खाद्यान्न सामग्री भी जल कर खाक हो गई है। वही जानकारी पाकर मिश्रिख मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा शन्नो देवी लोकसभा प्रभारी सीमा पहुंची और पीड़ितो को सरकार द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वही यहां के प्रधान प्रतिनिधि राजन मिश्र ने बताया है कि लेखपाल से सर्वे करा दिया गया है सभी को ग्राम पंचायत व्दारा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है किसी प्रकार की दिक्कत नही होने दी जाएगी। वहीं आज कस्बा मिश्रिख के नहर चौराहा पर स्थित एटीएम में बिजली के कार्ड सर्किट से आग लग गई। जिससे वह अचानक घूं घूं कर जलने लगा। पड़ोस के लोगों ने फायर यूनिट मिश्रिख को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे काफी नुकसान होने से बच सका।

# दिल्ली पुलिस के हवलदार ने मधुबन चौंक पर खोला पहला हेल्मेट बैंक

स्वतंत्र प्रभात

**राजधानी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस के एक हेडकांस्टेबल ने सडक हादसों को रोकने के मकसद से हेल्मट बैंक बनाया है। इस हेल्मट बैंक के तहत कोई भी शख्स अपना पहचान पत्र दिखाकर 24 घंटे के लिए आईएसआई मार्क वाला हेल्मट ले सकता है। यह हेल्मट बैंक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुलता है। इस बावत हेल्मट बैंक के संचालक हेडकांस्टेबल संदीप शाही ने बताया कि सडक हादसों में सबसे ज्यादा मौत दुपहिया सवार एवं पीछे बैठने वालों की होती है। इसका सबसे बडा कारण बाईक,स्कूटी चलाते वक्त हेल्मट नई पहनना या निम्न स्तर का हेल्मट पहनना है। आंकडे के मुताबिक बीते साल सडक हादसों के दौरान बतौर दोपहिया चालक के करीब 1457 लोगों की मौत हुई थी। हवलदार संदीप शाही के मुताबिक इस अभियान का मकसद सिर्फ और सिर्फ नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। संदीप लगातार अभियान को चला रहे हैं। आम लोगों द्वारा हवलदार संदीप शाही की हेल्मट बैंक को चलाने की पहल का जबरदस्त स्वागत कर रहे हैं। साथ ही





हेडकांस्टेबल संदीप को उनके इस अभियान के लिए सरहा भी रहे हैं। संदीप को हेल्मेट बैंक खोलने का आईडिया कैसे आया? इस सवाल पर हेडकांस्टेबल संदीप ने बताया कि दरअसल एक बार मेट्रो से सफर के बाद उन्हें अपने मित्र के साथ मोटरसाइकिल से जाना था। और मेरे पास हेल्मेट नहीं था। तभी संदीप ने सोच लिया था कि इसको लेकर कुछ करेंगे। उसी आईडिये को आज जमीन पर उतार दिया है। और हेल्मेट बैंक की शुरूआत कर दी है। संदीप ने बताया कि जीवन सुरक्षा के मद्देनजर दोपहिया वाहन में चालक और सवारी को हेल्मेट लगाना जरूरी है। मगर जल्दबाजी या क्या फर्क पडता है? देखा जाएगा जैसी सोच के साथ बिना हेल्मेट ही यात्रा कर अपनी जान जोखिम में डाल लेते हैं। इसके लिए हेडकांस्टेबल संदीप शाही को बाकायदा पुलिस कमिश्नर की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा संदीप को समय-समय पर इनाम के रूप में मिली राशि का उपयोग उन्होने इस हेल्मेट बैंक को खोलने में ही इनवेस्ट कर दिया है। बता दें कि हेडकांस्टेबल संदीप शाही दिल्ली पुलिस की पुलिस कंट्रोल रूम( पीसीआर ) यूनिट में तैनात है। संदीप के मुताबिक वह पिछले 7 सालों से लगातार सडक दुर्घटनाओं को कम करने के प्रयास में लगे हुए है। वह बाकायदा अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ,रक्षाबंधन ,जैसे खुशियों के मौके पर हेल्मेट बांटते है। उन्होंने बताया कि वह अब-तक करीब 2400 हेल्मेट बांट चुके हैं।

# भारत स्काउट्स और गाइड्स, उ0प्र0 ने धूमधाम से मनाया मतदाता महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, जनपद लखनऊ द्वारा लोक सभा निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु आज मतदाता महोत्सव का आयोजन सेन्टीनियल इण्टर कालेज गोलागंज लखनऊ में किया गया। मतदाता महोत्सव का शुभारभ जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र द्वारा प्रातः 10:30 बजे किया गया। मतदाता महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों द्वारा मेहदी चैपाल, पोस्टर चैपाल, रंगोली चैपाल तथा हस्तकला चैपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इण्टर कालेज, सुभाष मार्ग की गाइडस द्वारा नुककड़ नाटक व संगीत का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया तथा आगन्तुकों ने स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाये गये सैल्फी पाइन्ट पर फोटो भी खिचवाई।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार ने मतदाता महोत्सव का निरीक्षण करने के पश्चात संस्था के सचिव अनिल शर्मा को इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि इतने कम समय बहुत अच्छी तैयारी की गई है तथा महोत्सव में सम्मलित स्काउट्स व गाइड्स से मतदान हेतु अपने अपने माता पिता व आस पास के सभी वस्यक सदस्यों से दिनांक 20 मई, 2024 को मतदान हेतु निरन्तर आग्रह करते रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि यदि आपके पास वोटर आई0डी0 कार्ड नहीं है, तो आप किसी भी वैध आई0डी0 से मतदान कर सकते है। जिला सचिव अनिल शर्मा ने महोत्सव में उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभी से शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र ने विभिन्न विद्यालयों से आये स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाई गई महेंदी, रंगोली, पोस्टर व नुक्कड नाटक की भूरि-भूरि प्रंसशा की तथा संस्था के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई थी। महोत्सव का संचालन डी0ओ0सी0 (गाइड) मधु पाण्डेय ने किया। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र,जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, पायनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या एवं संस्था की उपाध्यक्षा शर्मिला सिंह, ए0एस0ओ0सी0 लखनऊ मण्डल पूनम संन्धू, प्रधानाचार्या, शाशि भूषण गर्ल्स इण्टर कालेज, लालकुँआ एवं जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल, सयुंक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव, डी0ओ0सी0 (गाइड) मधु पाण्डेय, डी0टी0सी0 गाइड रीता मौर्या, व जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ रोवर/रेंजर उपस्थित रहे।

# मारपीट के दौरान आधा दर्जन घायल, वीडियो हुआ वायरल

**● - शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच चली लाठियां**

**महमूदाबाद कोतवाली इलाके का पूरा मामला**

स्वतंत्र प्रभात



**महमूदाबाद-सीतापुर** कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर वार्ड में बुधवार देर शाम दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। आपसी रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दोनों पक्षों के तीन लोगों की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि नूरपुर वार्ड के रहने वाले निजामुद्दीन और इस्माइल आपस में साढ़ू हैं। कुछ दिन पूर्व किसी बात को लेकर इन दोनो के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने निजामुद्दीन के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की थी। बुधवार देर शाम एक शादी मे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद हो गया, जिसमें जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष में करीब आधा दर्जन लोग दोनों ओर से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। खूनी संघर्ष में निजामुद्दीन का बेटा समीर और इस्माइल के पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मियों के साथ हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**● - मतदाता जागरूकता में सफाई कर्मचारियों का अहम योगदान- डीएम**

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रसखान प्रेक्षागृह में जनपद के सफाई कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मतदाता जागरूकता में सफाई कर्मचारियों का अहम योगदान रहा है। कुण्डी खटकाओ टीम मतदाताओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। मतदान अधिकारी के रूप में सभी सफाई कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बूथों की साफ सफाई में अपना योगदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि कि सफाई कर्मी स्वयं अपने लोकतान्त्रिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें। बूथ पर पानी की टंकी आदि की सफाई कर लें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि 13 मई दिन सोमवार याद रखें और अन्य लोगों को भी यह तिथि कंठस्थ करा दें। जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि सफाई कर्मी बूथों पर सफाई का विशेष ध्यान दें। बूथ पर यदि कोई मालवा आदि है तो उसे हटवा दें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सफाई कर्मियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवंशों से परेशान किसान करेगा भाजपा का सफाया- प्रदेश सचिव

**● - शाहिद खान प्रदेश सचिव समाजवादी अल्पसंख्यक सेल**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई** में सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शाहिद खां ने महंगाई, बेरोजगारी पर भाजपा को घेरते हुए कहा पूरे प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सफाई होने वाला है जनता जागरुक हो चुकी है जनता जनार्दन ने भाजपा का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया है। श्री खान बिल्किस गर्ल्स इंटर कॉलेज में अमृत विचार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा शाहाबाद में 6 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में प्रधान, बीडीसी और सरकारी तंत्र ने सरकार के दवाब में जबरदस्ती भीड़ इकट्ठा की। लेकिन जनता पर उनका कोई जादू नहीं चल पाया। इसके बावजूद हरदोई की दोनो सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं। 8 मई को सांडी के लखपेड़ा बाग में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में पहुंचे लाखों लोग इसकी गवाही दे रहे हैं। भाजपा ने मंहगाई, बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया है। देश का अन्नदाता भाजपा के मुख्यमंत्री के आदेश के भय से रात भर खेत में रहकर अपनी फसल बचाने को मजबूर है।सरकार ने युवाओं के लिए दस साल में



एक भी रोजगार की व्यवस्था नहीं की।भाजपा ने किसान की आय दोगनी करने का वादा किया लेकिन किसान की आमदनी और कम कर हो गई ।भाजपा की इन नीतियों के विरोध में इस बार देश भर में भाजपा को सत्ता से हटाने का काम जनता कर रही है।

# कानपुर में अखिलेश और राहुल की संयुक्त जनसभा आज

**● - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के बाद अपने प्रचार को हल्का महसूस कर रहे थे गठबंधन के प्रत्याशी।**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** आज 10 मई को कानपुर में चुन्नी गंज स्थित जीआईसी ग्राउंड पर राहुल गांधी और सपा सुप्रीमो संयुक्त रुप से एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए छावनी क्षेत्र के विधायक मो. हसन रुमी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

कानपुर में गठबंधन की अभी तक कोई बड़ी जनसभा नहीं हुई थी जब कि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो कर चुके हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जनसभाएं कर चुके हैं। कल अखिलेश यादव ने अकबरपुर क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित किया था। लेकिन अभी तक राहुल गांधी का कोई कार्यक्रम कानपुर में आयोजित नहीं हुआ। विधायक रुमी के अनुसार यह जनसभा जीआईसी ग्राउंड पर दोपहर एक बजे से शुरू होगी।

जनसभा को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी संयुक्त रुप से संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के बाद कानपुर में गठबंधन अपने आप को हल्का महसूस कर रहा था। लेकिन शायद इसकी शिक़ायत कानपुर के कांग्रेस और सपा के नेताओं ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

# डीजी कारागार डॉ. एस.एन. साबत का डीजी सीबीसीआईडी पद पर स्थानांतरण

**● - 14 माह तक डीजी कारागार पद पर रहे डॉ. साबत, अब सम्हालेंगे सीबीसीआईडी की कमान। नम आंखों से लोगों ने दी बिदाई।**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की धरती में कारागार प्रशासन के पद पर तैनात यूपी पुलिस के सौम्य हृदय के ईमानदार छवि कर्तव्यनिष्ठ,निष्पक्ष कार्यशैली वाले जनलोकप्रिय,वर्ष 1990 बैच के बहुमुखी प्रतिभा के धनी सीनियर आईपीएस अफसर डॉ.एस.एन.साबत का पुलिस महानिदेशक सीबीसीआईडी उत्तर प्रदेश के पद स्थानांतरण हो गया है। डॉ . साबत को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समारोह का आयोजन कर साथ बिताए पलों को सांझा किया साथ ही फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रतीक चिन्ह देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने नम आंखों से भावभीनी विदाई दी। निवर्तमान पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन ने 14 महा के सेवाकाल में कारागार विभाग में एक नई इबारत लिखी और आने वाली हर बड़ी से बड़ी चुनौतियों से भली प्रकार से निपटने के साथ अपना व्यवहार मृदुल करने को याद किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक कारागार एवं प्रशासन डॉ.एस.एन.साबत कार्यशैली प्रदेश में किसी भी व्यक्ति से छुपी नहीं है। उन्होंने संस्कृती, अध्यात्म, सभ्यता को अपने हृदय में समेटे तीर्थराज प्रयागराज जोन की पवित्र धरती में एडीजी पद पर तैनाती के समय पूरे विश्व को एकता का संदेश देने वाले, करोड़ों की भीड़ के कुशल प्रबंधन का गवाह महाकुंभ मेला वर्ष-2018-19 को शानदार व्यवस्था के साथ सफल आयोजन करवाने के साथ ही लोकसभा चुनाव वर्ष-2019 के चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व अयोध्या जैसे देश और दुनिया के सबसे चर्चित मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बेहतर तरीके से कानून-व्यवस्था को लखनऊ ज़ोन के सभी जनपदों में बनाये रखा।

खीरी जिले में किसान आंदोलन से जुड़ी घटना को बहुत ही सूझबूझ लीड करने का काम किया था। वहां आजाद भारत के ऐसे



आईपीएस अफसर है,जिन्हें अच्छी पुलिसिंग के लिए देश के महामहिम राष्ट्रपति पुलिस मैडल तथा संयुक्त राष्ट्र संघ पीस अवार्ड व देश और प्रदेश के वरिष्ट जनों के हाथों सम्मानित होने का गौरव प्रप्त कर चुके है। विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके कुशल नेतृत्व में कारागार विभाग को एक नई उड़ान देने के साथ ही अभूतपूर्व सुधार करना एवं जेल का अपना सेपरेट जेल एक्ट तैयार करने, उपेक्षा का शिकार रहे कर्मचारियों को प्रदेश और देश में सम्मान दिलाने के साथ उनके पद तथा कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान एवं महत्व दिलाना,पुलिस महानिदेशक कारागार एवं प्रशासन डॉ.एस.एन.साबत के चौदह महा के इस छोटे से कार्यकाल में पिछले 24 वर्षो से खराब और जर्जर पड़ी व्यवस्थाओं को अगले 50 वर्षो के लिए सुधार दिया है।

# कानपुर की सड़कों पर अतिक्रमण का जिम्मेदार कौन

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज हम बात कर रहे हैं स्मार्ट सिटी कानपुर के एक प्रमुख चौराहा की, जो सी. टी. आई. के नाम से जाना जाता है। यहाँ से आप कानपुर सेंट्रल, झकरकटी बस अड्डा, विजय नगर, रावतपुर, कल्यानपुर, बर्रा-6, 7 व 8, जरौली, रतनलाल नगर, दबौली, गुजैनी के लिये आप आटो, विक्रम, ई-रिक्शा आदि से जा सकते हो। सी. टी. आई. चौराहे की मार्केट से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की उपलब्धता हमेशा रहती है अर्थात आवश्यकताओं की दृष्टि से यह चौराहा बहुत ही महत्वपूर्ण है। लेकिन, अगर आप अपने वाहन से यहाँ आते हैं और सामान खरीदने के दौरान उसे खड़ा करने की जगह खोजते हैं तो शायद ही कुछ जगह उपलब्ध हो पाये!! कारण यह है कि यहाँ की दुकानों का क्षेत्रफल भले ही 10 वर्ग मीटर हो लेकिन यहाँ के दुकानदारों द्वारा पूरे फुटपाथ पर



अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसके साथ ही आटो, विक्रम, ई-रिक्शा की अराजकता किसी से छुपी नहीं है। उनको तो पूरे शहर में हर तरह की छूट मिली हुई है। ऐसे में अगर आपने अपने वाहन को मजबूरी में सड़क पर खड़ा कर दिया तो प्रबल सम्भावना यह रहती है कि यातायात पुलिस द्वारा आपके निजी वाहन का चालान 'नो पार्किंग' के तहत किया जा सकता है अथवा सड़क पर वाहन खड़ा करने पर पुलिस के जवानों की डांट का सामना करना



पड़ सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि सड़क के दोनों तरफ का अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था सम्भालने की जिम्मेदारी लेने वाली यातायात पुलिस व कानपुर नगर निगम को क्यों नहीं दिखता? उन्हें नो पार्किंग में खड़ा निजी वाहन ही क्यों दिखता है ? गौरतलब हो कि ऐसे नजारे सिर्फ सी. टी. आई. चौराहे पर ही नहीं देखे जा सकते हैं बल्कि कानपुर स्मार्ट सिटी के प्रमुख चौराहों पर भी देखे जा सकते है।

# सपा अधिवक्ता सभा ने अखिलेश यादव को जिताने की भरी हुंकार, मांगे वोट

**● - सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यादव ने सपा सरकार के गिनाए विकास कार्य**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर देहात।** ( जितेन्द्र सिंह ) समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव व प्रदेश सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव ने अधिवक्ताओं से मिलकर कन्नौज लोक सभा से सपा प्रत्याशी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वोट देकर भारी बहुमत से चुनाव जिताने की अपील की। रसूलाबाद में अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव व जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सरकार में अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर बहुत कार्य किये। अधिवक्ता भवनों से लेकर कई तहसीलों का निर्माण कराये गए।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में रसूलाबाद विधान में हवाई जहाज उतरने के लिए हवाई पट्टी के निर्माण से लेकर जनता के आवागमन में असुविधा को देखते हुए नदियों पर आठ पुलों का निर्माण आई टी आई फायर बिग्रेड केंद्र 132 विद्युत



सब स्टेशन वीवीआई गेस्ट हाउस से नगर नगर में चौड़ी सड़को का जाल बिछाकर यहां की जनता को शहरों की भांति सुविधाएं दी इस लिए क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव को अपना मत दें। अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव ने कहा कि भाजपा के राज में अन्न दाता दुखी देखा जा रहा है। किसानों ने जब अपनी आवाज उठाई पर उस पर अत्याचार किये गए सड़कों पर कीले लगाई गई। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जनता के लिए बहुत अहम है क्यो की भाजपा संविधान व लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई है इस लिये हम अधिवक्ता साथी आपको सचेत कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश यादव को जिताने के लिए वोट मांगने आये है।

सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव हैदर अब्बास ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूंजी पतियों का 16 हजार करोड़ का कर्जा माफ किया और इस सरकार में चंद



पूंजीपति गरीबों का हक लूट रहे है। सपा लोहिया वाहिनीं के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा के राज में सभी लोग मंहगाई बेरोजगारी से पीड़ित है भाजपा सरकार ने सभी नौकरियां समाप्त कर युवाओं को बेरोजगार कर दिया है। उन्होंने अधिवक्ता बन्धुओं से सपा प्रमुख को चुनाव जिताने की अपील की। इससे पहले सपा अधिवक्ता सभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यादव द्वारा फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर रब्बानी खान सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव सर्वेश सिंह ललित यादव प्रोफेसर दिग्विजय सिंह यादव अनूप कुमार ,वीपी सिंह समर जीत सिंह कमलेश गौतम हुकुम सिंह बलराम सिंह चौहान प्रदीप कुमार शर्मा फैजान खान अरविंद सिंह यादव राजेश सिंह सरस सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत मतदान हेतु चलाया गया घर-घर मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान के लिए किया गया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देशानुसार ए0 एन0 डी0 टी0 टी0 पीजी कॉलेज सीतापुर द्वारा नगर के दौलतपुर गांव को गोद लिया गया और उसी के तहत आज दिनांक 9 मई 2024 को बीएड एवं एमएड के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर एसपी सिंह तथा स्वीप संयोजक डॉक्टर अरविंद प्रकाश के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु घर-घर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि 13 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद सीतापुर में मतदान अवश्य करें। इस अभियान में प्राध्यापक गण प्रोफेसर प्रनिता सिंह,प्रोफेसर सुनील कुमार, डॉ दीपा अवस्थी, डॉ नितिन कुमार पांडे, डॉ मोहम्मद इमरान, श्रीमती राज कीर्ति रस्तोगी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी पट्टियां और बैनर लेकर और हर एक मतदाता से संपर्क कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई



क्योंकि लोकतंत्र में प्रत्येक मत की अहम भूमिका होती है सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही देश सही मायने में विकास की ओर उन्मुख हो सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बेकाबू डंपर ने एक बाइक पर सवार चार युवकों को कुचला, दो की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के कानपुर रोड पर निहस्था गांव के निकट बुधवार की देर रात तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने एक बाइक पर सवार चार युवकों को कुचल दिया। जिससे दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। हसन (30) पुत्र अनुकूल, राहुल शेख (28) पुत्र साबुरूल शेख , सईद शेख (32) पुत्र चारुल शेख , कईस शेख (24) पुत्र बबलू शेख निवासी चांदपुर, थाना ताला जिला मुर्सिदाबाद,पश्चिम बंगाल एक ही बाइक पर सवार हो कर गंगा एक्सप्रेस वे पर काम करके अपने आवास आ रहे थे, जैसे ही वे एनएच 232 ए पर निहस्था गांव के ओवर ब्रिज पर पहुंचे, उल्टी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चारो युवक डंपर के नीचे आ गए।जिसमे राहुल शेख पुत्र साबुरूल शेख ,हसन पुत्र अनुकूल शेख की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।वही घायल दोनो युवकों को एम्बुलेंस से सीएचसी लालगंज पहुंचाया गया।जहा दोनो युवकों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। वही डंपर चालक शनि यादव को हिरासत में ले लिया गया है। डंपर पुलिस के कब्जे में है।

### प्रभू खाटू श्याम के दर्शन के लिए साइकिल से रवाना हुए भक्त



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के शांति नगर मोहल्ला निवासी राजेश गुप्ता उर्फ खन्ना व उनके साथी आशू सोनी बुधवार की शाम को प्रभु खाटू श्याम के दर्शन के लिए साइकिल से रवाना हुए। कस्बे से निकलते समय श्याम भक्तों ने उनका जगह-जगह स्वागत कर उत्साह बढ़ाया। दोनों श्याम भक्त कस्बे के बरदाही मोहल्ला स्थित भगवान खाटू श्याम के मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर यात्रा आरंभ की। यहां से सालासर राजस्थान वह करीब 850 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद मंदिर पहुंचेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्याम भक्त मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग के द्वारा पचपेड़वा क्षेत्र के कई गावो में चला परिवर्तन अभियान

### आगामी चुनाव को लेकर आबकारी व पुलिस संयुक्त अभियान में 25 लीटर अवैध शराब पकड़ा और 120 किलो लहन किया नष्ट



**आबकारी** विभाग ने थाना पचपेड़वा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों में प्रवर्तन अभियान चलाया। जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद बलरामपुर में स्वतंत्र,निष्पक्ष,सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को थाना पचपेड़वा के अंतर्गत गांव खदगौरा में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक प्रमिला रावत प्रधान आबकारी सिपाही अमित मिश्रा आबकारी सिपाही प्रदीप कुमार,अजय कुमार के साथ दबिश दी7 दबिश के दौरान 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 120 द्मद्द लहन मौके पे नष्ट किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

# बखौफ चोरों ने मन्दिर को निशाना बनाकर पार कर दिए 100 से अधिक घण्टे

**● आक्रोशित श्रद्धालुओं ने की कार्यवाही की मांग**

**हो रही सिलसिलेवार चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल**



स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र में हो रही सिलसिलेवार चोरियों से शिवगढ़ क्षेत्र थर्रा उठा है। जिन पर अंकुश लगाने में शिवगढ़ पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले इस कदर बुलन्द है कि बेखौफ चोरों ने बड़े बाबा के प्राचीन कालीन मन्दिर को भी नहीं छोड़ा जहां बीती बुधवार की रात्रि चोरी की वारदात को अंजाम देकर 100 से अधिक पीतल के घण्टे व बक्से में रखें करीब 5000 रुपए नगदी पार कर दिए हैं, मन्दिर में चोरी होने से श्रद्धालुओं में गहरा रोष प्राप्त है। तीन दिनों से लगातार हो रही चोरियों की वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। गौरतलब हो कि सोमवार- मंगलवार की मध्य रात्रि जहां चोरों ने शिवगढ़ थाने से 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मनऊखेड़ा में तीन घरों को निशाना बनाकर 32000 रुपए नगदी, पीतल के बर्तन सहित लगभग 8 लाख के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए थे। वहीं बुधवार को दिनदहाड़े थाना क्षेत्र के बांदा - बहराइच हाईवे पर स्थित गूढ़ा मार्केट में प्रियंका गांधी की नुक्कड़सभा में प्रियंका गांधी का संबोधन सुन रहे पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत कि जेब से चोरों ने 30000 हजार रुपए नगदी वहीं पास में खड़े इसी गांव के मोहम्मद साबिर की जब से चोरों ने 11000 रुपये नगदी पार कर दिए थे। सबसे बड़ी बात है कि जिस समय चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया प्रियंका गांधी की नुक्कड़सभा में भारी तादाद में पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे। पुलिस पिछली चोरियों का खुलासा भी न कर पायी थी कि बीती बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने जयचन्दपुर मजरे बैंती स्थित बड़े बाबा के प्राचीन कालीन मन्दिर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर 100 से अधिक पीतल के घण्टे व ताला तोड़कर कमरे के अन्दर बक्से में रखें दानपत्र के करीब 5000 रुपए नगदी पार कर दिए हैं। गुरुवार की प्रातः श्रद्धालुओं को मंदिर में हुई चोरी की जानकारी मिली तो श्रद्धालुओं में हड़कम्प मच गया। रामचन्दर सहित आक्रोशित श्रद्धालुओं ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# चोरियों का खुलासा करने में नाकाम शिवगढ़ पुलिस

**● खाकी के ऊपर से उठता जा रहा जनता का विश्वास**



स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़ (रायबरेली)** शिवगढ़ पुलिस की निष्क्रियता एवं लचर कार्यशैली से चोरों के हौंसले बुलन्द हैं। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। बीते मार्च और अप्रैल माह में हुई आधा दर्जन से अधिक चोरियों का खाक छानती फिर रही खाकी अभी तक खुलासा भी नहीं पाई थी कि बीते तीन दिनों में बेखौफ चोरों ने सिलसिले वार चोरी की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खुल गई है।

**केस नम्बर एक-** 12 मार्च को रानीखेड़ा के तिवारी मार्केट में चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों का सामान पार कर दिया था। चोरी की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई थी। दुकानदारों ने शिवगढ़ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। किन्तु पुलिस ने इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया मुकदमा न दर्ज होने से चोरों के हौसले बुलन्द होते गए।

**केस नम्बर 2**

8 अप्रैल को पूरे बरजोर मजरे बसंतपुर सकतपुर में बेखौफ चोरों ने रामसनेही व कल्लू के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर 10 हजार की नगदी सहित 2 लाख के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए थे रामसनेही व कल्लू ने शिवगढ़ थाने में चोरी तहरीर दी लेकिन पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं दर्ज किया गया न ही कोई खुलासा किया गया।

**केस नम्बर 3**

15 अप्रैल को बेखौफ चोरों ने तीसरी बार गोविंदपुर के मिनी सचिवालय में चोरी की वारदात को अंजाम देकर एलईडी सहित लाखों का सामान पार कर दिया था जिसके संदर्भ में ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा नहीं दर्ज किया। इस चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिया गया जिससे चोर को पहचाना जा सकता है लेकिन पुलिस एक माह बीतने को है अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है।

**घटना नम्बर- 4 =7 मई की रात**

शिवगढ़ थाने से 1 किमी की दूरी पर स्थित मनऊखेड़ा मजरे नगर पंचायत शिवगढ़ में बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 32000 रुपए नगदी सहित करीब 8 लाख के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिया।

**घटना नम्बर-5** 8 मई को थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे किनारे स्थित गूढ़ा बाजार में प्रियंका गांधी की नुक्कड़सभा से पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत की जेब से चोरों ने 30000 रुपये नगदी व इसी गांव के रहने वाले साबिर की जेब से 11000 रुपये नगदी उड़ा दिए।

**घटना नम्बर- 6** 9 मई की रात बेखौफ चोरों ने थाने से एक किमी की दूरी पर जयचन्दपुर मजरे बैंती स्थित बड़े बाबा के मन्दिर को निशाना बनाकर मंदिर में बंधे 100 से अधिक घण्टे व बक्से में रखे करीब 5000 रुपये पार कर दिए। पुलिस की लचर कार्यशैली से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। सबसे बड़ी विडम्बना है कि लगातार

चोरियां हो रही है फिर भी पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। लगातार हो रही चोरियों से लोगों का विश्वास खाकी से उठता जा रहा है।

थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि जल्द चोरियों का खुलासा किया जा रहा है। पुलिस इस पर बराबर काम कर रही है।

# श्री बरखण्डी विद्यापीठ में मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न

**●मेधावी छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक अर्जित कर क्षेत्र को किया गौरवान्वित - राजकुमार गुप्ता**



स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ में मेधावी सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वोच्च अंक पाने वाले हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के 5 - 5 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती व विद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा हाईस्कूल की यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा कु.उदिता सिंह 91 प्रतिशत, मुख्तार अली 88.33 प्रतिशत, अंश प्रताप सिंह, दिव्यांशी पाठक और सौरभ को सम्मानित किया गया,इसी क्रम में इण्टरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के पांच टॉपर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिनमें अंतिमा सिंह 84.4 प्रतिशत,सरदार अली 83.4 प्रतिशत, अंकेश 82.5 प्रतिशत, आरोही बाजपेई 82.5 प्रतिशत, पुष्पेंद्र 81.8 प्रतिशत, इसके अतिरिक्त भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय की टॉपर कक्षा 12 की छात्रा नैना को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए अवगत कराते हुए बताया कि इस बार हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट का परीक्षा फल काफी अच्छा रहा है, विशेष रूप से कृषि वर्ग का, जिसका परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा है। जिसमें से आधे से अधिक छात्र - छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय के 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके अपने परिवार,क्षेत्र और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस मौके पर शिक्षक लक्ष्मी नारायण,भूपेंद्र कुमार, डॉ.बृजेश सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह,अभिषेक मिश्रा, अभयराज सरोज, ओम प्रकाश सिंह,प्रमोद सिंह,जगत बहादुर सिंह,राम सजीवन पटेल विकास वर्मा, विजय कुमार,अजय कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह,आनंद कुमार सत्येंद्र सिंह, योगेश झा, जय जीत सिंह,पवन सिंह, ओम प्रकाश,अंबरीश सिंह,अरुण कुमार सिंह,प्रधान लिपिक राज बहादुर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# छानबे क्षेत्र के निफर गाँव में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर, जिगना ।** एमएम मृत्यु छानबे क्षेत्र के निफरा गाँव में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में पहले मतदान फिर जलपान, शत-प्रतिशत मतदान मिर्जापुर की शान जैसे नारे लगाए गए। प्रधानाध्यापक मनीष कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने हाथों में शत-प्रतिशत करना मतदान-तभी बनेगा भारत महान जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लिए गाँव की गलियों में चक्रमण कर रहे थे। बच्चों के साथ कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी रैली में जोश के साथ भाग लिया। प्रधानाध्यापक मनीष कुमार पांडेय आंगनबाड़ी रीता देवी,मंजू देवी,रमेश कुमार कृष्ण कुमार राजमणि बिंद हरीनाथ कैलाश नाथ सुरेश चंद्र यादव अनिल सरोज



मनोज देवी निशा देवी दिलीप कुमार पटेल विजय शंकर गुप्ता सरोज सिंह ने रैली में भाग लिया।

# भाजपा सरकार में हुआ विकास अपार इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार - स्मृति इरानी

**● कमल का बटन दबाएं मुफ्त राशन, किसान सम्मन निधि, 5 लाख तक का इलाज आगे 5 साल तक पाएं**



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने शुकुल बाजार के खालिस बाहरपुर, इन्दरिया के कंचनगढ़, मांझ गांव के पन्ही, पाली के पूरे कुर्मी तथा टेंवसी में चुनावी जन चौपाल को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ता ने महोना में अमेठी सांसद का स्वागत किया। खालिस बाहरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद दीदी स्मृति जुबिन इरानी ने कहा कि लाखों गरीब परिवारों को प्रति माह मुफ्त राशन मिल रहा है, लाखों किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार किसान सम्मन निधि के तौर पर मिल रहा है, गरीबों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, और यह सब लगातार मिलता रहे इसके लिए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर केंद्र में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार को एक बेहतरीन कमल अमेठी से भी समर्पित करें। इस दौरान ग्रामीणों ने डेढ़ किलोमीटर पक्की सड़क की मांग की अमेठी सांसद ने कहा 4 जून को अधिसूचना समाप्त होने के बाद यह सड़क बनवाई जाएगी, वहीं इन्दरिया के कंचनगढ़ में चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए अमेठी सांसद ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति और अंतिम पायदान तक विकास की शत् प्रतिशत योजनाओं को पहुंचने का कार्य कर रही है, उन्होंने कहा भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले, राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने वाले, राम मंदिर को न मानने वाले लोग कह रहे हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो राम मंदिर के निर्णय को बदल देंगे, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जब तक है अगर किसी की भी हिम्मत है तो गौरीगंज में बने हनुमान मंदिर की ध्वजा पताका को छूकर दिखा दे, राम मंदिर तो बहुत बड़ी बात है । प्रधान भाई लाल द्वारा कंचनगढ़ से रामदीन पुरवा तक सड़क निर्माण की मांग की गई जिसे दीदी ने स्वीकार कर लिया। उन्होंने पन्ही में प्रधान जय सिंह के दरवाजे पर आयोजित चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा की अमेठी का सर्वांगीण विकास करना ही प्रमुख उद्देश्य है, उन्होंने बताया कि शुकुल बाजार से जगदीशपुर, शुकुल बाजार से रानीगंज, शुकुल बाजार से इन्हौना रेछ घाट संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया, पन्ही नांदी, पिछूती सहित अन्य स्थानों पर पीपी के पुल बनवाने का कार्य किया गया, पाली में पक्का पुल बनवाने का कार्य किया गया, शिवली से मां कामाख्या तक पक्की सड़क सहित मां कामाख्या धाम का सौंदर्यीकरण कराया गया, सड़कों का जाल बिछाया गया, ट्रामा सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, मेडिकल कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज, कई आईटीआई कालेज ,पिपरी गांव में बांध ,राजकीय इंटर कॉलेज, गौरीगंज में ओवर ब्रिज, एशिया की सबसे बड़ी कोका कोला फैक्ट्री, डायलिसिस सेंटर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय, सहित विकास के अनेक कार्य किए गए। वही हाल ही में खेममऊ के बूथ अध्यक्ष के भाई की मृत्यु हुई थी सूचना पर अमेठी सांसद बूथ अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। अमेठी सांसद ने अमेठी संसदीय क्षेत्र और जनपद के अंतिम छोर पर बसे नदी उस पार चार गांव पहुंची गांव वासियों का कहना है कि आजादी के बाद स्मृति इरानी पहली ऐसी सांसद हैं जो इन गांव में पहुंची है, इन गांव में अभी तक कोई भी सांसद नहीं पहुंचा था, उन्होंने कहा कि अमेठी सांसद द्वारा गोमती नदी पर पुल बनवाया जा रहा है जिससे हम लोगों के आवागमन में सहूलियत होगी, हम चार गांव के हजारों लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे तथा अयोध्या से अमेठी की दूरी घटेगी ,हजारों राहगीरों को फायदा होगा इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, भाजपा नेता एवं आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जयसिंह चंदेल,बीर सिंह ,जगदीशपुर विधानसभा संयोजक हेमंत विक्रम सिंह, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। उक्त सभी कार्यक्रमों में भारी जन समूह इकट्ठा रहा जिसने अमेठी सांसद के विचारों को सुना तथा जय श्री राम उद्घोष के साथ अबकी बार 400 पर नारे को साकार करने की बात कही।

# बाल-संसद कार्यक्रम के माध्यम से 78 हज़ार लोगों ने मतदान करने की ली शपथ

स्वतंत्र प्रभात

रमेश कुमार यादव



**बलरामपुर,** लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने को डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के 1814 परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा क्षेत्र के अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए बाल संसद का गठन किया गया । इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य दो उदेश्य थे जिसमे पहला बाल-संसद कार्यक्रम के ज़रिए हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का हिस्सा बनने के साथ-साथ प्रजातंत्र के मूल्यों और नेतृत्व के गुणों को सीखने का अवसर मिलेगा और साथ ही सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में भी मदद मिलेगी तथा बच्चों, अभिभावक एवं समुदाय का विद्यालय के प्रति अत्यधिक जुड़ाव भी बढ़ेगा। नये शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में बच्चों के अन्दर उमंग, उत्साह एंव जोश का संचार होगा एवं दूसरा बाल-संसद गठन की प्रक्रिया समापन के दिन पर विद्यालय द्वारा अभिभावकों, एसएमसी और समुदाय के लोगों को आमंत्रित कर लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 20 और 25 मई 2024 के दिन मतदान करने हेतु जागरूक कर शपथ ग्रहण कराना है । बाल संसद के पहले चरण में विद्यालयों के अध्यापकों ने छात्रों को बाल संसद गठन कार्यक्रम को विस्तार से समझाया और छात्रों को नामांकन के लिए प्रोत्साहित किया। दुसरे चरण में शिक्षकों ने छात्रों को कार्यक्रम के प्रति उत्साहित किया, चुनाव चिन्ह, प्रचार प्रसार तथा समुदाय के लिए आमंत्रण पत्र भेज कर आमंत्रित किया। तीसरा और मुख्य चरण में बाल संसद में वोटिंग प्रक्रिया, मतगणना और जीतने वाले प्रत्याशियों को सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, स्कूल के स्टाफ, एसएमसी सदस्य, प्रधान, आगनवाड़ी कर्मी, एसएचजी, और समुदाय के अन्य सदस्यों के सामने शपथ ग्रहण कराया गया । इससे , बच्चों में लोकतंत्र के लिए बाल तंत्र का उद्देश्य, बच्चों की नेतृत्व क्षमता और अभिमुखता की कुशलता विकसित होने के साथ-साथ, सामुदायिक सहभागिता और विद्यालय में सामुदायिक मूल्यों का प्रोत्साहन किया गया।

बाल संसद के माध्यम से दो लाख से अधिक परिवारों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और 78 हज़ार लोगों को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण करवाई गई जिससे जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा।

# बड़ी संख्या में विपक्षी पार्टियों के लोग ग्रहण कर रहे भाजपा सदस्यता

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** भाजपा का लगातार बढ़ता परिवार भाजपा लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय के जीत की अंतर को बढ़ाता नजर आ रहा है। हर दिन किसी न किसी विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस सपा बसपा के नेता कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

महाराणा प्रताप की जयंती पर भाजपा लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय,लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,डाक्टर रजनीश सिंह,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,दिलीप पटेल देव,बाबा राम शब्द यादव,ज्ञानेंद्र पाण्डेय,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,आनंद वर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत प्रांगण में लगे महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा के विधान सभा कटेहरी की चुनावी कार्यालय पर लोक सभा चुनाव संयोजक अवधेश द्विवेदी ने कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी राम गिरीश कन्नौजिया,घनश्याम कन्नौजिया, पवन कुमार, श्याम मनोहर कन्नौजिया, राजपति प्रजापति, राम चंद्र प्रजापति,दीपक प्रजापति, राम रूप राजभर, अमर नाथ कन्नौजिया,जितेंद्र कुमार को भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया ।



उक्त अवसर पर लोक सभा चुनाव संयोजक अवधेश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देश और जनहित में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यो की वजह से भाजपा सभी की पसंद बनती जा रही है।भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की लोकप्रियता से विपक्षी दलों में भगदड़ मची हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव,गरीब और किसान के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकारी योजनाओं को लागू किया है। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने टांडा विधान क्षेत्र के भमुआ पुर में मण्डल अध्यक्ष राम धनी वर्मा आदि के साथ भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के समर्थन में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों एवम लोगों से सम्पर्क कर कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की गरीब जनता को विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को भी उसका लाभ भाजपा सरकार देगी।उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर अंबेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र में इतिहास रचेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### फंदे पर लटकता पाया गया अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

**गोला गोकरननाथ खीरी** नगर की खुटार रोड स्थित मथुरा नगर मोहल्ले में एक 45 वर्षीय अधेड़ का शव फंदे पर लटकता हुआ पाया गया है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

घटना बुधवार देर रात की है। मोहल्ला मथुरा नगर निवासी हरिराम तिवारी ने पुलिस को देख तहरीर देकर घटना की सूचना दी है। जानकारी के अनुसार हरिराम तिवारी के 45 वर्षीय पुत्र श्री कृष्णा तिवारी अपने अपने मझले बेटे के घर पर था। इस मकान में श्री कृष्ण तिवारी का शव लटकता हुआ पाया गया है। मृतक के पिता हरिराम तिवारी का कहना है कि उसकी बहू बिटोला देवी और पोते अमित तिवारी ने उसके पुत्र को मार कर फंदे से लटका दिया है। वह लोग उसके पुत्र को अक्सर मारते पीटते थे। उधर पुलिस का मानना है की घटना हैंगिंग की है। परंतु घर वाले उसे हत्या जता कर रिपोर्ट दर्ज करना चाहते हैं।

### एसएसटी मजिस्ट्रेट के साथ एसडीएम ने किया भैंसोड़ यूपी एमपी बार्डर पर चेकपोस्ट का निरीक्षण



**ड्रमंडगंज।** उपजिलाधिकारी गुलाब चंद्र ने एस एस टी मजिस्ट्रेट उपेंद्र कुमार के साथ बृहस्पतिवार को ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रीवा मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यूपी एमपी बार्डर भैंसोड़ बलाय पहाड़ स्थित पुलिस चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज के नेतृत्व में चेकपोस्ट पर की जा रही वाहनों की सघन जांच-पड़ताल को भी देखा। चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को हिदायत देते हुए एसडीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश की ओर से आने वाले सभी चार पहिया व दो पहिया वाहन सघन तलाशी के बाद ही उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करें। एसडीएम ने कहा कि ?लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी एमपी बार्डर पर रात में विशेष सतर्क दृष्टि रखें। जिससे वांछित अपराधियों के अलावा अवैध असलहा व मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अराजक तत्वों को पकड़ा जा सके।

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी

#### कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

**मीरजापुर।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित चुनाव सेल में जनपदीय पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ की समीक्षा गोष्ठी की गयी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आदर्श आचार संहित का अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्रा धिकारीगण, चुनाव सेल प्रभारी, यातायात प्रभारी व प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

### 11 मई को ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का होगा द्वितीय रैण्डमाईजेशन

#### सभी सम्बन्धित प्रत्याशी ई0वी0एम0 व वी0वी0पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन में स्वयं करें प्रतिभाग

**भदोही 09 मई 2024:**-लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जनपद में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन दिनांक 11 मई, 2024 को अपरान्ह 12 बजे से कराये जाने का निर्देश दिया गया है। तदक्रम में दिनांक 11 मई 2024 को अपरान्ह 12 बजे से ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन0आई0सी0 सभागार में समस्त प्रत्याशियों की उपस्थिति मे कराया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन दिनांक 11 मई, 2024 को अपरान्ह 12 बजे एन0आई0सी0 सभागार में होगी व सम्बन्धित पार्टीयों के प्रत्याशी स्वयं उपस्थित रहें।

# आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें- अखिलेश यादव

**●इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा- अखिलेश यादव**

**गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे- अखिलेश यादव**

**महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की**

**आनंद भदौरिया की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छुटे**




स्वतंत्र प्रभात

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने धौरहरा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया के लिए विधानसभा मितौली के कस्ता ग्राम में एक विशाल जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहाकि अपनी गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे, किसानों को एमएसपी देंगे, उन्होंने आगे कहाकि जिन्होंने झूठी बातें की हो, झूठे वादे किए हैं उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे, पिछले 10 साल में केवल झूठ बोला है इन्होंने और एक वादा पूरा नहीं किया, ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है, ये बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, ये संविधान हमें ताकत देता है और जो 4 सौ पार का नारा दे रहे थे बीजेपी के लोग, वह संविधान बदलने के लिए दे रहे थे, किसी उद्योगपति को नहीं छोड़ा इन्होंने, उसे भी नहीं छोड़ा जिस कंपनी से हमें वैक्सीन लगवाई उससे चंदा ले लिया, सुना है जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली है सबसे ज्यादा दिल की बीमारी उन्हें ही ये बीमारी ज्यादी हो रही है ये अत्यंत दुःखद बात है, ये सरकार वाले सोच रहे हैं कि अब उनका क्या होगा, भाषा बदल गई और जो दिल्ली वाले प्रधान सांसद हैं अब तो वो अपने खासम खास लोगों को भला बुरा कह रहे हैं, जो लोग उनके दाना पानी का इंतजाम करते थे उनके खिलाफ हो गए, नौजवानों, आपकी नौकरी तो छीनी ही छीनी भाजपा ने, साथ ही एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया, 10 साल हो गए हैं, हमारे किसान भाई बताओ क्या आय दोगुनी हो गई है? न आय दोगुनी की, न उनके पक्ष में फैसले किए और महंगाई जो इतनी बढ़ी है उससे लागत दोगुनी हो गई, जो किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे वह लोग किसानों के लिए तीन काले कानून लाकर रख दिया, अच्छी बात यह है कि यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान एकजुट होकर तीनों काले कानून के लिए आंदोलन किया कि जब तक काले कानून वापस नहीं हुआ किसान भाई डटे रहे, तीनों काले कानून तो वापस हो गए, लेकिन एक हजार से अधिक हमारे किसान शहीद हो गए, जिनका परिवार को आज तक न्याय के लिए भटक रहे है, हमारी सरकार बनती हैं तो पीड़ित परिवारों को न्याय देने के साथ ही आर्थिक मदद की जाएगी और किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा, युवाओं के बेरोज़गारी का मुद्दा उठाने पर अखिलेश यादव ने कहाकि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा धक्का युवाओं को लग रहा है, पहले तो बैकेंसी नहीं निकली, जब निकली है तो उसका पेपर लीक हो जाता है, हमारा युवा कड़ी मेहनत कर नौकरी के लिए प्रयास करता है, परीक्षा देने जाता है और जब वह घर लौटकर आता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं, हमारे युवा अग्निवीर की नौकरी बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे, हमारी सरकार बनती हैं तो इसको पक्की नौकरी कर युवाओं को वर्दी पहनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहाकि मौजूदा समय में खाकी वर्दी भी हम लोगों को परेशान कर रही है, लेकिन उनको यह नहीं पता कि जिस तरह फौज की नौकरी चार साल की हो गई है उसी तरह पुलिस की नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी, भाजपा सरकार सब कुछ बेच रही है, सभी सरकारी नौकरी संविदा पर कर देंगे और पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देगी, महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे हर वर्ग परेशान है, हर भारतीय महिला को किचेन मे महंगाई का सामना कर रहा है उन्होंने उमड़े जा सैलाब से अपील की कि आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें जिससे इस संविधान विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जा सके ! महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की !!

# खीरी लोकसभा सीट पर हाथी कमल की लड़ाई में साइकिल लगा सकती है रेस

**●मुस्लिम कुर्मी क्षत्रिय यादव की एकजुटता जहां सपा प्रत्याशी की मजबूती है वहीं भाजपा प्रत्याशी की मुसीबत का बन रही सबब**

**कही पी ड़ी ए फार्मूला ना दे दे चौकाने वाला परिणाम**

**ह्यतिकोनिया किसान हत्याकांड का मुद्दा भी बढ़ा रहा भाजपा प्रत्याशी की मुश्किलें**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** तराई क्षेत्र और नेपाल सीमा से सटे जनपद की हॉट सीट 28 खीरी संसदीय सीट पर इस बार बहुत ही दिलचस्प मुकाबला दिखाई पड़ रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार जीत का परचम लहराया है। मोदी लहर में खीरी लोकसभा सीट पर 2014 में कमल खिलता नजर आया था ।इससे पहले कांग्रेस पार्टी के जफर अली नकवी का विजय रथ यहां दौड़ा था। उससे पहले इस सीट पर समाजवादी पार्टी के रवि वर्मा का कब्जा रहा है ।वर्ष 2014 में कांग्रेस के प्रत्याशी का सुपड़ा साफ होने के बाद आज तक कांग्रेस ठीक-ठाक प्रदर्शन तक नहीं कर पाई उसके बाद से सपा भाजपा और बसपा की तिकड़ी ही चुनाव में दम भरती दिखाई दी ।इस सीट पर हाथी की मदमस्त चाल से सपा भाजपा के सभी समीकरणों को तो बिगाड़ा पर जीत का स्वाद नहीं चख सकी बसपा। इस सीट के कुछ पिछले चुनावी आंकड़ों पर नजर डालें तो सपा बसपा और कांग्रेस के संग्राम में कमल की बड़ी ही लचर स्थिति हो गई थी। खीरी लोकसभा सीट पर कभी कांग्रेस का डंका बजा करता था ।लेकिन 2014 में भाजपा से मैदान में उतरे अजय मिश्रा टैनी ने लगातार दो बार जीत हासिल कर सभी पार्टी के प्रत्याशियों की लोटिया डुबो दी। और कांग्रेस तथा सपा का इस सीट पर कायम वर्चस्व को ध्वस्त करके रख दिया। वर्ष 2014 और 2019 में लगातार कमल खिलाने में कामयाब रहे भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री टैनी महाराज को ही अपना पुनः प्रत्याशी भाजपा द्वारा बनाया गया है। और समाजवादी पार्टी कांग्रेस के गठबंधन के बाद यह सीट समाजवादी पार्टी के खाते में आने से समाजवादी पार्टी ने अपने दो बार के विधायक रहे उत्कर्ष वर्मा को मैदान में उतारा। वही बहुजन समाज पार्टी ने अंशय कालरा को अपना प्रत्याशी बनाया है जो सिख समुदाय से आते हैं इनके ऊपर बाहरी होने का भी ठप्पा लग रहा है। इस चुनाव में जहां एक ओर सत्तारुढ दल के प्रत्याशी व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी एक बार फिर मोदी के नाम पर जीत की आस लगाए हुए हैं ।वहीं समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को मोदी विरोधी वोट से जीत की उम्मीद है ।लेकिन बहुजन समाजवादी पार्टी प्रत्याशी लगातार शानदार प्रदर्शन करने के बाद भी भले आज तक जीत हासिल नहीं की हो लेकिन हाथी की मस्त

चाल ने इस सीट पर सपा भाजपा सहित सभी राजनीतिक दलों के चुनावी समीकरण बिगड़ने में जरुर कामयाबी हासिल की है ।इस बार बीएसपी का कोर मतदाता पुनः हाथी की तरफ वापस आता दिख रहा है ।जिससे भाजपा का सीधा नुकसान होते दिखाई पड़ रहा है ।वही संविधान बदलने की गूंज, महंगाई, भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों की गूंज भी सुनाई दे रही है। जिसका पूरा फायदा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा को मिलता दिखाई पड़ रहा है। इसके साथ ही सपा के पीडीएफ फार्मूला का भी बड़ा असर सपा प्रत्याशी को मजबूती देता दिखाई पड़ रहा है ।इस आधार पर यह कहना गलत ना होगा कि इस सीट पर इस बार सपा भाजपा के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है और जातीय समीकरण के आधार पर भी पलडा सपा की ओर झुकता दिखाई पड़ रहा है ।चुनावी रणनीतिकारों की माने तो मुकाबले काफी रोचक एवं कांटे का है लेकिन मुस्लिम, कुर्मी, यादव ,व क्षत्रिय के साथ-साथ पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग का बड़ा रुझान भी सपा की ओर मुड़ता दिखाई पड़ रहा है ।रणनीतिकारों की माने तो दिलचस्प बात तो यह है की संविधान बचाओ की गूंज के चलते दलित वर्ग का अच्छा खासा मत इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की ओर आशा भरी नजर से देख रहा है। वही बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी की सक्रियता भाजपा प्रत्याशी के चुनावी समीकरण को बिगाड़ता नजर आ रहा है। कयास यह लगाया जा रहे हैं कि बसपा भाजपा की टक्कर में सपा की साइकिल चुनावी रेस में आगे ना निकल जाए कोई असंभव बात नहीं होगी। फिलहाल साइकिल के चुनावी रेस में में आगे निकलने केअवसर अधिक होने के कयास लगाए जा रहे हैं। परिणाम 4 जून को ही पता चलेगा ,कौन मारेगा बाजी और कौन लगाएगा गले हार ।परंतु साइकिल के रेस में आगे होने के चर्चे जगह-जगह सुनाई दे रहे हैं।

**तिकोनिया किसान हत्याकांड भी एक अहम कारक बन सकता है समीकरण बिगाड़ने में**

चुनावी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में किसानों का विरोध और बेरोजगारी, महंगाई, जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों के साथ-साथ जातिगत समीकरण के साथ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई आधा दर्जन लोगों की हत्या किये जाने का मुद्दा खासा असर चुनाव पर डालता दिखाई पड़ रहा है। जिससे चुनाव प्रभावित करने की चर्चा आम है। किसानों का गुस्सा कहीं भाजपा प्रत्याशी की चुनावी नैया को पार होने में अवरोधक न बन जाए। रणनीतिकारों द्वारा कयास लग जा रहे हैं कि कहीं किसानों का गुस्सा भाजपा प्रत्याशी के चुनावी नैया को पर होने में अमरोधक का काम न करने लगे ,हर कोई ऐसे ही कयास लगा रहा है ।जनता की खामोशी सभी राजनीतिक दलों की नींद हराम किए हुए हैं। कि आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा हर एक प्रत्याशी इसको लेकर खासा चिंतित नजर आ रहा है। और जनता के बीच में जी तोड़ मेहनत करके गेंद अपने पाले में लाने की हर संभव कोशिश करने में लगा दिखाई पड़ रहा है।

## अयोध्या व काशी की तर्ज पर होगा गोला छोटी काशी का भी कायाकल्प, योगी आदित्यनाथ।

**●पूरे उत्तर प्रदेश मे अस्सी की अस्सी सीटें हम जीत रहे है,योगी ।**

**विपक्षी पार्टियो का सफ़ड़ा साफ होना तय,योगी।**



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला में अजय मिश्रा टेनी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया विशाल जनसभा को संबोधित। इस अवसर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहा कि पूरे देश के अंदर एक स्वर गूंज रहा है, और वह है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

एक ओर रामराज्य के प्रेमी आप राम भक्त हैं और दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का अपमान करने वाले, विकास के कार्यों में भ्रष्टाचार फैलाने वाले राम द्रोही हैं। अयोध्या और काशी विश्वनाथ धाम आज जैसे जगमगा रहे है, ऐसे ही छोटी काशी को भी बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती को भी सौंदर्यीकरण के साथ कॉरिडोर से जोड़ने का काम हम करने जा रहे हैं, यह केवल राम भक्त कर पाएंगे रामद्रोही नहीं कर पाएंगे।

12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय, 10 करोड़ गरीबों के घर में उज्वला योजना का सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान बना कर भाजपा सरकार ने दिया। वही विपक्षी पार्टियो पर कटाक्ष करते हुये कहा कि कांग्रेस व सपा के समय में इन्हीं सब योजनाओं में होता था बंदरबांट, जिससे गरीब को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था।

सपा सरकार में लगता था हर दूसरे दिन एक दंगा, रोज लगता था कर्फ्यू, व्यापारी और बेटी दोनों थे असुरक्षित, प्रदेश में किस प्रकार की अराजकता थी, ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जमकर विकास भी होता है, तो सीमा की सुरक्षा के साथ किसी को खिलवाड़ भी नहीं करने देता नया भारत, नया भारत कहता है कि पहले हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नही जिसके पश्चात उन्होंने कहा कि जब स्वर्गीय कल्याण सिंह का निधन हुआ तो समाजवादी पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री की मृत्यु पर कोई संवेदना नहीं प्रकट की, एक शब्द नहीं कहा और दूसरी तरफ अभी जब एक माफिया मरा था, तो उसके घर में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष फ़ातिहा पढ़ने गये थे।भाजपा सरकार हर वर्ग के लोगो को साथ लेकर चलने का काम कर रही है।वही विपक्षी नेता लोग कही ऐक विषेश समुदाय के लोगो को खुश रखने के लिये।अयोध्या धाम मे बना भव्य मंदिर के दर्शन करने तक नही गये।कहते है हमारी सरकारे आयेगी तो धारा 370 को समाप्त कर देंगे।एन आर सी नही लागू होने देंगे,हिन्दुओ पर जुल्म करने बालो के साथ मे खडे होते है ,और हिन्दूओ से वोट की भी दुहाई भी करते है।जनता इनके दोहरे चरित्र को समझ चुकी है ।इस लिये फिर ऐक बार मोदी सरकार पूरे पावर मे ही नही चार सौ पार करके भी बनने जा रही है।इस अवसर पर मंच पर गोला विधायक अमन अरविंद गिरि, पलिया विधायक रोमी साहनी,जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, गोला नगर पालिकापरिषद के चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू के साथ तमाम क्षेत्रीय भाजपा नेता मौजूद रहे।

## न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज मे युवा संगोष्ठी के दौरान मतदान प्रतिशत बढाने के दिये टिप्स।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवक संदीप कुमार द्वारा युवा संगोष्ठी का आयोजन न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला में शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा के मार्गदर्शन मे किया गया। इसी क्रम में सुशील वर्मा ने सभी युवाओं से कहा मतदान करना अपना लोकमत अधिकार है इसीलिए आने वाले लोकसभा चुनाव पर अधिक से अधिक मतदान कर अपनी भागीदारी निभाए और आमजन को भी जागरूक करे। संदीप कुमार ने मतदाता जगरूकता अभियान के अंतर्गत विस्तार से बताया कि जैसा की सभी को पता है जनपद मे आने वाले 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव होने जा रहा है बताया कि युवाओं में सब कुछ करने की क्षमता होती है केवल उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत होती है उपस्थित सभी युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहा लोकतन्त्र के इस पर्व पर हम सबकी जिम्मेदारी है कि आप सभी मतदान अवश्य करे और सभी को मतदान के प्रति जागरूक करे और मतदान वाले दिन सबसे पहले मतदान करे फिर अन्य काम करे तथा उपस्थित युवाओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम मे मतदाता जागरूकता पर कई युवाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए जिन्हें माई भारत की कैप पहनाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इस अवसर पर न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस गोला गोकर्णनाथ खीरी के समस्त अध्यापकगण एवम छात्र अर्पित कुमार, आकाश कुमार, छात्रा शशि वर्मा रचना पांडेय, मंजू देवी, आयुषी वर्मा, अनामिका दीक्षित, मेनका, काजल, शिवानी,इत्यादि उपस्थित रहे.

## कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित नवनिर्मित राजकीय अलंकृत उद्यान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ,बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर ली सेल्फी

**भदोही-** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित नवनिर्मित राजकीय अलंकृत उद्यान का जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ,अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, शिव नारायण सिंह की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में यह उद्यान संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट सभागार के बीच खाली पड़े भाग में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बनाया गया है। जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव के नेतृत्व में उद्यान में आकर्षक व सजावटी पुष्पों, पेड़ -पौधों के माध्यम से अलंकृत किया गया है तथा शानदार सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है।इस खास मौके पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी ,अपर जिलाधिकारी द्वारा सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया गया। उपस्थित लोगों द्वारा सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।

## समय रहते ना चेते तो अल्पमत में आ जाएंगे सनातनी।

**●जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग**

**जनसंख्या समाधान फाउंडेशन कर रहा है लोगों को जागरूक।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ,खीरी।** समाज में रिश्ते नाते खत्म ना हो, आपसी भाईचारा कायम रहे। इसके लिए परिवार बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर रहा है। साथी मांग उठाई जा रही है कि तत्काल जनसंख्या नियंत्रण कानून भी लागू किया जाए। मेरठ से आए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर, जिला अध्यक्ष सर्वेश शुक्ला, दीपेंद्र शुक्ला, बृजेश मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारियों के साथ देवकली तीर्थ में देवस्थली स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ पहुंचे। जहां तमाम बटुकों और भक्तों से रूबरू हुए। बैठक कर उन्हें परिवार बढ़ाने की सलाह दी। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने कहा कि आज एक धर्म विशेष तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि हम सब सनातनी एक संतान को लेकर खुश हो रहे हैं। एक संतान होने से आने वाली पीढ़ी को न भाई मिलेगा,न चाचा मिलेगा, न ताऊ मिलेगा, ना बुआ मिलेगी ना मासी मिलेगी तो ऐसे में हमें अभी से सचेत होने की जरूरत है। ताकि समाज चला रहे। नाते रिश्ते बने रहें और ऐसी स्थिति ना आए कि हम अल्पमत में हो जाए। उन्होंने कहा कि अभियान को चलाने की जरूरत है। लोगों को जोड़ने की जरूरत है। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जिससे हिंदू समाज जागरूक हो और परिवार को लेकर मंथन करें। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग की गई है कि वह जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करें। जिससे दूसरी तरफ अंधाधुंध बढ़ रही आबादी पर लगाम लग सके और हमारे संसाधन काम ना हो।

## धौरहरा लोक सभा की प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन मे योगी आदित्य नाथ ने नगर मोहम्मदी के रामलीला मैदान मे की चुनावी जनसभा

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** – धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन मे मोहम्मदी विधनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने ज़नता से अपील की। योगी आदित्य नाथ वोले 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ ,12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय ,10 करोड़ गरीबों के घर में उज्ज्वला योजना का सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान बना कर दिया है ,योगी आदित्य नाथ ने कहा बाकी जो सम्मान निधि का लाभ लेने को रह गए है उन सभी गरीबों को अबकी बार नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनते ही सभी को लाभ मिलना शुरू हो जाएगा, कांग्रेस के समय और समाजवादी पार्टी के समय में इन्हीं सब योजनाओं को समाजवादी और कांग्रेस ने नेता लोग आपस में बंदरबांट करते थे जिससे गरीब को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था - योगी आदित्यनाथ ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार के समय आपने देखा होगा हर दूसरे दिन एक दंगा होता था , रोज कर्फ्यू लगता था ,व्यापारी और बेटी दोनों असुरक्षित थे, प्रदेश में उस समय किस प्रकार की अराजकता थी , ये किसी से छुपा हुआ नहीं कांग्रेस के समय देश की सीमाओं में घुसपैठ होती थी, वैश्विक मंच पर भारत का सम्मान नहीं रह गया था विकास के कार्यों में जमकर लूट होती थी - योगी आदित्यनाथ लेकिन ये नया भारत है , इसमे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जमकर विकास भी होता है तो सीमा की सुरक्षा के साथ किसी को खिलवाड़ भी नहीं करने देता नया भारत, नया भारत कहता है कि पहले हम छेड़ेंगे नहीं लेकिन कोई हमे छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे भी नही - योगी आदित्यनाथ ।

## थार का जवाब इस बार जनता वोट से देगी अखिलेश यादव

**लखीमपुर-** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखीमपुर खीरी में लोकसभा चुनाव प्रचार करते हुए बीजेपी के सांसद और प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को जनसभा करते हुए कहा कि जनता और किसानों ने मन बना लिया है कि वो थार का जवाब इस बार वोट से देंगे। जनता इतना वोट डालेगी कि उनका प्रत्याशी बॉर्डर के पार मिलेगा।अखिलेश ने कहा,लखीमपुर की जनता ने मन बना लिया है कि वो थार का जवाब वोट से देंगे। इस बार लखीमपुर की जनता इतना वोट डालेगी कि उनका प्रत्याशी बॉर्डर पार मिलेगा। जो लोग आए थे कि बड़ा बना देंगे, बताओ कितना बड़ा देंगे? ये वही लोग हैं जो संविधान और कानून से खुद को बड़ा बनाते हैं। ऐसे लोग जो किसानों का नुकसान करते हैं, उनकी हत्याएं करवातें हैं, ऐसे लोगों को हम सजा दिलवाने का काम करेंगे।उन्होंने कहा, जो लोग कह रहे हैं आय दोगुनी कर देंगे, इन्हीं लोगों ने तीन काले कानून लागू किए थे। उन काले कानून के खिलाफ पूरे देश के किसानों ने प्रदर्शन किया, सालों साल डटा रहा और तब तक नहीं हटा जब तक तीन काले कानून वापस नहीं ले लिए। किसानों को धोखा दे दिया, लागत बढ़ गई, महंगाई बढ़ गई, इन्होंने फैसला लिया कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ करेंगे, हमें लगा किसानो का भी कर्ज माफ करेंगे। समाजवादी पार्टी और गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बैंक कर्मचारी स्टाफ द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्रता



**भदोही** सुरियावा नगर नगर पंचायत स्थित यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा का संचालन कई वर्षों से चल रहा है लेकिन इस समय वर्तमान में उपस्थित स्टाफ एवं कर्मचारी की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है आए दिन ग्राहकों के साथ अभद्रता करते रहते हैं तथा सीनियर सिटीजन को भी अपमानित करते हैं कानून एवं वित्तीय संस्थान का हवाला देकर ग्राहकों को अपमानित करते वह डांट ते रहते हैं तथा बैंक परिसर में दलालों का जमावड़ा बना रहता है ग्राहकों को कोई सहूलियत भी नहीं दी जाती है खाद्य विभाग के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि एक दिन किसी सरकारी कार्य से जब यूनियन बैंक के अंदर गए तो उन्हें गेट पर रोक लिया गया एवं काफी अभद्रता की गई आए दिन सुरियावा के यूनियन बैंक के स्टाफ एवं कर्मचारी किसी ने किसी ग्राहक एवं पब्लिक के साथ उलझ कर अभद्रता करते रहते हैं क्षेत्र की जनता का बैंक के उच्च अधिकारियों से मांग है कि यहां के स्टाफ एवं कर्मचारी मामले की गंभीरता को लेते हुए कार्यवाही कोसा ज्ञान में लेते हुए आवश्यक व कार्रवाई करें ताकि ग्राहक व वह आम जनमानस को राहत प्रदान हो सके।

## बाल विवाह जैसे कुप्रथा के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया



**सीखड़ संवाद।** विकास खण्ड अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय मवैया की सहायक अध्यापिका निराशा सिंह के कुशल नेतृत्व में एक सप्ताह से विद्यालय के बच्चों द्वारा प्राचीन काल से चली आ रही बाल विवाह कुप्रथा ,आज समाज और बालिकाओं के जीवन पर कुठाराघात कर रही हैं ।कम उम्र में शादी कर देने से बच्चों के स्वास्थ शारीरिक और मानसिक विकास के साथ -साथ उनके खुशहाल जीवन पर भी असर पड़ रहा है। अशिक्षा और परिवार में जागरूकता की कमी बाल विवाह का प्रमुख कारण है। इस कमी को ध्यान में रखते हुए बच्चों और अध्यापक अध्यापिका के साथ मिलकर बाल विवाह प्रतिबंध स्लोगन, पोस्टर ,नाटक, नुक्कड़ नाटक ,निबंध, रंगोली जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करा रही हैं। कार्यक्रम को ग्राम प्रधान दिनेश कुमार चौबे सहित ग्राम पंचायत के विशिष्ट जनों द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत



**अदलहाट, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के मूसेपुर ग्राम में गुरुवार को कुएं में गिरने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मृतक के शव को बाहर निकाला ।

मूसेपुर ग्राम निवासी 20वर्षीय किशन भारती पुत्र राजेश कुमार भारती गुरुवार को अपने भाई से मोबाइल को लेकर विवाद करने के बाद गांव के दक्षिण स्थित कुएं में कूद गया। कुएं में कूदते हुए ग्रामीणों ने देखा तो शोर मचाया वहां काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये और उसे निकालने की कोशिश करने लगे लेकिन सफलता न मिलने पर पुलिस को सूचना दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे बाहर निकाला,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नम्बर का था,उसे एक बहन है।जिसकी शादी 24 मई को होनी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# सामान्य प्रेक्षक मा0 बी जांन त्लंगतिनखुम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ मतकार्मिको का द्वितीय रैण्डमाईजेशन

**● सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, कार्मिक प्रभारी के नेतृत्व में पारदर्शिता पूर्वक सम्पन्न हुआ मतकार्मिको का सेकण्ड रैण्डमाईजेशन**

**सेकण्ड रैण्डमाईजेशन में मतकार्मिको को विधानसभावार आवंटित कर पोलिंग पार्टी का हुआ गठन**




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 09 मई 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी, सुरक्षित मतदान, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक मा0 बी जांन त्लंगतिनखुम द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह व कार्मिक प्रभारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति में मतकार्मिकों, माईक्राआब्जर्वर, पोस्टल बैलेट कार्मिकों के ड्यूटी का सेकण्ड रैण्डमाईजेशन एनआईसी सभागार में सकुशल सम्पन्न हुआ।

भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के आवरण में मतकार्मिको-पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, का नियमानुसार द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया। जिसके तहत मतकार्मिकों को विधान सभावार बाटते हुए पोलिंग पार्टी का टीम का गठन किया गया। जिसके अन्तर्गत एक टीम के चारों साथियों अर्थात, पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के गठन का निर्माण हुआ। कुल 1253 मतदान बूथों के सापेक्ष 10 प्रतिशत रिर्जव में रखते हुए 1380 मतकार्मिकों की अलग-अलग चार प्रकार के पद/दायित्वों सहित कुल 5520 मतकार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। इन सभी का प्रशिक्षण ड्यूटी पत्र में दिये गये तिथि व समय के अनुसार 14 से 18 मई के बीच सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में सम्पन्न होगा। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतकेन्द्रो/बूथों पर 213 माईक्राआब्जर्वर की ड्यूटी लगायी गयी है। आज इनका भी विधान सभावार आवंटन कर दिया गया है। इनकी टेर्ऩिंग 18 मई को सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में होगी।

पोस्टल बैलेट के अन्तर्गत मतदान सम्पन्न कराने के क्रम में फार्म-12डी भरकर घर पर ही मतदान करने की मॉग करने वाले 85 प्लस सीनियर सीटीजन एवं 40 प्रतिशत से अधिक ग्रसित दिव्यांगजनों का 18, 19, 20 मई को प्रातः 8 से शाम 4 बजे तक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए कुल 30 टीमों का गठन किया गया है। फार्म-12 के माध्यम से मतकार्मिको /पुलिस कार्मिक/आवश्यक सेवाओं में कार्यरत का मत सुनिश्चित कराने हेतु 14 से 17 मई तक सेण्ट थॉमस स्कूल में बनाये गये विधान सभावार फैसेलिटेशन सेन्टर पर 9 से 5 बजे तक मतदान होगा। सामान्य प्रेक्षक मा0 बी जांन त्लंगतिनखुम ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू से सम्पन्न कराने में लगे सभी मतकार्मिको को निर्देशित किया कि पूर्ण मनोभाव व तत्परता व समर्पण भाव से निर्वाचन कार्य करें तथा मतदेय स्थल पर किसी का भी आतिथ्य सेवा स्वीकार न करें। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने समस्त मतकार्मिको को सख्त निर्देश दिया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

मतकार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने सभी कार्मिको को निर्देशित किया कि अपने ड्यूटी पत्र में अंकित तिथि व समय पर उपस्थित होकर समर्पण भाव से निर्वाचन प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण उपरान्त होने वाले परीक्षा में फेल होने पर कठोर कार्यवाही करते हुए विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी। पोस्टल बैलेट प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि कुल 30 टीमों द्वारा विधान सभावार कार्मिकों की टीम बनायी गयी है जो 85 प्लस आयु वर्ग व दिव्यांगजन मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान को सम्पन्न करायेंगे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने रैण्डमाईजेशन की पूरी प्रक्रिया को मा0प्रेक्षकगण, जिला निर्वाचन अधिकारी, व कार्मिक प्रभारी को बतलाते हुए निष्पक्षता के साथ पारदर्शी तरीके से रैण्डमाईजेशन की प्रक्रिया को सम्पन्न किया। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# महिला व बाल विकास विभाग की महिलाओं द्वारा गाये गये लोकगीतों से गुलजार हुआ कालीन कॉरिडोर मॉडल बूथ

**●ढोलक व हारमुनियम की थाप से महिलाओं ने सभी मतदाताओं को 25 मई मतदान करने के लिए प्रेरित**

**घर आजा परदेशी कि तेरा वोट बुलाए रें...........गीत के माध्यम से महिलाओं ने प्रवासी महिलाओं को किया आमंत्रित**

**स्वीप प्रभारी की उपस्थिति में महिलाओं ने 25 मई को मतदान करने की जताई अटूट प्रतिबद्धता**

**स्वीप प्रभारी/सीडीओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आगनबाड़ी, सहायिकाओं ने कालीन व मतदान के परस्पर सम्बन्धों को समझा**

**आधी आबादी की 25 मई को बूथ पर रहेगी पूरी भागीदारी रहेगी सुनिश्चित-आगनबाड़ी कार्यकत्री**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 09 मई 2024:-** भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप शत्-प्रतिशत मतदान कराने के क्रम में स्वीप के अन्तर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता नवाचार पहल जीआईसी में लगे कालीन कॉरिडोर मॉडल बूथ के छठवें दिन जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति व जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू वर्मा के नेतृत्व में जनपद के महिला व बाल विकास विभाग की हजारो आगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कालीन के महत्व के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को समझते हुए प्रतिकात्मक वोटिंग कर उत्साह व गर्वान्वित भाव से मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा जनपद के मतदाताओं को विशेषकर महिला मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि कालीन नगरी के लगभग 7 लाख मतदाता कालीन उद्योग से जुड़े है। बड़ी संख्या में जनपद की महिला स्वयं सहायता समूहों के अन्तर्गत महिलाओं द्वारा भी कालीन आधारित स्वरोजगार के कार्य किये जाते है। आज आगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं द्वारा कालीन कॉरिडोर मॉडल बूथ प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कालीन के स्वरोजगार पूर्वक कार्यो को किस प्रकार से हम लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अर्थात 25 मई को वोट देकर अपने मनपसंद सांसद को चुनते हुए कालीन उद्योग सहित जनपद के विकास को रेखांकित कर सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि जनपद की लगभग एक हजार आगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मॉडल बूथ पर आकर कालीन व लोकतंत्र के परस्पर सम्बन्धों को समझा। मॉडल बूथ पर आगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आपस में ही पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय की भूमिका व दायित्वों का निर्वहन करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिकात्मक वोट कर अपनी नीली स्याही लगी उंगली को गर्व के भाव से दिखाया।

सांस्कृतिक मंच पर आगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने महिला संगीत, लोकगीत के माध्यम से लोक भाषा में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा गीतों के माध्यम से प्रवासी मतदाताओं को घर आने के लिए बुलावा गीत भी गाया। सोहर के तर्ज पर महिलाओं के लोकगीत व संगीत को काफी सराहा गया। आगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं ने कहा कि आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली हम नारी शक्ति पूरी आबादी को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये ''अबकी बार 80 पार'' के नारे को साकार व सफल बनाते हुए जनपद की पहचान को स्थापित करना है। सभी महिलाओं ने प्रतिज्ञा किया कि पहले मतदान फिर जलपान करेंगे। महिलाओं ने कहा कि हम सभी सुबह-सुबह अपने परिजनों के साथ लोकतंत्र के उत्सव में अपने बूथ पर पहुँचकर मतदान करेंगे तथा अपने पड़ोसियों व क्षेत्रवासियों को भी मतदान करने हेतु बूथ पर भेजेंगे। घर के परिजनों को नास्ता भोजन तभी देगें, जब उनके अंगुली पर नीली स्याही का निशान लगा होगा।

कार्यक्रम में सीडीओ अरबिन्द सहित समस्त सुपरवाईजर, व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र एम ए समद इण्टर कालेज सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं को परखा

**●व्यय प्रेक्षक ने दुर्गागंज रोड, भीटी बार्डर सहित अन्य स्थलों का औचक निरीक्षण कर जनसामान्य को न हो असुविधा एसएसटी व एफएसटी टीम को दिया निर्देश**

**भयमुक्त व प्रलोभनमुक्त, सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न होगा निर्वाचन-पुलिस प्रेक्षक**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 09 मई 2024:-**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम, मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण, पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता ने क्षेत्र में निकलकर औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया।

सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम ने विधानसभा भदोही में सहायक रिटर्निंग आफिसर शिव प्रकाश यादव के साथ एमए समद इण्टर कालेज के सभी बूथों सहित विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा0 प्रेक्षक ने 25 मई मतदान के दिन मतदाताओं के सुविधा के दृष्टिगत मतकेन्द्रो पर पर्याप्त रोशनी, पेयजल, छायादार प्रतिक्षा स्थल, शौचालय, आदि आधारभूत सुविधाओं को परखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान तिथि के 5 दिन पहले ही मतदाता पर्ची सूची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाये। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है।

मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण ने दुर्गागंज रोड, भीटी बार्डर सहित अन्य स्थलों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चेक पोस्ट पर स्थापित स्थैतिक निगरानी टीम व गतिशील फ्लाईग स्क्वायर्ड टीम द्वारा किये जा रहे चेकिंग अभियानों/कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि चेकिंग निगरानी के दौरान गाड़ियों को रोकने पर सामान्य नागरिकों के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करें। जिससे किसी जनसामान्य को कोई कष्ट न हो और अवैध गतिविधियों व संचालन पर सर्तकता के साथ कार्यवाही करें। निर्वाचन प्रक्रिया को हमें प्रलोभनमुक्त व वैध आर्थिक आयामों के आवरण में ही सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराना है।

मा0 पुलिस प्रेक्षक सन्ध्या रानी मेहता ने निरीक्षण के दौरान संवेदनशील केन्द्रो पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, माईक्राआब्जर्वर, सीपीएमएफ, की मौजूदगी सहित कानून व्यवस्था व शान्तिपूर्ण सुरक्षित माहौल में निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न बनाने हेतु सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। उन्होंने सख्त संदेश दिया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघन कत्तई नही बर्दाश्त किया जायेगा। मतदान प्रक्रिया में विघ्न बाधा पहुॅचाने की सोचने वाले असामाजिक, शरारती तत्वों पर तत्काल कठोर कार्यवाही करते हुए विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। मा0 तीनों प्रेक्षकों द्वारा बताया गया कि चुनाव को समावेशी, माहौल में भयमुक्त व प्रलोभनमुक्त बनाया जायेगा। उन्होंने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील किया कि 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में वोट कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# रिटर्निंग आफिसर द्वारा अंतिम रूप से नामांकन स्वीकृत 10 प्रत्याशियों को आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह्

**●किसी भी प्रत्याशी ने नही लिया नामांकन पर्चा वापस**

**78-भदोही लोकसभा निर्वाचन के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में**

**भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करें सभी प्रत्याशी-जिला निर्वाचन अधिकारी**




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 09 मई 2024:-**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी, सुरक्षित मतदान, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन के अन्तर्गत रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, सहायक रिटर्निंग आफिसर भानसिंह की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के स्वीकृत 10 नामांकन प्रत्याशियों की सूची एवं उनके चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। किसी भी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र वापस नही लिया। इसके पूर्व सभी प्रत्याशियों द्वारा अपने अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता के साथ उपस्थित होकर फोटो व प्रमाणित हस्ताक्षर का रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी पहचान पत्र लिया गया।

रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह द्वारा सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में प्रत्याशियों की अन्तिम प्रमाणित सूची नाम, फोटो, पार्टी का नाम, आवंटित चुनाव चिन्ह् सहित सभी को चेक कराया गया की आप स्वयं चेक कर ले कि कही कोई मिस प्रिन्ट या गलती तो नही है। सभी प्रत्याशियों द्वारा चेक करने के बाद हस्ताक्षर कर कन्फर्म किया गया कि सब सही है। रिटर्निंग आफिसर द्वारा आवंटित चुनाव चिन्ह् की सूची को पढ़कर सुनाया भी गया तथा बताया गया कि किस प्रत्याशी को क्या चुनाव चिन्ह् आवंटित किया गया है। आवंटित चुनाव चिन्ह् की प्रमाणित प्रति प्रत्याशियों को भी दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 विनोद कुमार बिन्द को चुनाव चिन्ह् कमल, बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर को हाथी, राष्ट्र उदय पार्टी से कृष्ण देव को ट्रक, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी से प्रेमचन्द बिन्द को गन्ना किसान, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राज नारायण पटेल को कटहल, राष्ट्रीय समाज पक्ष से राम प्रकाश मिश्रा को सीटी, ऑल इण्डिया तृणमूल कॉग्रेस पार्टी से ललितेशपति त्रिपाठी को पुष्प और तृण, ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी से सुशील को शेर, निर्दल प्रत्याशी धीरेन्द्र कुमार तिवारी को टेलीफोन, डॉ0 श्यामधर तिवारी को मासिच की डिब्बी प्रतीक चिन्ह् आवंटन किया गया है। साथ ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा दिन प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय के लेखे के रख-रखाव के लिए रजिस्टर एवं आवश्यक प्रपत्र दिये गये।

# दीवानी न्यायालय परिसर व अन्य विभागों में 13 जुलाई, 2024 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** गुरुवार को नवागत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / अपर जनपद न्यायाधीश श्री विनय आर्या ने बताया कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में माननीय मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि दिनांक- 13 जुलाई 2024 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मड़िहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा।

उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण (नोडल) एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगणों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिये और प्रशासन के समस्त विभागो के अधिकारीगण / नोडल अधिकारीगण से अपेक्षा करते है कि विभागों में लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन मामलों / प्रकरणों को तथा बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। यह भी बताया कि विशेष तौर पर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बीट्रेशन के लम्बित मुकदमों / मामलें, पारिवारिक / वैवाहिक मुकदमों, सिविल/बटवारा के मुकदमों व चेक बाउन्स के मुकदमों व लघु आपराधिक मुकदमों एवं ई-चालानी मुकदमों को सुलह-समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने एवं वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास है।

नवागत सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश डीएलएसए श्री विनय आर्या ने जनपद के




समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमो, ई-चालानो का निस्तारण करावें। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे विवाद /मामलें/पति-पत्नी के विवाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुये है जैसेः- बैंक ऋण वसूली (एन.पी.ए. खाता), अन्य विभागों के प्रकरण एवं वैवाहिक प्री-लिटीगेशन स्तर के सभी मामलों को निस्तारित कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के कार्यालय में स्थापित फन्ट आफिस पर किसी भी कार्य दिवस में पक्षकार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# 8 मई विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला मण्डलीय रक्तकेन्द्र में शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें कुल 18 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया तथा मेडिकल स्क्रीनिंग के बाद 13 लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया । रक्तदान करने वाले धनराज कसेरा , बृजेश कुमार , राजकुमार गुप्ता , अमन उमर , वैभव बरनवाल, रोहित कसेरा ,अमित कुमार ,अजय कुमार बिंद ,अविनाश गुप्ता , सुमित केसरवानी ,पंकज जायसवाल , दीपक कुमार , आर्येश सेठ रहे । जिसमें पांच सदस्यों ने संस्था द्वारा निरंतर हो रहे रक्तदान शिविर से जागरुक होकर पहली बार रक्तदान किया । बतौर मुख्य अतिथि मण्डलीय चिकित्सालय स्‍वष्ट डॉक्टर तरुण सिंह ने बताया कि विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने यह रक्तदान शिविर जिला मंडलीय रक्त केंद्र में आयोजित कर हमारे रक्त केंद्र में रक्त की आपूर्ति पूरा करने में विशेष सहयोग प्रदान करती आई है , ट्रामा सेंटर के हो जाने से यहां एक्सीडेंटल इमरजेंसी मरीज़ो को ब्लड मिलने से हम उनकी जान बचाने में कामयाबी हासिल कर पाते है क्योंकि मानव रक्त की आपूर्ति एक स्वस्थ इंसान रक्तदान करके ही पूरा कर सकता है । संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने बताया की आज का यह रक्तदान शिविर थैलेसीमिया मरीज को समर्पित है यह वह मरीज है जिन्हें पूरी लाइफ हर माह 2 से 3 यूनिट ब्लड चढ़ाया जाता है संस्था के संपर्क में मीरजापुर जिले के अभी तक 15 थैलेसीमिया मरीज को गोद ले रखा है । इसमें 2 साल से 35 वर्ष आयु के मरीज शामिल है । ऐसे मरीजों को जरूरत पड़ने पर ब्लड की उपलब्धता रक्तदान कर के ही पुरी की जा सकती है ताकि जब भी यह ब्लड चढ़वाने जिला चिकित्सालय आवे तो इनको रक्तकेंद्र से बिना रिप्लेसमेंट के ब्लड मिल जाए । कार्यक्रम में उपस्थित 21 वर्षीय थैलेसीमिया मैरिज निहाल दुबे रक्तदान कर रहे रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और अपने इस जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि सन 2005 से ही मुझे ब्लड चढ़ाया जा रहा है मैं शुक्रगुजार हूं उन सभी रक्तदाताओं का जो रक्तदान करके रक्त केंद्र रक्त जमा करने में अहम भूमिका निभाते हैं ताकि हम थैलेसीमिया मरीजों की जिंदगी चलती रहे निहाल ने ये भी बताया कि मुझे प्रत्येक माह में 2 यूनिट ब्लड की जरूरत पड़ती है और मैं जब भी ब्लड बैंक आता हूं मुझे ब्लड मिल जाता है तभी मैं अपने जीवन का आज इतना लंबा सफर तय कर पाया हूं । मौके पर उपस्थित रक्त केंद्र प्रभारी डॉ राजन कुमार , रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन आशुतोष दुबे , जनसंपर्क अधिकारी रामकुमार गुप्ता , विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्य. सदस्य विनय कुमार , हिमांशु कसेरा , हर्षित वर्मा , मोहित कसेरा , शशांक गुप्ता ,अमन कुमार सेठ , आदित्य बरनवाल ,मोहित सेठ , शशांक गुप्ता , स्वरूप गुप्ता , अंश अनन्त ,शिवकुमार शुक्ला अभिनव गुप्ता , ऋषभ मेहरोत्रा , लैब टेक्नीशियन अमित कुमार पटेल एवं शैलेंद्र वर्मा रहे।



## संक्षिप्त ख़बरें

### कोरांव पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार। 120 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद

**कोराव प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चाय गए अभियान के अंतर्गत कोरांव पुलिस द्वारा अभियुक्त गपोली सोनकर पुत्र नेब्बू लाल निवासी धाव थाना कोरांव जनपद प्रयागराज नेवारी रोड धाव पहाडी के पास थाना गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 120 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद की गयी । उक्त गिरफ्तारी / बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-114/2024 धारा 60 श्वङ्ग ष्टश्च पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### भारतीय किसान यूनियन ने मासिक बैठक कर दिया मांगपत्र

**मनकापुर गोण्डा-** भारतीय किसान यूनियन (भारत का संगठन )ने विकास खंड बभनजोत परिसर मे मासिक बैठक कर जिलाधिकारी गोण्डा के नाम तीन सूत्रीय मांगपत्र खंडविकास अधिकारी बभनजोत के प्रतिनिधि को सौपा। विकास खण्ड बभनजोत परिसर मे भारतीय किसान यूनियन (भारत का संगठन ) प्रदेश महासचिव किसन विहारी वर्मा के नेतृत्व मे मासिक बैठक कर तीन सूत्रीय मांगपत्र खण्ड विकास अधिकारी प्रतिनिधि को सौपा।अपने मांग पत्र के माध्यम से मांग किया है कि गर्मी के मौसम मे आग लगने से किसानो का भारी नुकसान होता है ऐसे स्थिति मे सभी थानो पर एक दमकल की व्यवस्था की जाय, विकास खण्ड बभनजोत अंतर्गत केशव नगर ग्रांट पूर्वी भरपूरवा, उल्लंहवा मे जो सोखता गड्ढा खोदा गया है 2 फरवरी को खोदा गया जिसमे एक जानवर भैस का बच्चा गिरकर मरगया या तो उसको बनवाया जाय या तो पटवाया जाए, किसानो को सिचाई करने के लिए मोटर्स कनेक्शन दिया जाए फर्जी मे किसानो को तंग न किया जाय। इस बैठक मे जिला सलाहकार श्याम लाल सोनी, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, तहसील सचिव पूरन यादव, तहसील उपाध्यक्ष जमुना प्रसाद, तहसील संगठन मंत्री कनिक राम मौर्या, ब्लॉक अध्यक्ष राम सरन चौधरी सहित अधिकांश पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**ब्यूरो प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी के द्वारा गुरूवार को कलेक्टेड्ट परिसर में बनाये गये कंट्रोल रूम एवं एम0सी0एम0सी0 कमेटी का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक महोदया के द्वारा रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए कार्यो के बारे में जानकारी ली गयी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गर्मीः मौसमी बीमारियों में होम्योपैथी की लें मदद

**मथुरा।** गर्मी का सितम जारी है। वहीं तापमान में उतार चढाव से लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दिन में गर्मी है और रात में अभी भी मौसम इतना गर्म नहीं है। इस समय मौसम की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। कॉमन कोल्ड, जुकाम, बुखार, आंखों में जलन, दस्त, उल्टी, उच्च रक्तचाप, नाक में जलन आदि बीमारियों के मरीज ओपीडी में अधिक पहुंच रहे हैं। कचहरी स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर ही प्रतिदिन इस तरह की बीमारी के 40 से 50 मरीज पहुंच रहे हैं। एक रुपये के पर्चे पर यहां मरीजों को दवाई और इलाज दिया जा रहा है। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा.एमपी सिंह ने बताया कि तेज गर्मी से होने वाली मौसमी बीमारियों में होम्योपैथी कारगर पद्धति है। मरीजों को जल्द स्वास्थ्य लाभ हो जाता है। साथ ही कहा कि लोगों को इस मौसम में कुछ सावधानी बरतनी चाहिए। तेज धूप में न निकलें, तरल पदार्थों का सेवन करें, मौसमी फल खाएं, रात को हल्का खाना लें।

### नगर निगम ने वसूला जुर्माना

**मथुरा।** सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रतिबन्धित प्लास्टिक, पॉलीथीन के विरूद्ध लगातार चल रहे अभियान के क्रम में प्रवर्तन दल की टीम व स्वच्छता निरीक्षक श्री निहाल सिंह एवं सफाई विभाग के कर्मचारियों के साथ टाउनशिप से औरंगाबाद बाजार तक सिंगल यूज प्रतिबन्धित प्लास्टिक, पॉलीथीन, अतिक्रमण, गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में लगभग 13700 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही अभियान के दौरान सभी दुकानदारों को भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करने, गंदगी न करने एवं सिंगल यूज प्रतिबन्धित प्लास्टिक, पॉलीथीन का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी दी गयी।

# प्रयागराज में डिजिटल अरेस्ट कर 1.48 करोड़ की ठगी में हिरासत में लिए गए तीन लोग

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** शहर के जार्जटाउन में डिजिटल अरेस्ट कर अफसर की पत्नी काकोली दासगुप्ता (68) से 1.48 करोड़ की ठगी का खुलासा जल्द हो सकता है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। अफसर की पत्नी के खाते से उड़ाई गई रकम को इन्हीं खातों के जरिये इधर से उधर भेजा गया। फिलहाल, देर रात तक पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी रही।

सूत्रों का कहना है कि जिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनके खातों में रकम का लेनदेन हुआ। इन्हीं में से एक खाता ऐसा भी है जिसकी रकम फ्रीज कराई गई। पुलिस ने केवाईसी विवरण के आधार पर उन्हें पकड़ा। फिलहाल यह बात सामने आई है कि अफसर की पत्नी के खाते से उड़ाई गई रकम को डिजिटल मुद्रा में परिवर्तित कर इसे देश से बाहर कैश कराया गया। फिलहाल, इस मामले में साइबर थाना पुलिस ज्यादा कुछ बताने को तैयार नहीं है। प्रभारी राजीव तिवारी का कहना है कि जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

**इंटरनेट कॉल का किया था इस्तेमाल**

इस मामले में साइबर अपराधियों ने आईपी (वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) कॉल का इस्तेमाल किया था। पुलिस उस आईपी एड्रेस को ट्रेस करने में भी जुटी है, जिसके जरिये यह कॉल की गई। इस तरह की कॉल इंटरनेट के जरिये की जा सकती है और इसके लिए कॉल करने वाले के पास फोन का होना जरूरी नहीं है। फिलहाल, पुलिस वह आईपी एड्रेस ट्रेस करने में जुटी है, जिस पर चल रहे इंटरनेट कनेक्शन से यह कॉल की गई। महिला के खाते से उड़ाई गई रकम दो बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इनमें से एक खाता एसबीआई व दूसरा खाता यस बैंक का है। इन्हीं में से एक खाते में भेजी गई 40 लाख लाख की की रकम को तत्परता दिखाते हुए होल्ड करा दिया गया।

यह प्रयागराज का पहला केस है जिसमें महिला को डिजिटल अरेस्ट कर उससे साइबर ठगी की गई। वादिनी का आरोप है कि उनके नाम पर ड्रग्स, लैपटॉप व क्रेडिट कार्ड वाला पार्सल ताइवान भेजने की बात कहकर पहले इंटरनेशनल कूरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर एक व्यक्ति ने संपर्क किया। पार्सल के बारे में जानकारी न होने की बात कहने पर शिकायत दर्ज कराने को कहा। फिर पुलिस अफसर बनकर एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो कॉल पर बात की और डरा-धमकाकर रकम खातों में जमा करवा लिए।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट।**

यह साइबर अपराध का नया तरीका है। इसमें साइबर ठग लोगों को झूठे इल्जाम लगाकर ब्लैकमेल करते हैं। जब आप उनकी बातों में फंस जाते हैं तो वह पुलिस के बड़े अधिकारी से बात कराने का झांसा देकर अपने ही गिरोह के किसी अफसर से वीडियो कॉल पर बात कराते हैं। इसके बाद शिकार बनाए गए व्यक्ति को इतना डरा धमका दिया जाता है कि वह घबरा जाए। साथ ही फंसने का डर दिखाकर किसी से संपर्क करने, कॉल करने या घर से बाहर निकलने से भी मना कर दिया जाता है। वह बताता है कि आपका आधार, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट किसी गैरकानूनी काम के लिए इस्तेमाल हुआ है। साथ ही अगर उसकी बात नहीं मानी तो आप कानूनी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसके बाद वह रुपयों की मांग करता है।

## क्सप्रेस ट्रेन से उतारे गए 93 बच्चे, मानव तस्करी की सूचना से खलबली

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर एक बार फिर से मानव तस्करी के मामले ने खलबली मचा दी है। सीमांचल एक्सप्रेस से राजस्थान और उत्तराखंड ले जाए जा रहे थे 93 बच्चों को प्रयागराज जंक्शन पर उतारा गया है। इन बच्चों की तस्करी की सूचना कंट्रोल रूम को भेजी गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। एजेंटो के छह ग्रुप के साथ यह बच्चे ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इनकी उम्र 10 साल से लेकर 13 साल के आस पास है। छह एजेंटों को भी आरपीएफ ने पकड़ लिया है। बच्चों को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया है। बाल कल्याण समिति मामले में पूछताछ कर रही है और बच्चों की काउंसलिंग चल रही है।

आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी विजय प्रकाश पंडित ने बताया कि हम लिखा पढ़ी कर रहे हैं। मामले में पूछताछ भी जारी है। एजेंटों का कहना है कि वह मदरसे में पढ़ाई के लिए बच्चों को ले जा रहा थे। वहीं, बाल कल्याण समिति अब मामले की तह तक जाने के लिए काउंसलिंग कर रही है। पूछताछ में पता चला है कि बच्चों को जबरन भेजा रहा था। इसी तरह प्रयागराज जंक्शन पर वर्ष 2022, 2023 में भी दर्जनों की संख्या में बच्चों को ट्रेन से उतारा गया था। सभी बच्चे बिहार के सहरसा, खगड़िया, पूर्णिया आदि के रहने वाले हैं।

## लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

**● - प्रेक्षकगणों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत तथा आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी, डॉ0 मानिक गुरसाल, पुलिस प्रेक्षक मयूर पाटिल तथा व्यय प्रेक्षक संतोष कुमार, राजकुमार प्रजापत की उपस्थिति में गुरूवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि कोई भी निर्वाचन से सम्बंधित प्रचार-प्रसार का कार्य अनुमति लेने के बाद ही किया जाये। व्यय प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन में व्यय की जाने वाली निर्धारित सीमा का पूर्णतः पालन किया जाये। उन्होंने कहा कि व्यय की मानीटरिंग के लिए एफ0एस0टी0, एस0एस0टी0 टीम, वीडियो सर्विलांश टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, एकाउटिंग टीमें कार्य कर रही है। सामान्य प्रेक्षकगण के द्वारा कहा गया कि आदर्श आचार संहिता से सम्बंधित कोई भी शिकायत सीविजिल एप पर की जा सकती है। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि चुनाव से सम्बंधित कोई भी शिकायत या सुझाव देना चाहें, तो वह लिखित रूप में उपलब्ध करा सकते है।

बैठक में मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार के द्वारा पार्टी पदाधिकारियों, अभिकर्ताओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यय से सम्बंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रपत्रों तथा उनके भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत

**● - हॉस्पिटल सीज पंजीकरण रद्द।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज लालजी बिन्द पुत्र हुबलाल ग्राम-ढिलिया बबुरा, माण्डा प्रयागराज की शिकायत कि उनकी पुत्री सोनम, पत्नी रोहित कुमार बिन्द की प्रसव हेतु लक्ष्मी हास्पिटल, रामनगर में दिनांक-06.05.2024 को रात्रि को भर्ती कराया गया, किन्तु चिकित्सक की लापरवाही से गलत उपचार करने के कारण प्रसूता की मृत्यु हो गयी।

शिकायतकर्ता द्वारा उक्त हास्पिटल के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित टीम द्वारा रामनगर स्थित लक्ष्मी हास्पिटल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पूर्व उप जिलाधिकारी मेजा तथा सम्बन्धित चैकी प्रभारी, सिरसा को संज्ञानित कराते हुए लक्ष्मी हास्पिटल, रामनगर को सील करते हुए तत्काल प्रभाव से उक्त हास्पिटल के पंजीकरण को निलम्बित कर दिया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने दो।

# चोरी की बोलेरो बरामद, एक पकडा

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई सर्विलांस टीम की से थाना क्षेत्र से चोरी हुई बोलेरो गाडी के साथ अन्तर्राज्यीय एक शातिर चोर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना हाइवे पुलिस और सर्विलांस सैल मथुरा की टीम ने संयुक्तर कार्यवाही करते हुए थाना हाईवे क्षेत्र से पूर्व में चोरी हुई बुलेरो गाडी को अन्तरार्ज्यीय शातिर चोर सारुक पुत्र बाबु खां निवासी ग्राम जोल थाना टोडाभीम जिला करोली राजस्थान हाल निवासी विजयनगर जयपुर राजस्थान के कब्जे से मथुरा से भरतपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर अडुकी मोड़ से करीब 100 मीटर भरतपुर की तरफ से बरामद किया। बरामद बुलेरो गाडी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई थी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक उमेशचन्द्र त्रिपाठी थाना हाईवे, चौकी प्रभारी बालाजीपुरम चेतन कुमार भारद्वाज, चौकी प्रभारी तारसी ललित कुमार,



प्रभारी सर्विलांस सैल विकास कुमार, एसआई सावेज चौधरी थाना हाईवे, एसआई नमन गोयल थाना हाईवे, सौरव तेवतिया थाना हाईवे थे।


# सुर्खियों में रहने के लिए जिला प्रशासन कुछ एक बसों में गाने बजवाकर दौड़ा रहा कागजी घोड़ा

**अदम गोड़वी की कुछ लाइने....**

तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है
मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है,
उधर जम्हूरियत का ढोल पीटे जा रहे हैं वो
इधर परदे के पीछे बर्बरीयत है,नवाबी है,
लगी है होड़ - सी देखो अमीरी औ गरीबी में
ये गांधीवाद के ढाँचे की बुनियादी खराबी है,
तुम्हारी मेज़ चांदी की तुम्हारे जाम सोने के
यहाँ जुम्मन के घर में आज भी फूटी रक़ाबी है,

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा-** लोकसभा निर्वाचन-2024 में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने कागजों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है।लेकिन धरातल पर स्थितियां कुछ और है ऐसे ही सोमवार को जारी विज्ञपति बताया गया कि पूरे जनपद में सुव्येवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के अन्तर्गत जोर शोर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गोण्डा का बस स्टेशन भी पूरी तरह से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जुड़ गया है। लेकिन गोण्डा डिपो की बसों में यात्रियों को मेरा गोण्डा मेरी शान, 20 मई को करें मतदान... की गूंज सुनाई देनी शुरू हो गई है।लेकिन गोण्डा बस स्टेशन पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर भी से संदेश प्रचारित कर जनपदवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।लेकिन प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के बाद जब मीडिया द्वारा गोण्डा रोडवेज बस अड्डा पहुंचकर कई रोडवेज बसों में बैठे यात्रियों से संपर्क करके बात की गई तो यात्रियों ने हर एक सिरे से बात को खारिज करते हुए कहा हमें किसी बस में कोई चुनाव संबंधित या मतदान संबंधित शासन प्रशासन का गीत नहीं सुनाई दिया है।इस बारे में मैं कुछ नहीं जानता हूँ।जबकि जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रोडवेज गोंडा रोडवेज क्षेत्रीय कार्यालय पर कार्यालय सहायक अतुल कुमार मिश्रा के बयान सहित वर्तमान में गोंडा डिपो के करीब 72 बसों में का हवाला देते हुए लखनऊ,कानपुर,दिल्ली, प्रयागराज,वाराणसी सहित प्रदेश की कई बड़े शहरों को जाने वाली बसों में चुनाव से संबंधित गीत बजाने का हवाला दिया गया है।और बताया गया कि प्रतिदिन 10 से 12000 यात्री इन बसों में सफल यात्रा करते हैं।जो गांव शहर में धूम मचा रहा,मेरा गोंडा मेरी सान गीत सुन रहे हैं।तथा



मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तैयारी से जनपद के वाहनों में धूम मच रही है। इसके साथी बताया गया कि जनपद में संचालित सभी स्वच्छ वाहनों ई-रिक्शा समेत अन्य माध्यम से गीत को गांव-गांव तक पहुंचा जा रहा है। लेकिन प्रशासन की इन दावों की असलियत कुछ और ही है।गोंडा रोडवेज बस अड्डे पर आने जाने वाली कई बसों में यात्रियों से संपर्क किया गया तो किसी यात्री ने और ना ही किसी ड्राइवर ने ऐसा कुछ बताया।जिससे प्रशासन द्वारा किया गया दावा खोखला साबित होकर महज कागज़ों तक सीमित दिख रहा है।

# चुनाव प्रचार में राहुल तो रोजाना अडानी-अंबानी का ले रहे हैं नाम,क्या बोलने के पहले मोदी का थिंक टैंक सच्चाई चेक नहीं करता

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मई को तेलंगाना के करीमनगर में दिए भाषण में दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योग घराने अडानी और अंबानी का जिक्र करना बंद कर दिया है. इस वीडियो में पीएम मोदी ये भी आरोप लगाते हैं कि पहले राहुल अडानी - अंबानी की आलोचना खूब करते थे. पर लोकसभा चुनाव 2024 घोषित होने के बाद से ही उन्होंने आलोचना करना बंद कर दिया है.

लेकिन प्रधानमंत्री का ये दावा तथ्यों की कसौटी पर खरा नहीं उतरता. पीएम का दावा है कि राहुल ने लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद से अडानी - अंबानी की आलोचना करना बंद कर दिया. इसके विपरीत , सच्चाई ये है कि लोकसभा चुनाव की वोटिंग शुरू होने के बाद भी राहुल ने एक नहीं कई बार उद्योग घराने अडानी - अंबानी की आलोचना करते हुए ऐसे कई आरोप लगाए हैं जो वो पहले भी लगाते रहे हैं.

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अडानी-अंबानी के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को छेड़ना मुसीबत वाला साबित हुआ है। राहुल गांधी का जवाबी हमला इंटरनेट पर 3 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। भाजपा आईटी सेल उस वीडियो के दस घंटे बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पाया। पार्टी ने पूरी तरह चुप्पी साध ली है। पार्टी की ओर से राहुल के हमले के जवाब में मोदी के बचाव के लिए कोई आगे नहीं आया। कोई भी टीवी चैनल अंबानी और अडानी पर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए कोई तर्क नहीं दे सका। लेकिन कांग्रेस गुरुवार को इस मुद्दे पर आक्रामक रही।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत से लेकर तमाम कांग्रेस नेताओं ने मोदी को अडानी से जोड़ते हुए कई फोटो गुरुवार को सोशल मीडिया पर जारी किए।

मोदी ने बुधवार को तेलंगाना की रैली में कहा था- "मैं उनसे (राहुल गांधी) यह बताने के लिए कह रहा हूं कि उन्होंने उनसे कितना पैसा लिया है। राफेल के खिलाफ उनका भाषण नाकाम होने के बाद, उन्होंने 'पांच कारोबारी, पांच कारोबारी' का जाप शुरू कर दिया। बाद में, उन्होंने 'अंबानी-अडानी' का जाप करना शुरू कर दिया। लेकिन चुनाव की घोषणा होने के बाद, उन्होंने अचानक रातों-रात अंबानी और अडानी को गाली देना बंद कर दिया। दाल में जरूर कुछ काला है। मैं तेलंगाना की धरती से पूछना चाहता हूं- शहजादा को बताने दीजिए कि अंबानी-अडानी से कितना पैसा उठाया गया है। क्या कांग्रेस के पास तेजी से पैसा पहुंचा है? ऐसी कौन सी डील हुई कि रातोरात अंबानी-अडानी को गाली देना बंद हो गया?" इसके बाद राहुल ने इसका जवाब दिया जो इंटरनेट पर दूसरे दिन भी छाया हुआ है। लेकिन भाजपा खेमे में खामोशी है। सरकार समर्थित चैनल खामोश हैं।

पीएम के इन आरोपों के बाद कांग्रेस ने फिर से 'अडानी-मोदी संबंध' को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रियंका गांधी से लेकर पवन खेड़ा तक ने राहुल के हाल के बयान गिनाए। इसके साथ ही कांग्रेस ने फिर से उस अभियान को छेड़ दिया है जिसमें राहुल सवाल पूछते रहे थे कि 'मोदी का अडानी से रिश्ता क्या है?'

अडानी-अंबानी मुद्दे को लेकर पीएम मोदी के आरोपों पर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री घबरा गये हैं। राहुल की यह कड़ी प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान पर आई है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही कांग्रेस नेता ने अडानी-अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं तेलंगाना की जनता से पूछना चाहता हूं, शहजादा बताएं- अंबानी-अडानी से कितना लिया? कितना काला धन ले जाया गया? क्या कैश से भरे टेंपो कांग्रेस तक पहुंच गए हैं? वह कौन सा सौदा हुआ है? आपने रातों-रात अंबानी-अडानी को गाली देना क्यों बंद कर दिया?'

प्रधानमंत्री मोदी के इस आरोप कि 'अंबानी-अडानी से कितना लिया और क्या कैश से भरे टेंपो कांग्रेस तक पहुंच गए हैं", राहुल ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है, देश जानता है। राहुल गांधी ने जो वीडियो बयान जारी किया है उसमें उन्होंने सीधे पीएम को संबोधित करते हुए कहा है, 'नमस्कार मोदी जी, थोड़ा-सा घबरा गए क्या! नॉर्मली, आप बंद कमरों में अडानी जी, अंबानी जी की बात करते हो, लेकिन पहली बार पब्लिक में अडानी-अंबानी बोला।' उन्होंने आगे कहा, 'आपको ये भी मालूम है कि टेंपो में पैसा देते हैं। क्या यह आपका पर्सनल एक्सपीरिएंस है? एक काम कीजिए। सीबीआई-ईडी को इनके पास भेजिए न। पूरी जानकारी लीजिए, इन्क्वायरी कराइए। जल्दी से जल्दी कराइए। घबराइए मत मोदी जी।' राहुल ने आगे कहा, ' मैं फिर से दोहराकर कह रहा हूँ। जितना पैसा नरेंद्र मोदी जी ने इनको दिया है न, उतना ही पैसा हम हिंदुस्तान के ग़रीब लोगों को देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना, पहली नौकरी पक्की योजना, इन योजनाओं के माध्यम से। करोड़ों लाखपति बनाएँगे हम।

**इन्होंने 22 अरबपति बनाए हैं, हम करोड़ों लाखपति बनाएँगे।'**

उनके अडानी और अंबानी जैसे 22-25 दोस्त हैं और जो भी काम कर रहे हैं वह उन्हीं के लिए है। जमीन उनके लिए है, जंगल उनके लिए है, मीडिया उनका है, बुनियादी ढांचा उनका है, फ्लाईओवर उनका है, पेट्रोल उनका है। सब कुछ उनके लिए है। दलितों, आदिवासियों, पिछड़े समुदायों के लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र में आरक्षण मिलता था, अब वे हर चीज का निजीकरण कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि रेलवे का भी निजीकरण किया जाएगा, यह आपका संपत्ति का क्षेत्र है- रेलवे, सड़क, फ्लाईओवर, ये आपके हैं और अडानी का नहीं है। वह उन्हें सब कुछ दे देते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मीडिया के लोग यहां हैं, क्या वे कभी आदिवासियों के बारे में बात करते हैं। कभी नहीं। वे अंबानी की शादी को 24 घंटे दिखाएंगे।'

प्रधानमंत्री मोदी के आरोपों के बाद कांग्रेस ने अडानी-अंबानी को लेकर हमला नये सिरे से तेज कर दिया है। पवन खेड़ा ने एक बयान जारी कर कहा है, 'तीन चरणों के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी इतने बौखला गए कि अडानी-अंबानी के खिलाफ बोलने लगे। पीएम मोदी ने कहा- राहुल गांधी जी अडानी-अंबानी का नाम नहीं लेते। सच्चाई ये है- 3 अप्रैल से अब तक राहुल गांधी जी 103 बार अडानी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके हैं।'

कांग्रेस प्रवक्ता ने भी अडानी से जुड़ा मोदी का फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया जो पहले से ही वायरल है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- नरेंद्र मोदी ने अपनी आगामी हार देख अडानी-अंबानी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा है कि यह दोनों टेम्पो में भर-भरकर काला धन बांट रहे हैं। पर इस खुलासे के बाद भी जांच एजेंसी और मीडिया को सांप सूंघ गया है। डरिए मत मोदी जी, जांच कराइए, हम आपके साथ हैं। 10 साल भ्रष्टाचार में डूबे रहने के बाद कल (बुधवार) नरेंद्र मोदी ने अडानी और अंबानी के टेम्पो में काले धन का पर्दाफ़ाश किया

नरेंद्र मोदी को ये हिम्मत राहुल गांधी की निर्भीकता से मिली - जैसे मुस्तैदी से राहुल जी लगातार भ्रष्टाचारियों का भांडाफोड़ रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार पर किए खुलासे ने पूरी भाजपा और सरकार में हड़कंप मचा दिया है। सबको लग रहा है कि हार से घबरा कर अगर मोदी अपने जिगर के टुकड़े को कुर्बान कर सकते हैं तो हम क्या चीज हैं? सरकार में सबसे ज्यादा डरे हुए अमित शाह हैं।

कांग्रेस प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए लगभग 100 चार्टर्ड उड़ानों - देश और विदेश दोनों में - पर सवाल उठाती रही है। कांग्रेस ने बार-बार जानना चाहा कि इन यात्राओं के लिए किसने भुगतान किया था। कांग्रेस का कहना है इस हवाई यात्रा की अनुमानित लागत लगभग 16.56 करोड़ रुपये थी और पूछा कि इसका भुगतान किसने किया था। अर्जुन मोढवाडिया ने आरटीआई के जरिए 2003 और 2007 के बीच मोदी की यात्रा के बारे में जानकारी मांगी थी। आरटीआई के अनुसार, मोदी ने स्विट्जरलैंड (1 जुलाई, 2007), दक्षिण कोरिया (16 जून, 2007), जापान (15 अप्रैल, 2007) और चीन (1 नवंबर) की यात्रा की। जिसमें कुछ प्रसिद्ध उद्योगपति भी थे। भाजपा और मोदी की ओर से आजतक इस पर कोई सफाई पेश नहीं की गई।

राहुल गांधी अपनी दोनों भारत जोड़ो यात्रा से पहले से ही अडानी-अंबानी का नाम लेकर मोदी पर हमला कर रहे हैं। लेकिन यहां पर हम आपको हाल की कुछ रैलियों के बारे में बताएंगे, जिसमें राहुल ने अडानी-अंबानी का नाम लेते हुए मोदी पर हमला बोला। अभी 7 मई को ही राहुल ने झारखंड में हमला बोला। झारखंड में 7 मई को राहुल के शब्द थे- ÷भाजपा कहती है कि आप वनवासी हैं और वे सारी वन भूमि अडानी को दे देंगे। 24 घंटे... वह जो कुछ भी करते हैं अरबपतियों के लिए करते हैं। उनके अडानी और अंबानी जैसे 22-25 दोस्त हैं और जो भी काम कर रहे हैं वह उन्हीं के लिए है।"

राहुल ने 6 मई को मध्य प्रदेश के खरगौन में कहा था- ÷पूरा सार्वजनिक क्षेत्र ख़त्म हो जाएगा और देश पर 22-25 लोगों का शासन होगा। ये लोग हैं कौन? ये भारत के अरबपति और अडानी जैसे लोग हैं जिनकी नजर आपकी जमीन, जंगल और पानी पर है। वे चाहते हैं कि ये चीजें आपसे छीन ली जाएं और उन्हें सौंप दी जाएं. और वे नरेंद्र मोदी के खास दोस्त हैं। क्या आपने अडानी का नाम सुना है? पीएम अडानी को आपकी जमीन, जल और जंगल देना चाहते हैं... सभी हवाई अड्डे, बिजली स्टेशन, बंदरगाह, बुनियादी ढांचा पीएम मोदी ने इन 22-25 लोगों को दे दिया है।"

राहुल ने 6 मई को रतलाम में कहा था- "प्रेस कभी भी आदिवासियों के बारे में बात नहीं करता है। इसमें अंबानी की शादी, बॉलीवुड, डांसिंग दिखाई जाएगी। लेकिन जब आदिवासियों पर अत्याचार होता है, आपकी जमीन छीन ली जाती है तो ये नहीं दिखाते...नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपति लोगों का कर्ज माफ किया है। अगर वे अमीरों को पैसा दे सकते हैं, तो हम दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और सामान्य वर्ग के गरीबों को दे सकते हैं।"

राहुल गांधी ने 4 मई को दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा- "मीडिया में कोई दलित, आदिवासी, पिछड़े और सामान्य वर्ग के गरीब लोग नहीं हैं।... कॉर्पोरेट भारत को देखें। सबसे बड़ी 200 कंपनियां... आपको एससी, एसटी, पिछड़े समुदायों और सामान्य वर्ग के गरीबों में से कोई भी नहीं मिलेगा ...क्या आपका या किसी रिश्तेदार का कर्ज माफ किया गया है? अडानी जी और 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया गया है, यह 24 साल के लिए मनरेगा का पैसा है।" इससे पहले राहुल ने 2 मई को कर्नाटक के शिमोगा में कहा था- "पिछले दस वर्षों में, उन्होंने 22 लोगों के लिए काम किया है। उन्होंने भारत की संपत्ति 22 लोगों की जेब में डाल दी...अडानी, अंबानी और ऐसे लोगों की जेब में...हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं।" राहुल के मई में दिए गए भाषण का जिक्र हमने इस रिपोर्ट में किया है। लेकिन अप्रैल और मार्च में तो राहुल ने अडानी-अंबानी को मोदी से जोड़कर आरोपों की झड़ी लगा दी थी। यानी पिछले एक वर्ष में कोई महीना खाली नहीं गया है जब राहुल ने इन कारोबारियों का नाम लेते हुए मोदी पर हमला न बोला हो।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रधान मंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 70 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 9मई को पाकुड़िया प्रखण्ड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से स्वास्थ्य साहिया के साथ आई,70गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य चिकित्सा डा,अभय कुमार यादव ने किया।जांच में स्वास्थ्य केन्द्र के तकनीशियन नागेश प्रसाद,अटल प्रसाद,नर्स एवम स्वास्थ्य कर्मियों सराहनीय सहयोग रही।जांच के क्रम में रक्त,वजन,रक्त चाप व स्वास्थ्य की जांच की गयी।जांच के उपरांत महिलाओं को आवश्कता अनुसार दवा दी गयी।गर्भवती महिलाओं को भारी काम नहीं करने बल्कि हल्के घरेलु काम करने के अलावे,पौष्टिक भोजन जिसमें दूध,अंडा,व मौसमी फल,सब्जियां लेने की नेक सलाह चिकित्क अभय कुमार ने दी।स्मरण रहे,प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत महिने की 9तारीख को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की जाती है।पूछने पर डा ने बताया स्वास्थ्य परीक्षण से गर्भवती महिलाओं को लाभ होता है विशेष प्रसव के समय पर।

## जरमुंडी प्रखंड के राजा सिमरिया पंचायत में मनरेगा योजनाओं में लूट मची हुई है



**दुमका-** 2023- 24 वित्तीय वर्ष में आवंटित कूप निर्माण एवं काऊ शेड योजना की राशि कमीशन खोरी का भेंट चढ़ चुका है। कुआँ निर्माण की लाखों की राशि दलालों का निवाला बन गया है। यही हाल मवेशियों के रखरखाव के लिए बनाए जाने वाले शेड का है। मनरेगा योजना राशि में मची लूटपाट को लेकर लाभुक की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीण विकास की इस महत्वाकांक्षी योजना को कमीशन खोरों ने पलीता लगा दिया है।

## यदुनाथ बालिका उच्च विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति ने झारखंड माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2023-24 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



**हजारीबाग-** गुरुवार को यदुनाथ बालिका उच्च विद्यालय परिसर के सभागार में झारखंड माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2023-24 में, विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें पुरे विद्यालय में नगमा तबस्सुम 96त्न अंक लाकर सर्वोच्च स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर प्रिया कुमारी 90.60त्न अंक प्राप्त किया , जबकि 90.20त्न अंक पाकर अलिका परवीन तृतीय स्थान पर रही। वहीं चतुर्थ स्थान में विद्यालय के तीन छात्राएं विद्या कुमारी अग्रवाल, संध्या कुमारी एवं प्रियांशी चौधरी ने 89.20त्न अंक प्राप्त अंक प्राप्त किया है । आपकों बता दें कि इन सभी छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ सजल मुखर्जी एवं सभी सदस्यों के द्वारा नगद राशि पुरस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की इस भव्य कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सचिव डॉ सजल मुखर्जी, मनोज सेन, गौरांग सेन, काजल मुखर्जी,असित चटर्जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पूर्व विधायक ने चौपारण में भाजपा चुनावी कार्यालय का किया उदघाटन

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने चौपारण मंडल में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की अगुवाई मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भाजपा का माहौल है। लोग मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने को तैयार हैं। कहा कि इस बार हम सबका नारा है कि भाजपा को जिताना है और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना। मौके पर एसी मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, जिप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा नेता राजदेव यादव, आशीष सिंह, अशोक ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा मो सेराज अंसारी, मो सफाल उद्दीन, पप्पू अंसारी, मो अतहर अंसारी, सुरेन्द्र पांडेय, जितेंद्र सिंह, पवन सिंह, जगदीश यादव, सर्योत्तम पांडेय, देवकुमार दाँगी, कृष्णा पासवान, तपेश्वर ठाकुर, उपेन्द्र प्रजापति, मुकेश सिंह, संतोष पासवान, कपिलदेव यादव, मधु यादव, कामदेव प्रजापति, संतेन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, सुरेश दाँगी, राजेन्द्र भगत, मधु रजक, अजय रविदास सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारत के विकास के लिए मोदी से बेहतर कोइ नेता नही है- कलावती देवी

स्वतंत्र प्रभात



**कैरो/लोहरदगा/झारखंड-** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल क्षेत्र के तीन सक्ति केंद्र गुड़ी,नरौली,एवं गजनी में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी पथसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कलावती देवी एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विन्देश्वरी उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव जी को भारी मतों से विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूत करने की बातें कही गई जनसभा को संबोधित करते हुए विगत दस वर्षों में भाजपा के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया गया। वहीं झारखण्ड में गठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस जेएमएम व राजद ने मिलकर झारखण्ड को खोखला कर दिया। यहां के मंत्री विधायक के पास करोड़ो रुपये आय दिन पकड़े जाते हैं। और आमजनता के लिए कोई काम धरातल पर नही दिखाई देता है। आदिवासी मुख्यमंत्री का हवाला देकर हेमंत सोरेन आदिवासियों के साथ खेलवाड़ किया है जिसकी सजा खुद भुगत रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि गठबंधन सरकार के रवैये से झारखंड के जनता त्रस्त है भ्रष्टाचार की आकंठ में सरकार डूबी हुई है। जेएमएम के दो विधायक आज पार्टी से अलग होकर चुनाव मैदान में है तो सोचिए उन विधायको के साथ क्या हुआ होगा इनसे अपना परिवार नही संभल रहा है तो विकास की बात कैसे संभव हो सकता है।आप सभी कमल फूल छाप पर वोट देकर समीर उरांव को सांसद बनाने का काम करेंगे मोदी विकास की गारंटी है। वहीं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कलावती देवी ने संबोधित करते कही हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरी दुनिया भारत को विश्व गुरु मानने को तैयार है।

महिलाओं के मान सम्मान की बात करें तो अब कोई भी पुरुष तलाक तलाक बोलकर नारी का अपमान नही कर सकता कांग्रेस के सरकार 70 सालो तक इन सभी अधिकार से वंचित रखने का काम किया। इंडिया गठबंधन यह बोलते थक नही रहा कि भाजपा की सरकार बनी तो संविधान खत्म हो जाएगा,परंतु इन लोगो को मालूम नही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पास करके महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया है।आप सभी मतदाताओं से आग्रह हैं कि ऐसे भ्रष्टाचारियों को उखाड़ कर फेंक दे। ताजा मामला निकलकर सामने आया है जिसमे मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के नौकर के घर से करोड़ो का नगदी पकड़ाया है। ये सब गरीबो का हकमारी कर रुपये जमा करना कांग्रेस का नीति है। आपसभी 13 मई दिन सोमवार को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर समीर उरांव जी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव,पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो,जिला कार्यसमिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन,पूर्व बिस्सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो,मंडल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति,दीपक साहू,कुलदीप सिंह,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष गोविंद महतो,एस टी मोर्चा सुखन उरांव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अचानक बीजेपी प्रत्याशी सीता पहुंची ससुर शिबू सोरेन के आवास, मंत्री बसंत सोरेन से की बात, चर्चा का बाजार गर्म

स्वतंत्र प्रभात

**दुमका, झारखंड-** वर्ष 1970 में बॉलीवुड में एक फ़िल्म आयी थी महल. देवानंद और आशा पारेख अभिनीत इस फिल्म का एक गाना सुपर हिट हुआ था. किशोर कुमार और आशा भोंसले की आवाज में गाना का बोल है- ये दुनियां वाले पूछेंगे, मुलाकात हुई, क्या बात हुई. ये बात किसी से ना कहना फल्म रिलीज होने के 53 वर्ष बाद आज दुमकावासी इस गाने को गुनगुना रहे हैं. इसे गुनगुनाने की वजह आप भी जानने को बेताब होंगे. चलिए बताते हैं वजह।

**अचानक सीता सोरेन शिबू सोरेन आवास पहुंची**

दरअसल झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू और दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन ने परिवार और पार्टी से बगावत कर बीजेपी का दामन थाम लिया. बीजेपी ने दुमका लोकसभा सीट से सुनील सोरेन का टिकट काटकर सीता सोरेन को प्रत्याशी बना कर मैदान में उतार दिया. झामुमो में रहते सीता सोरेन का आशियाना दुमका के खिजुरिया स्थित शिबू सोरेन आवास रहा, लेकिन बीजेपी जॉइन करने के बाद जब सीता सोरेन दुमका पहुंची तो शिबू सोरेन आवास के बदले किराए के घर में रहना शुरू की।

**मीडिया वालों से सीता सोरेन ने क्या कहा**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीजेपी जॉइन करने के बाद गुरुवार को पहली बार सीता सोरेन शिबू सोरेन आवास पहुंची. आवास पर छोटे देवर सह मंत्री बसंत सोरेन भी मौजूद थे. आवास से निकल कर जब मीडिया ने सवाल किया तो सीता सोरेन ने कहा कि कोई खास नहीं, आवास है तो आना ही होगा. मेरा ही आवास है, खड़े रहकर बनवाए हैं. बड़े बुजुर्ग से पूछ लीजिए, पता चल जाएगा. कल नॉमिनेशन है उसकी तैयारी कर रहे हैं. यहां आप मीडिया वालों से मुलाकात हो रही है. जब उनसे पूछा गया कि मंत्री बसंत सोरेन भी आवास में ही हैं तो क्या उनसे भी मुलाकात हुई? सीता ने कहा कि हां उनसे भी मुलाकात हुई, जो बात हुई वो बताने की नहीं है।

**मंत्री बसंत सोरेन ने भी मीडिया के किसी सवाल का जबाब नहीं दिया**

आज सीता सोरेन नॉमिनेशन करने वाली है



और बीते गुरुवार को अचानक खिजुरिया स्थित शिबू सोरेन आवास पहुंच गयी. आवास में मंत्री बसंत सोरेन से मुलाकात और बात भी स्वीकार कर रही है, लेकिन क्या बात हुई यह बताने को तैयार नहीं. वैसे इस मुलाकात पर मंत्री बसंत सोरेन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं हुए. इस मुलाकात से चर्चा का बाजार गर्म है. नॉमिनेशन से पूर्व क्या गुरुजी से आशीर्वाद लेने सीता आवास पहुंची थी या फिर अपनी पुरानी यादों को समेट कर आवास से वापस लौट गई? वैसे गुरु जी फिलहाल दुमका में नहीं हैं. कहीं इस आवास दौरा के राजनीतिक मायने तो नहीं? वैसे आवास में मौजूद मंत्री बसंत सोरेन ने भी मीडिया के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

# सीता और नलीन आज करेंगी नामांकन, जुटेंगे कई दिग्गज, नॉमिनेशन के बहाने शक्ति होगा प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**दुमका, झारखंड-** संथाल परगना प्रमंडल के तीनों लोकसभा सीट पर चुनाव अंतिम चरण में यानी 1 जून को है. धीरे धीरे संथाल परगना प्रमंडल में राजनीतिक माहौल गर्माने लगा है. दुमका लोक सभा की बात करें तो बुधवार तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नॉमिनेशन नहीं किया गया है. 7 प्रत्याशियों ने नामांकन के लिए नाजीर रशीद जरूर खरीदा है. लगता है सभी प्रत्याशी शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं.

**सीता सोरेन और नलीन सोरेन कल करेंगे नामांकन**

आज दुमका लोक सभा सीट के लिए बीजेपी और झमुमो प्रत्याशी द्वारा नॉमिनेशन किया जाएगा। बीजेपी से शिबू सोरेन की बड़ी पुत्रबधू सीता सोरेन मैदान में है तो झामुमो से शिकारीपाड़ा विधायक नलीन सोरेन चुनाव लड़ रहे हैं. दोनों ही प्रत्याशी आज नॉमिनेशन करेंगे.नॉमिनेशन के बाद जनसभा भी होगी. एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का होगा जुटान,एक तरफ़ राजनाथ और बाबूलाल तो दूसरी तरफ चंपाई और कल्पना मंच पर मौजूद

आज दुमका में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं का जुटान होगा. एनडीए प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में शहर के यज्ञ मैदान में जनसभा होगी बीजेपी मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि नॉमिनेशन और जनसभा की तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी है. उन्होंने कहा कि यज्ञ मैदान में आयोजित जनसभा को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेता संबोधित करेंगे. दुमका के बाद राजनाथ सिंह गोड्डा के लिए रवाना हो जाएंगे. जहां पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे.

**नामांकन के बाद आउटडोर स्टेडियम में जेएमएम की जनसभा होगी**

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलीन सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन दुमका आएंगे. झमुमो नेता शिबा बास्की ने बताया कि नामांकन के बाद आउटडोर स्टेडियम में जनसभा होगी. जिसे सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित घटक दल के कई नेता संबोधित करेंगे. दुमका के बाद सीएम और कल्पना सोरेन राजमहल के लिए रवाना हो जाएंगे. जहां पार्टी प्रत्याशी बिजय हांसदा के नॉमिनेशन में शामिल होंगे.

**क्या जेठानी और देवरानी एक दूसरे पर चलाएंगी शब्दबाण**

आज दुमका की धरती पर एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं का महजुटान होगा. एक तरह से कहा जाए तो नॉमिनेशन के बहाने शक्ति प्रदर्शन होगा. सबसे बड़ी बात सोरेन परिवार की दो बहु सीता सोरेन और कल्पना सोरेन दुमका की धरती पर रहने के बाबजूद अलग अलग मंच पर नजर आएंगी. इस चुनावी समर में जेठानी और देवरानी क्या एक दूसरे पर शब्दबाण चलाएंगी, यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

# झमाझम बारिश में भी जारी रहा जनसंपर्क, निरंतर 68 वें दिन सांसद प्रत्याशी मनीष ने बरही क्षेत्र के 20 गांवों में जनसंवाद कर मांगा वोट

● मौसम ने दिया साथ, कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह, बरही में खूब गूंजा मोदी- मनीष का नारा

1200 से अधिक गांवों से साधा संपर्क, भाजपामय है क्षेत्र, तीसरी बार नमो को पीएम बनाने को जनता है आतुर- मनीष जायसवाल

मनीष उम्मीदवार नहीं परिवार हैं- मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में अब महज़ 10 दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में विभिन्न सांसद प्रत्याशियों ने मैदान में चुनाव प्रचार अभियान तेज़ कर दिया है। चुनाव कार्यालय और प्रचार गाड़ी भी मैदान में दिखने लगे हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ऐसे तो पिछले 67 दिनों से अनवरत क्षेत्र में दस्तक दिए हुए हैं और लगातार क्षेत्र में तुफानी जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा, रामगढ़ विधानसभा, मांडू विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा और सदर विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर पंचायतों का दौरा पूर्ण कर लिया है और क्षेत्र के छूटे हुए गांवों तक पहुंचने की उनकी कवायद जारी है। पिछले 67 दिनों से प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच चुनावी जनसंपर्क के बाद गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के तुफानी दौरे के दौरान जब अचानक मौसम ने करवट लिया और मूसलाधार बारिश शुरू हुई तो मनीष जायसवाल ने राहत की सांस ली, उनके साथ चल रहें कार्यकर्ताओं में भी बेहद उत्साह दिखा और खुशनुमा मौसम के बीच झमाझम बारिश के बीच भी मनीष जायसवाल जनसंपर्क करते दिखे। क्षेत्र में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और ग्रामीणों ने नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी और मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे के साथ अबकी बार 400 पार के नारे खूब बुलंद किए और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीताकर सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का संकल्प भी लिया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के 11 पंचायत के कुल 20 गांवों का तुफानी जनसंपर्क कर जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने तूफानी दौरे की शुरूआत रानीचुवां पंचायत के ग्राम चलंगा से जनसंवाद कर किया। जिसके बाद चतरो, बरियाठ्ठा, श्रीनगर, बरसोत, कोरियाडीह, दुलमाहा, लखना, बूढ़ीडीह, सिंहपुर, कारीमाटी, पडिरमा, डूमरडीह, बरहीडीह, लस्करी, फुरहारा, बेन्दगी, रसोईया धमना, पौडैया और बरही चौक का सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा। इस दौरान सभी गांवों में लोगों लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गाजे- बाजे और ढोल-ताशे के साथ फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया।

मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि पिछले करीब 2 महीने में मैंने बतौर प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 1200 से अधिक गांव से संपर्क साधा है। पूरा क्षेत्र भाजपामय है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने को लेकर जनता आतुर दिख रही है। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंवाद के दौरान लोगों को यह भी समझाया कि आगामी चुनाव में आप वोट किसे और क्यों दें। इस पर विचार रखते हुए उन्होंने कांग्रेस के करीब 72 साल की नाकामी और भाजपा के करीब 15 साल के जनकल्याणकारी कार्यो को विस्तार से जनता को बताया। मनीष जायसवाल ने लोगों से आग्रह किया कि सोच समझकर राष्ट्र और अपने भविष्य की चिंता करते हुए आगामी 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान करें। उन्होंने यह भी कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री और मुझे अपना सांसद चुनने के लिए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर ईवीएम के क्रम संख्या 02 में बटन ज़रूर दबाएं। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में दौर में उनके साथ चल रहे बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की मनीष जायसवाल उम्मीदवार नहीं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के परिवार हैं और अपने परिवार का सांसद बनाएं ताकि अपनों का ख्याल बेहतरी से रख सकें। मनीष जायसवाल जन सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं और पिछले 10 साल में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र को विकास के पायदान में ऊंचा उठाया है। निश्चित रूप से वे सांसद बनकर जहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की सेवा करेंगे वहीं विकास के क्षेत्र में भी हजारीबाग लोकसभा आगे बढ़ेगा। मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, छोटन गोप, सुभाष यादव, सुधीर यादव, लालजी यादव, भीम यादव, महेश यादव, भगीरथ यादव, पंसस कामेश्वर पासवान, देवेंद्र यादव, विनोद यादव, शंकर रविदास, महाविर रविदास, सहदेव रविदास, विजय राणा, महदेव यादव, सिकंदर यादव, संजय यादव, राजू रजक, प्रकाश ठाकुर, सरयू राणा, रंजीत यादव, राजू यादव, तुलसी यादव, महेंद्र यादव, इन्दर देव यादव, अजय प्रसाद, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया नारायण यादव, बरही पूर्वी मण्डल अध्यक्ष बंधन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता डोमन पाण्डेय, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, ब्रह्मदेव यादव, केशव यादव, उप मुखिया दामोदर प्रसाद, चौधरी प्रसाद साहू, नरेंद्र कुमार, रामचंद्र प्रसाद, नरेश प्रसाद उर्फ़ छोटे, अनूप अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, इंद्र कुमार पंडित, नरेंद्र कुमार उर्फ़ पप्पू पंडित, शिव शंकर उर्फ़ पच्चू, भूपेंद्र यादव, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मतदान केंद्र बदलाव होने पर लोहबंधा गांव के मतदाताओं में आक्रोश, वोट बहिष्कार का किया ऐलान

● बुथ संख्या 229 से रीलोकेट किए गए बुथ संख्या 231 की 12 किलोमीटर है दूरी

मतदाताओं ने जिला प्रशासन से की बुथ संख्या 229 पर ही वोटिंग कराने की मांग

मतदान केंद्र संख्या 229 पर तीन गांव के कुल 801 मतदाताओं की है संख्या



स्वतंत्र प्रभात

**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंड-** पलामू जिला के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती बुथ संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा को बदलाव करते हुए बुथ संख्या 231 स्तरोन्नत उच्च विद्यालय महुडंड (दक्षिणी भाग) रीलोकेट करने पर उक्त मतदान केंद्र के तीन गांव लोहबंधा, नासोजमालपुर, नइया गांव के मतदाताओं ने काफी आक्रोश जताया है। इस दौरान आक्रोश जताते हुए उक्त मतदान केंद्र के मतदाताओं को कहना है कि हम सभी मतदाता अपने मूल मतदान केंद्र संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा को बदलाव करने पर जिला प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश जताते हुए नाराज़गी जताई है व मतदाताओं ने कहा कि बदलाव किए गए बुथ संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा से बुथ संख्या 231 स्तरोन्नत उच्च विद्यालय महुडंड (दक्षिणी भाग) की दूरी 12 किलोमीटर है।

मौके पर मतदाताओं को कहना है कि अभी के समय में इस चिलचिलाती धूप में 12 किलोमीटर दूर पर स्थित बदलाव किए गए बुथ संख्या 231 पर जाकर मतदान करने से असमर्थ जताते हुए इंकार किया है। व कहा कि हमलोग सभी मतदाता 1998-99 ई0 से हुए लोकसभा व विधानसभा के आम चुनाव में मतदान अपने मूल मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में स्थाई रूप से लगातार पांच से छः बार से मतदान करते आयें है। व कहा कि हम सभी मतदाता अपने बुथ संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा पर ही अपना मतदान करेंगे। हमलोग की मांग पर पहल नही किए जाने पर बाध्य होकर सभी मतदाताओं ने सामुहिक रूप से वोट बहिष्कार करेंगे। व आगे कहा कि कुछ दिन पूर्व ही पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो, सीआरपीएफ पदाधिकारी व हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पियूष कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार के द्वारा बुथ संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा को निरीक्षण किया गया है कि यहां के मतदाताओं का क्या परेशानी है सभी आला अधिकारी अवगत हैं। विदित हो कि मतदान केंद्र संख्या 229 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा के कुल मतदाताओं की संख्या 801 है जिसमें पुरुष मतदाता 429 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 372 है।

# खोड़ाहर के सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता कुलदीप सिंह का आकस्मिक निधन

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर निवासी कुलदीप सिंह का बुधवार की देर रात को आकस्मिक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से खोड़ाहर गांव में शोक की लहर है। कुलदीप सिंह एक सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता के साथ साथ वन बचाने के अलावा उनका पर्यावरण से काफी लगाव था। स्थानीय लोग बताते है कि कुलदीप सिंह ने अपने जीवन काल में काफी जंगल बचाने का काम किया और गांव में पेड़ पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित करने का काम करते रहे। बताते चलें कि कुलदीप सिंह बड़े हंसमुख व मृदुल व्यवहार के लिए जाने जाते थे। लोग बताते है कि वह हमेशा कहा करते थे कि वह अंग्रेज जमाने के सरपंच हैं। उनकी सादगी, विनम्रता और परोपकारी भावना के कारण वे सभी के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। कुलदीप सिंह अपने पीछे दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर चल बसे। गुरुवार को खोड़ाहर शमशान घाट में उनके भतीजा प्रदीप सिंह ने मुखाग्नि दिया। घटना की सूचना पाकर हज़ारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज यादव, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पप्पू चंद्रवंशी, विजय वर्मा, परमेश्वर यादव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

# सैम पित्रोदा का नस्लीय इंटरव्यू राष्ट्रवाद पर प्रहार- हिन्दु विचार मंच

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने सैम पित्रोदा के रंग भेदी कथन का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए इसे भारतीय राष्ट्रवाद पर गहरी चोट बताया। रंग भेद के संदर्भ में दिए गये अपने अंतर्वीक्षा में पित्रोदा ने उत्तर भारतीय को गोरों, पूर्वी भारतीयों को चाइनीज, पश्चिमी भारतीयों को एवम दक्षिण भारतीयों को अफ्रीकियन कहना अति निंदनीय व विभाजन कारी मानसिकता है। मंच ने पूरे आत्मविश्वास भरे शब्दों में दावों के साथ जोर देकर कहा,भारत में विदेशी आक्रमण के पश्चात मुगलों एवम अंग्रेजों के शासन काल को ही भारत समझना पूरी तरह भारतीय संस्कृति से अनभिज्ञता को दर्शाता है।मंच ने आगे कहा है भारत की गौरवमई संस्कृति को गम्भीरता से अध्ययन,मनन करने के उपरांत चिंतन करने से विशिष्टता भरी भारत के स्वर्णिम अतीत या इतिहास को समझा जा सकता है।अंग्रेजी सभ्यता में पले पढ़ें लोग जहां पारिवारिक विविधता है और महिलाओं को हेय दृष्टि से देखते हुए,केवल मनोरंजन की वस्तु समझी जाती रही है।इसका सबसे बड़ा उपमा है कि पश्चिमी देशों में नारियों को अपने अधिकार के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि भारत देश मर्यादित राष्ट्र में महिला को पुरुष की अर्द्धांगिनी मानते हुए कोई भेद विभेद नहीं।पश्चिम विशेष कर ब्रिटेन में रंग भेद की नीति व रीति से ग्रसित हो पित्रोदा भारत में ऐसे विभाजन कारी बातें कह कर,भारत में आदिकाल से आ रही राष्ट्रीय भाव पर चोट कर भारत में पुनःबिना प्रांतीय या भाषाई भेद-भाव से बह रही राष्ट्रीय भावना पर, एक साज़िश के तहत कुटिलता पूर्ण शैली में भारतीय राष्ट्र को कमजोर करने की असफल प्रयास किया जा रहा है जिसका कड़ा प्रतिकार हम सभी भारतीयों को करना समय की मांग है। हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने जोर देकर कहा है भारत वर्ष में भले ही प्रदेशों की भाषाएं अलग हो सकती है लेकिन,भारत की पावन भूमि में साहित्य भेद कतई नहीं रही है श्री रामचन्द्र जी को सम्पूर्ण भारत वर्ष श्री राम ही कहते हुए श्रद्धा की जाती रही है।विदेशी विशेष कर पित्रोदा ऐसे संस्कार हीन एवम नैराश्य



पूर्ण जीवन जीने बाले नेता,क्या यह जानने का कभी भी प्रयास किया है कि महादेव के वाहन नंदी(बैल),गणेश के मूशक,एवम आदि माता शक्ति स्वरुपिणी मां पार्वती के सवारी सिंह है पर सभी एक साथ रहते आये हैं कोई न द्वेष,न ही हिंसक वृति यही है भारतीय संस्कृति।

# श्रीराम समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**लोहरदगा, झारखंड-** श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव उपस्थित थे। बैठक में नववर्ष विक्रम संवत को लेकर समीक्षा बैठक हुई जिसमें आय व्यय का हिसाब किताब सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समीक्षा बैठक के पश्चात लोकसभा 2024 को लेकर चर्चा हुई जिसमे प्रभु राम जी के मंदिर को तोड़ने, 370 हटाने एवं धर्म के आधार पर आरक्षण देने को लेकर निंदा करते हुए ऐसे राजनीतिक पार्टी को सबक सिखाने की बात कही गई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि धर्म की रक्षा, देश की रक्षा, सविधान की रक्षा एवं भारत को विकसित करने वाले, पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले, भारत को विश्वगुरु की ओर अग्रसर करने वाले, काशी मंदिर, महाकाल मंदिर को भव्य बनाने तथा जिसने प्रभु राम को लाया है हम उसे फिर से लायेंगे। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, बिंदेश्वर उरांव, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, ओम महतो, विनोद प्रसाद, जगमोहन महली, बजरंग करवा, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, राजेश उरांव, अजय प्रसाद, विष्णु साहू, गुड्डु साहू, सुरेंद्र साहू, बजरंग साहू, गुंजन वर्मा, संगीता कुमारी, समेला भगत,





सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, मंजू सिंह, मीना बाखला, विक्की कुमार, रीता देवी, मीरा देवी, सूरज सहदेव, अमर सिंह, ज्योति भगत, रंजीत यादव, भीम महतो, दिग्गज कुमार सिंह, सुदामा गुप्ता, रामकुमार साहू, दिलीप यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सतगावां में निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सतगावां-** कोडरमा संसदीय क्षेत्र के कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सतगावां प्रखण्ड के वैधडीह में ब्यूटी कुमारी एवं राजीव यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर निर्दलीय उम्मीदवार जय प्रकाश वर्मा के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर कार्यकर्ता सुजीत कुमार, बिनोद कुमार राय, रंजन कुमार, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, मुन्ना कुमार, पवन कुमार, बीरेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों ?


सैम अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए।

सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।

आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो ,इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं।सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं ,उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरुआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए।

माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्स' की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधनमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुई। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे।

सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया। 2004 में जब देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को वापस भारत बुलाकर उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाय। वहीं 2009 में यूपीए सरकार के दौरान पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार नियुक्त किया गया ।

मुझे लगता है कि यदि माननीय मोदी जी भी सैम अंकल की प्रतिभा को पहचान लेते तो वे भी उनकी सेवाएं लेने से न हिचकते किन्तु सैम अंकल का गांधी परिवार के निकट होना ही उनकी तमाम उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए काफी साबित हुआ। सैम अंकल का रिश्ता राहुल गांधी से भी बेहद खास रहा। यहां तक कि पित्रोदा को राहुल गांधी का राजनीतिक गुरु भी माना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पित्रोदा को राहुल का अंकल कहकर तंज करती है।

लेख तनिक लंबा हो सकता है किन्तु सैम अंकल को समझने के लिए इसे बर्दाश्त करना पडेगा आपको । दरअसल सैम अंकल वैज्ञानिक हैं,लेकिन अंधभक्त नहीं। वे हमेशा खरी-खरी कहते हैं इसलिए भाजपा के मन से उतरे रहते हैं। सैम पित्रोदा ने जून 2023 में कहा था कि मंदिरों से देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी दिक्कतों का समाधान नहीं होगा, इन मुद्दों पर कोई बात नहीं करता। हर कोई राम और हनुमान मंदिर की बातें करता है। उन्होंने ये कहकर राजनीतिक भूचाल ला दिया था कि मंदिर निर्माण से आपको रोजगार नहीं मिलेगा। हाल ही में सैम अंकल ने %द स्टेटमेंट% को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में भारत को विविधतापूर्ण देश बताया। उन्होंने कहा, ÷जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं। पश्चिम के लोग अरब जैसे। उत्तर के लोग गोरे और दक्षिण के लोग अफ्रीका जैसे दिखते हैं। ÷

सैम अंकल कभी भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने नहीं आये किन्तु भाजपा को सैम अंकल कांग्रेस के सबसे बड़े नेता दिखाई देते हैं ,इसीलिए भाजपा सैम अंकल के हर बयान को कांग्रेस से जोड़कर न सिर्फ मुद्दा बनाती है बल्कि उनकी हर बात को पूरी गंभीरता से लेती है। आपको याद होगा कि पिछले दिनों सैम अंकल ने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। यानी किसी शख्स के मरने के बाद उसकी संपत्ति का कुछ हिस्सा उसके रिश्तेदारों को दिया जाता है, जबकि एक बड़ा हिस्सा सरकार अपने पास रख लेती है। सैम पित्रोदा ने इस कानून को एक रोचक कानून बताया था । मोदी जी ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया। अब सैम अंकल का ताजा बयान भाजपा के लिए संजीवनी बन गया है। भाजपा सैम अंकल के बहाने पूरी कांग्रेस को नस्लवादी बताने की कोशिश कर रही है लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई लाभ भाजपा को होगा नहीं।

मजे की बात ये है कि सैम अंकल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के काम आये थे । उस समय उन्होंने 1984 के सिख दंगों को लेकर कुछ कह दिया था। इसी साल 2019 में सैम पित्रोदा ने कहा था कि मेडिकल क्लास को स्वार्थी नहीं बनना चाहिए. उनको कांग्रेस की प्रस्तावित न्याय योजना की फंडिंग के लिए ज्यादा से ज्यादा टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि टैक्स का बोझ बढ़ने से मिडिल क्लास को स्वार्थी बनीं बनना चाहिए। उनके इस बयान पर भी भाजपा ने काफी बवाल काटा था।सैम अमरीका में बैठे हैं और कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के काम आ रहे है। भाजपा को यदि सैम अंकल के उपकारों से उऋण होना है तो उनकी आलोचना करने के बजाय उन्हें भारतरत्न से सम्मानित करना चाहिए।

## संपादकीय

# पुतिन फिर पांचवीं बार रूस के सर्वे सर्वा। क्या तानाशाही का नया दौर शुरू होगा ?




(शपथ ग्रहण का पश्चिमी देशों द्वारा खुला बहिष्कार)

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फिर रूसी सरकार के पांचवें राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने रूस के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में शपथ ग्रहण की है। उनके पांचवीं बार शपथ ग्रहण लेते ही विश्व में शांति स्थापना के प्रयासों को एक बड़ा झटका लगा है । इस शपथ ग्रहण समारोह का रूस,ब्रिटेन तथा अन्य यूरोपीय देशों ने बहिष्कार कर दिया। 2000 में पहली बार व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री चुने गए थे, उसके बाद 2004 2012 और 2018 में राष्ट्रपति की शपथ ले चुके हैं। व्लादिमीर पुतिन के राष्ट्रपति चुने जाने के साथ ही वैश्विक देश तथा अन्य संगठनों के विश्व स्तर पर चलाए जा रहे शांति प्रयासों में निराशा जनक वातावरण तैयार हुआ है। व्लादिमीर पुतिन को साम्राज्यवादी विचारधारा का बड़ा समर्थक बताया जाता है और इसी विस्तारवादी सनक के चलते उन्होंने यूक्रेन में बड़ा सैनिक हमला किया था, अरबो रुपए के नुकसान तथा जान माल की हानि के बाद भी युद्ध अभी तक जारी है। अभी भी व्लादिमीर पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति के हौसले लड़ाई के लिए बुलंद देखे जा रहे हैं। रूस में 2000 से लेकर 2024 तक व्लादिमीर पुतिन 5 बार राष्ट्रपति चुने गए हैं इस दौरान अमेरिका में पांच अलग-अलग राष्ट्रपति और ब्रिटेन के सात प्रधानमंत्री बदले जा चुके हैं। शपथ लेने के बाद कांस्टीट्यूशनल कोर्ट के अध्यक्ष वालेरी जरकिन ने स्वागत किया और विक्ट्री शेक हैंड किया। पुतिन ने शपथ ग्रहण के बाद 21 तोपों की सलामी लेते हुए राष्ट्रगान भी किया इसके बाद उन्होंने अपनी स्पीच में कहा कि हम उन देशों से बात करने सहर्ष तैयार हैं जो हमें परंपरागत दुश्मन समझते हैं। हम अन्य देशों से अपने संबंध बेहतर बनाना चाहते हैं उल्लेखनीय की शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका ब्रिटेन यूरोप के अन्य देशों ने बहिष्कार किया है हालांकि भारत के राजदूत विनय कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। दिनांक 15 मार्च से 17 मार्च 24 तक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित किए गए थे इसमें व्लादिमीर पुतिन को 88त्न वोट मिले थे और उनके विरोधी निकोले खरातीनोव केवल 4त्न वोट ही मिले हैं। वैश्विक स्तर पर इस चुनाव को गैर-पारदर्शी और गैर-निष्पक्ष चुनाव माना गया है क्योंकि इस चुनाव में पुतिन का कोई खास विरोध नहीं किया गया था। रूस में जोसेफ स्टालिन के बाद व्लादिमीर पुतिन ही सबसे ज्यादा समय से राष्ट्रपति बने हुए हैं रूस की जनता उन्हें कितना पसंद करती है यह तो नहीं मालूम पर वर्ष 2000 से 24 तक व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आर्थिक सामरिक तथा सामाजिक परिवर्तन किए हैं एवं लगातार यूरोपीय देशों का विरोध करते आ रहे हैं। पिछले 2 वर्ष से ज्यादा समय से यूक्रेन से साम्राज्यवादी युद्ध की आधारशिला भी व्लादिमीर पुतिन ने ही रखी है एवं अभी भी युद्ध जारी है। यह तो तय है कि वैश्विक स्तर पर बाहुबली अमेरिका, ब्रिटेन,कनाडा, फ्रांस की वैश्विक दादागिरी को रूस व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में चेक एंड बैलेंस करने में कामयाब रहा है। व्हाइट हाउस के पूर्व सुरक्षा सलाहकार फियोना हिल के अनुसार व्लादिमीर पुतिन अपने को रूस के सम्राट की तरह महान समझने लगे और 10 वर्ष पहले से क्रीमिया में कब्जे के बात तथा देश को यूक्रेन के युद्ध में झुकने के बाद काफी नाटकीय परिवर्तन हुए हैं अब व्लादिमीर पुतिन अपने को प्रगतिवादी शासक से बदलकर साम्राज्यवादी नेता के रूप में स्थापित करने के प्रयास में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पूरे विश्व में चीन के तानाशाह शी जिनपिंग, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भी तुलना एक तानाशाह राष्ट्रपति के रूप में की जाती रही है। चीन और उत्तरी कोरिया को जहां वैश्विक शांति के लिए पूरा विश्व खतरा मानता है वही यूक्रेन युद्ध के बाद व्लादिमीर पुतिन भी इसी श्रेणी में आकर खड़े हो गए हैं। रूस की समाचार एजेंसी के अनुसार पुतिन ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के भाषण में कहा है कि हम अपने एशियाई साथी दोस्तों के साथ मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर के लिए काम करते रहेंगे उन्होंने यह भी कहा कि हम यूरोपीय देश के साथ खुले दिल से बात करने की तैयार है जो हमेशा हमारे विकास में बड़ा अवरोध बनते रहे हैं एवं रूस के विरुद्ध आक्रामक रवैया अपना कर रखते हैं। अब यह आशा की जानी चाहिए कि व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के बाद शायद उनके वैचारिक एवं सामरिक विचारों में परिवर्तन आ जाए।

# किस दिशा में जा रहा है देश का चुनाव




देश में लोकसभा चुनाव के तीन चरण समाप्त हो चुके हैं। और चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। इस बीच चुनाव के मुद्दों में अचानक फेरबदल हुआ है। जो आरोप विपक्ष सरकार पर लगा रहा था अचानक वही आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर लगा दिया। नोट भर भर कर टैम्पो किसके पास अडानी और अंबानी ने पहुंचाए हैं ऐसा प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया। कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। कांग्रेस के नेता तुरंत सोशल मीडिया पर आए और उन्होंने अपने वक्तव्य में जो कहना था वह कह डाला। अब यहां पर जनता भ्रमित है कि आखिरकार अडानी और अंबानी किसके सगे हैं। जिन अडानी और अंबानी को विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दोस्त बताता था। जिन पर यह आरोप लगाता था कि प्रधानमंत्री मोदी अडानी और अंबानी का खुल कर सहयोग कर रहे हैं और इसके बदले में ये बड़े-बड़े बिजनेस मैन भारतीय जनता पार्टी को आर्थिक मदद करते हैं। लेकिन अब यही आरोप कल एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर मढ़ दिए। चुनाव के शुरुआती चरण में विपक्ष ने मुद्दे उठाना शुरू किया था। और वह मुद्दे गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और विकास के थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने हिंदुत्व को आगे लाकर इन मुद्दों की दिशा को मोड़ दिया। विपक्ष भी मुद्दों से भटक गया और वह संविधान बचाने के लिए मतदाताओं से मतदान करने की अपील करने लगा। इधर भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर, धारा 370 और हिंदुत्व की रक्षा को लेकर दम भरनी शुरु कर दी। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वह राम मंदिर बंद करा देगी धारा 370 को फिर से वापस ले आएगी। वहीं कांग्रेस मुसलमानों के पक्ष में खड़ी होती दिखाई दी और उसका कहना था कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को बदलने का कुचक्र रच रही है। और यदि वह सत्ता में दोबारा से आ गई तो वह निश्चित ही संविधान को बदल देगी। यानि कि जो उम्मीद थी वही हुआ और चुनाव में मुद्दे धर्म और जाति पर आकर अटक गए और असली मुद्दे भटक गए।

चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वह वही मुद्दे उठा रहे हैं जिससे कि जनता दबाव में आकर वोट करे। और फिर पांच साल तक जिस सरकार को जो करना है वह होगा ही। माना कि पिछले समय में बहुत से अच्छे कार्य हुए हैं लेकिन अभी भी जनता के असल मुद्दों को दबा दिया गया है। महंगाई चरम सीमा पर है और उतना रोजगार उपलब्ध नहीं है। सरकारी नौकरियां हर व्यक्ति को नहीं मिल सकतीं लेकिन व्यापार भी लोगों के नहीं चल पा रहे हैं। गरीबी दर बढ़ी है तभी हम 70 करोड़ से अधिक जनता को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। इन चुनावों में फ्री राशन का बहुत बड़ा योगदान है। फ्री राशन पर विपक्ष भी कुछ बोलने को बच रहा है। अखिलेश यादव तो यह तक कह रहे हैं कि यदि उनकी यानि कि गठबंधन की सरकार आती है तो वह जनता को पौष्टिक आहार और राशन देंगे। दोनों पक्ष चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो एक दूसरे पर ही आरोप लगाते दिख रहे हैं अपने काम की कोई चर्चा नहीं कर रहा है।

इस समय प्रधानमंत्री द्वारा अडानी और अंबानी पर दिया गया वक्तव्य ट्रेंडिंग पर है। हर तरफ यही चर्चा चल रही है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का यह मास्टर स्ट्रोक है कि जो आरोप उन पर लग रहे थे वही आरोप उन्होंने विपक्ष पर थोप दिए। आरोपों से से बचने का यह प्लान बहुत ही प्लानिंग के साथ तैयार किया गया है। जिसमें भाजपा ने यह बताने की कोशिश की है कि इस मुद्दे पर आप भी बचे नहीं हैं और न ही बच सकते हैं। क्यों कि यूपीए सरकार के समय में भी इन उद्योगपतियों से यूपीए सरकार के अच्छे संबंध थे। उधोगपति कभी किसी सरकार से बिगाड़ना नहीं चाहता क्योंकि उसको व्यापार करना है राजनीति नहीं। आरक्षण पर भी बात हो रही है दोनों एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। एक सभा में प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश को फिर से तोड़ने की जमीन तैयार की जा रही है। उनका कहना था कि 75 साल पहले संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर और नेहरू जी खुद धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे पर कांग्रेस ने वोट बैंक के चक्कर में मुस्लिम लीग जैसा घोषणा पत्र बना दिया। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ओबीसी आरक्षण समाप्त करना चाहती है और यदि वह सरकार में आई तो ओबीसी आरक्षण समाप्त हो जाएगा। लेकिन ऐसा संभव नहीं है जो आरक्षण चल रहा है उसको समाप्त करने की हिमाकत किसी की नहीं है क्योंकि वह एक बहुत बड़ा वोट बैंक है और कोई सरकार इतने बड़े वोट बैंक के खिलाफ नहीं हो सकती। अमित शाह विपक्ष के इन सवालों का जबाब अपनी रैलियों में दे रहे हैं उनका कहना है कि कोई आरक्षण समाप्त नहीं होने वाला है। और यह सत्य भी है क्योंकि फ्री राशन योजना कोरोना काल में शुरू हुई थी लेकिन आज उसको बंद करने में राजनीतिक दलों के पसीने छूट रहे हैं। तभी फ्री राशन योजना को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है।

# धोखे की छाया को उजागर करना- भारत में फर्जी मामलों को समझना




भारत के कानूनी परिदृश्य की भूलभुलैया में, एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति छिपी हुई है - फर्जी मामलों का प्रसार। झूठे उत्पीड़न के आरोपों से लेकर मनगढ़ंत सबूतों तक, मनगढ़ंत कानूनी लड़ाइयों की घटना न्याय और समानता की नींव को कमजोर करती है। जैसे-जैसे हम इस अस्पष्ट दायरे में उतरते हैं, जटिलताओं को सुलझाना, मूल कारणों का पता लगाना और प्रणालीगत सुधारों की वकालत करना अनिवार्य हो जाता है।

भारत में फर्जी मामलों का दायरा बहुत व्यापक है, जिसमें विभिन्न कानूनी क्षेत्र शामिल हैं। झूठी आपराधिक शिकायतें, मनगढ़ंत नागरिक विवाद और उत्पीड़न के मनगढ़ंत आरोप इस व्यापक समस्या की कुछ अभिव्यक्तियाँ हैं। इस तरह के धोखे के पीछे के उद्देश्य विविध हैं, व्यक्तिगत प्रतिशोध और वित्तीय लाभ से लेकर गुप्त उद्देश्यों के लिए कानूनी कार्यवाही में हेरफेर करने के प्रयास तक

फर्जी मामलों का प्रभाव धोखे की व्यक्तिगत घटनाओं से कहीं आगे तक फैला होता है। वे पहले से ही अत्यधिक बोझ से दबी कानूनी व्यवस्था पर बोझ डालते हैं, अदालतों में रुकावट डालते हैं और संसाधनों को वास्तविक मामलों से दूर ले जाते हैं। इसके अलावा, वे न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करते हैं, जिससे कानूनी प्रक्रिया के प्रति मोहभंग और संशय की भावना बनी रहती है। फर्जी मामलों का नतीजा समुदायों में फैलता है, जिससे संदेह और अविश्वास की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

फर्जी मामलों के मूल कारणों को समझने के लिए सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रणालीगत कारकों की सूक्ष्म जांच की आवश्यकता होती है। न्याय तक पहुंच में असमानताएं, नौकरशाही की अक्षमताओं के साथ मिलकर शोषण के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती हैं। इसके अलावा, मुकदमेबाजी के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण, झूठे मामले दायर करने वालों के लिए परिणामों की कमी के साथ मिलकर, धोखे को कायम रखने में योगदान देता है। फर्जी मामलों की समस्या से निपटने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है~ निरर्थक मुकदमेबाजी को रोकने और झूठे मामले दर्ज करने के दोषी पाए गए लोगों के लिए दंड लगाने के लिए कानूनों को मजबूत करना। प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देने से न्यायपालिका पर बोझ कम हो सकता है। सार्वजनिक जागरूकता अभियान~ नागरिकों को झूठे मामले दर्ज करने के परिणामों और कानूनी प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित करना। व्यक्तियों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना दुर्व्यवहार के खिलाफ निवारक के रूप में काम कर सकता है। फर्जी मामलों को कायम रखने में उनकी भूमिका के लिए कानूनी चिकित्सकों को जवाबदेह बनाना, चाहे वह अनैतिक आचरण के माध्यम से हो या धोखाधड़ी को बढ़ावा देने में मिलीभगत के कारण हो। न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता के सिद्धांतों को कायम रखना आवश्यक है।

हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए कानूनी सहायता और सहायता सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना, जो अक्सर फर्जी मामलों की व्यापकता से असंगत रूप से प्रभावित होते हैं। प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने और समावेशिता को बढ़ावा देने से कानून के तहत समान सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है भारत में फर्जी मामलों का प्रचलन महज एक कानूनी विसंगति नहीं है; यह गहरी सामाजिक अस्वस्थता का लक्षण है। मूल कारणों को संबोधित करके, प्रणालीगत सुधारों की वकालत करके, और कानूनी बिरादरी के भीतर नैतिक आचरण को बढ़ावा देकर, हम एक अधिक न्यायपूर्ण और न्यायसंगत समाज की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। धोखे की छाया पर प्रकाश डालकर ही हम सत्य, सत्यनिष्ठा और सभी के लिए न्याय के सिद्धांतों को कायम रख सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सी एच सी गोला का स्वास्थ्य स्टेट टीम द्वारा किया गया निरीक्षण



**गोलाबाज़ार गोरखपुर** 9 मई।गोला तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के कायाकल्प हेतु बाह्य आकलन के लिए स्टेट स्वास्थ्य टीम द्वारा गुरुवार को निरीक्षण किया गया।

प्राप्त बिबरण केअनुसार स्टेट स्वास्थ्य टीम द्वारा गोला सी एच सी का निरीक्षण करने आये प्रमुख रूप से डा रामसमुझ ,डा पटेरिया मोईनुद्दीन अंसारी सी एम ओ कार्यालय से विजय श्रीवास्तव ने मुख्य सात बिंदुओं पर गहन निरीक्षण किया। साफसफाई ब्यवस्था, जैव पदार्थ अपशिष्ट कचरा प्रबंधन,पर्यावरण उक्त माहौल सहित अन्य बिंदु सम्मलित रहा।

निरीक्षण के दौरान सी एच सी गोला पर कार्यरत सभी चिकित्सक ,स्टाफ कार्य पटल पर गण वेश में उपस्थित होकर निरीक्षण में मौखिक प्रश्नों का उत्तर देते हुए टीम के साथ सहयोग किये।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमरेन्द्र नाथ ठाकुर डॉ आर पी यादव डॉ रजनीश राहुल डॉ ऋतु शेखर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कलश यात्रा निकलेगी आज

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 3 में स्थित राम जानकी मंदिर के रामलीला मैदान प्रांगण में शुक्रवार से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी । श्री राम कथा का रसपान शाम 6 बजे से जानकी जन्मस्थली पुनौरा धाम सीतामढ़ी से पधारी श्रीमती गायत्री देवी त्रिवेदी कराएंगी। यह जानकारी आयोजक महंथ राजेन्द्र दास ने देते हुए कलश यात्रा में भारी संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र की पीत वस्त्र धारी महिलाओं के प्रतिभाग करने की अपील किया है।

### विद्युत पोल पर केबल जोड़ते समय संविदा कर्मी लाइनमैन को मारा करंट,लाइन मैन झुलसा



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बर्राह वार्ड नम्बर 10 निवासी गोला विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइन मैन के रूप में कार्यरत बलजीत पुत्र पुर्नवासी को गुरुवार को दिन लगभग साढ़े दस बजे वेवरी चौराहे केपास पोल पर चढ़कर केबल जोड़ते समय करंट मार दिया ।जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।इलाज के लिए लोगो ने सी एच सी गोला पर पहुचाया।डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जिलाअस्पताल रेफर कर दिया।

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो मोटरसाइकिल को किया सीज




**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के बरी पेट्रोल पंप के पास लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि लालगंज की ओर से आ रहे दो बाइक सवार को रोककर बाइक से संबंधित कागजात की मांग किया लेकिन कोई भी कागजात बाइक चालको द्वारा नहीं दिखा पाने पर दोनों बाइकों को उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने 207 एमवी एक्ट में सीज कर दोनों बाइकों को थाना परिसर में खड़ा करा दिया वाहन चालक बसुहरा गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद व केड़वर गांव निवासी बब्बू बाइक से कंही जा रहे थे लेकिन बाइक के मौके पर कोई कागजात नहीं होने पर पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज कर दिया है।

# लोन के नाम महिलाओं से ठगी करने वाले दंपत्ति सहित 5 गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** जनपद के थाना विशुनपुरा व साइबर थाना की संयुक्त टीम द्वारा गगलवा पुल नहर के पास से मु0अ0सं0 141/2024 धारा 420, 406,504,506,467, 468, 471, 120बी, भा0द0वि0 से संबंधित फर्जी व कुटरचित दस्तावेज तैयार कर समुह के माध्यम से लाखो रूपयों के लोन का फर्जीवाड़ा करने वाले 04 नफर अभियुक्त व 01 नफर अभियुक्ता को 60 हजार रुपये नकद व एक अदद 04 पहिया वाहन सफेद स्विफ्ट डिजायर व एक अदद दो पहिया वाहन सुपर स्प्लेंडर रंग काला आदि कूटरचित दस्तावेजों की कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये के साथ 05 नफर अभियुक्तगणो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध का तरीका**

वर्ष 2021-2022 में अशोक मद्धेशिया अपनी पत्नी के साथ गल्ले का व्यापार भारी मात्रा में शुरु किया था जिसमें इस दम्पति को लाखो रुपये का भारी नुकसान पब्लिक हानि उठानी पड़ी जिसके कारण उक्त दम्पति द्वारा माइक्रो बैंकर्स के जरिये दुदही क्षेत्र की लगभग 32 भोली-भाली महिलाओं का समुह बनाकर विभिन्न बैंकों जैसे आरोहण बैंक, एसकेएस बैंक(भारत), एस बंदना, मिसलैण्ड, सेव बैंक, सुकन्या बैंक,आशिर्वाद बैंक, आरबीएल बैंक, उत्कर्ष बैंक, मुथुठ माइक्रोफिन, क्रेडिट एक्सीस ग्रामीण लिमिटेड, आदि फाइनेंस, सत्या,सेव माइक्रो फाइनेंस, स्कन्द्रा बैंक,इंडसइंड बैंक, स्टेन क्रेडिकेयर नेटवर्क लिमिटेड आदि से लोन दिलवाकर तथा उन्हे लोन भरने का विश्वास दिलाकर लोन का लाखों रुपया हड़प कर लिया तथा अपने साथियों आरोहण बैंक के कर्मचारी मेहताब पुत्र असलम अंसारी सा0 सरया थाना गढ़वाल जनपद बलिया, राकेश कुमार पुत्र रामेश्वर पटेल सा0 दुर्गापुर दोडीहवा थाना बृजमनगंज जिला महराजगंज जो आरोहण बैंक का वर्कर है तथा दीपक केसरी पुत्र स्व0 सूरजनाथ सा0 साहबगंज उत्तरी थाना पडरौना जो पडरौना में सीएचसी सेंटर चलाता है को मिलाकर अपने गैंग में शामिल कर ( केवाईसी) टेम्परिंग कर (वोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि) कृष्णा पोर्टल ऐप द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये हड़प कर लिये जिसमें से ज्यादातर पैसा अपने गल्ले के व्यापार में घाटे की भरपायी में दे दिया। जिसका मुख्य आरोपी अशोक मद्देशिया के मोबाइल के फोन पे से लगभग 24 लाख रुपये का लेन-देन प्राप्त हुआ तथा आरोहड़ बैंक के कर्मचारी व सीएचसी सेंटर के मालिक के साथ मिलकर लैपटापों से बरामद डाटा के आधार पर करीब 06 लाख रुपये की जालसाजी कर पैसे की धोखा-धड़ी करने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। तथा अन्य माइक्रो बैंकर्स की संलिप्तता के संबंध में विवेचना प्रचलित है।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता सम्मलेन सहजनवा गोरखपुर

स्वतंत्र प्रभात



**सहजनवा।गोरखपुर।** सहजनवा विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन सहजनवा स्थित सेरेमनी मैरेज हाल में भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ,जहाँ पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि घर घर शौचालय बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की माताओं, बहनों को हो रही असाध्य बीमारियों से छुटकारा किया है सम्मान बढ़ाया है, प्रधामनंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश प्रदेश में बिजली,शिक्षा, यातायात,कृषि, उद्योग, पानी बिजली, सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर स्वास्थ्य की व्यवस्था सुदृढ हुई है, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में जिस प्रकार गोरखपुर का टेरा कोटा प्रोडक्ट विश्व प्रसिद्ध है, उसी प्रकार सिद्धार्थनगर का काला नमक सहित हर जिले में एक प्रोडक्ट फेमस है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई, अपराधी, माफियाओं का दहशत खत्म हुआ है। सपा पर तंज कसते हुए कहा कि सपा तो भाई और भौजाई में ही सिमटी हुई है घर घरानों को ही टिकट दिया है, सिर्फ सैफई परिवार को ही स्थापित करती है, उन्होंने कहा यादव समाज के लोगों को समझाने की जरूरत है, सपा सिर्फ यादवों को ठग रही है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो सर्व समाज के विकास के लिए काम करती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों को जीत कर एकबार फिर भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतकर विपक्षियों का सूपड़ा साफ हो रहा है। जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है जिसके बल पर सभी कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं वही चुनाव के दौर में बूथ कमेटी के बल पर ही हम चुनाव जीतते हैं। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को बूथ विजय का मंत्र देते हुए कहा बूथ जीता तो समझो चुनाव जीता। बूथ समिति सभी पन्ना प्रमुखों के साथ मिलकर एक एक बूथ जीतकर फिर एकबार मोदी सरकार बनाएंगे।

सांसद,प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल ने कहा कि शुक्ल ने कहा बूथ अध्यक्ष ही संगठन का असली हीरो है जिसके बल पर भाजपा सभी चुनाव जीतती है। मोदी सरकार बनाने में सभी बूथ अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों का मुख्य रोल है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से कहा की आप सभी के दम पर एकबार फिर मोदी सरकार बननी तय है आप सबकी शतप्रतिशत उपस्थिति ने ये साबित कर दिया विपक्षियों के जमानत जप्त होने वाली है।

विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाँव गरीब किसान महिला मजदूर नौजवान सभी का विकास किया है,देश मे खुशहाली बढ़ी है। देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है आमजनता फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है।

सम्मेलन का संचालन जिला महामन्त्री डॉ आरडी सिंह ने किया।

सम्मेलन में वरिष्ठ नेता राम जियावन मौर्य, लोकसभा प्रभारी जनार्दन गुप्ता, विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक बेचन राम, पूर्व विधायक जीएम सिंह, पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय, चेयरमैन प्रभाकर दुबे, महेश दुबे, नागेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव, शशि प्रताप सिंह, विकाश सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय दुबे, राम उजागिर शुक्ल, रामप्रकाश यादव, रामपाल सिंह,छोटेलाल मौर्य, मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, शिवचरन प्रसाद, राम प्रकाश चौरसिया, धर्मराज गौड़, के एम मझवार, इंद्रकुमार निगम, चन्दन त्रिपाठी, मनोज सिंह, रत्नेश पाण्डेय, अभिमन्यु मौर्य, गौरव गुप्ता, घनश्याम मिश्र, आलोक त्रिपाठी, रवि सिंह सोलंकी, रमेन्द्र मिश्र, श्याम विहारी त्रिपाठी, रंगनाथ पाण्डेय ,अजित शुक्ला, आदि उपस्थित थे।

# दहेज के प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए उकसाना के आरोप में पति तथा सास गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**खजनी/गोरखपुर।** कस्बे में मंगलवार 7 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर मृतिका प्रीति निगम पत्नी विजय निगम की मृत्यु पर मृतिका के पिता गुलाम चंद निगम की तहरीर पर खजनी थाने में पंजीकृत मुकदमा

धारा 498ए,147,504,506,306 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त पति विजय निगम व अभियुक्ता सास छाया देवी पत्नी शीतल निगम को गिरफ्तार किया गया ।

खजनी थाना क्षेत्र के बरीबन्दुआरी निवासी शीतल निगम के पुत्र बहु का 7 मई को सन्दिग्ध हाल में मौत हो गई, सूचना पाकर खजनी थानां में मृतक के मायके से उसके पिता भाई आये , गला कस कर हत्या करने का आरोप लगा कर खजनी थानां में तहरीर दिया । खजनी पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आरोपी पति सास ससुर चाचा पर हत्या का केश दर्ज कर आरोपी सास छाया और पति विजय निगम को गिरफ्तार कर गुरुवार को देर शाम जेल भेज दिया ।

### पुलिस ने किया12 बोरी लावारिस गेहूं बरामद

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मर्यादपुर पहाड़ी टोला से पुलिस ने 12 बोरी लावारिस गेहूं बरामद किया है। पुलिस ने बरामद गेहूं को कब्जे में लेकर धारा 113 कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सेवतरी चौकी प्रभारी अमित सिंह अपने हमराहियों के साथ गस्त पर थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सभा मर्यादपुर पहाड़ी टोला नाके से 12 बोरी लावारिस गेहूं बरामद किया। वहीं पुलिस को आता देख तस्कर साइकिल से गेहूं की बोरियों को फेंककर नेपाल भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से 12 बोरी लावारिस गेहूं बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर कस्टम अधिनियम की कार्यवाही करते हुए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया।इस दौरान हेड कांस्टेबल अमरजीत कुमार, कांस्टेबल विकास यादव, अनील कुमार यादव आदि मौजूद रहे।इस संबंध में चौकी प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि 12 बोरी लावारिस गेहूं बरामद किया गया है जिसे अग्रिम कार्यवाही के लिए कस्टम कार्यालय को सुपुर्द किया जा रहा है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने नामांकन किया दाखिल

● नामांकन के तीसरे दिन आज बसपा प्रत्याशी शुभनारायण चौहान ने भी किया नामांकन

● राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल 28 नामांकन फार्म

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज तीसरे दिन 02 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र हरिकेश आजाद अधिकार पार्टी द्वारा 02 सेट में, त्रिभुवन नारायण सिंह निर्दल द्वारा 01 सेट में, उमेश भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा 01 सेट में, सबिता निर्दल द्वारा 01 सेट में, श्याम बिहारी भागीदारी पार्टी द्वारा 02 सेट में, रामजतन जनता समता पार्टी द्वारा 02 सेट में, शुभनारायण चौहान बहुजन समाज पार्टी द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र लिया गया । इस प्रकार आज कुल 11 नामांकन पत्र का वितरण हुआ।

गुरुवार राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा 03 सेट में व अतुल निर्दल द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी उमेश मिश्रा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व बैरिकेडिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये बैरिकेडिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। बैरिकेडिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि की व्यवस्था की गई। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम स्थापित किया गया है। पर्चा लेने की अंतिम तिथि 14 मई 2024 है।

# किसान नेता पप्पू पांडेय अपने सैकड़ों साथियों के साथ थामा कमल का फूल

● डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिलाई पार्टी की प्राथमिक सदस्यता

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** जनपद में किसान हो या मुसहर समुदाय की हक और अधिकार दिलाने वाले और निर्धन परिवार के बेटियों की प्रत्येक वर्ष दर्जनों हाथ पीली करवाने वाले जमीनी स्तर के लोकप्रिय नेता पूर्वांचल किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू पांडेय ने आज गुरुवार को अपने सैकड़ों जुझारू साथियों के साथ कुशीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में आए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा पार्टी का विलय करवाते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। पप्पू पांडेय के इस निर्णय से जनपद के किसानों और मुसहर समुदाय और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी हैं। शुभचिंतकों की माने तो पप्पू पांडेय के भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत हुई हैं। ऐसे में आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव मतदान में पार्टी को निश्चित रूप से बड़ा संबल मिला हैं। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय सहित उपस्थित माननीय गणों द्वारा पप्पू पांडेय के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

# बालू ओवर लोड ट्रकों ने बिगाड़ दिया सड़क की सूरत

●सड़क पर पड़ी गिट्टिया भी हुई बाहर,

काली सड़क के लिए तरस रहे है क्षेत्र के लोग

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** गोला तहसील क्षेत्र में गोपालपुर से बारानगर जाने वाली सड़क बालू लदी ओवर लोड ट्रकों के आने जाने से पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चले कि गोपालपुर बारानगर सड़क पश्चिम के दो दर्जन गांवों व सरयू नदी उस पार आजमगढ़ जनपद के देवारा से आने जाने वालों के लिए यह प्रमुख मार्ग है। यह सड़क प्रधान मंत्री योजना के तहत बनी हुई है। शुरू में तो इस सड़क की साल में एक बार मरम्मत हो जाती थी। लेकिन इधर कई सालों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुआ।इसी सड़क से लोग बारानगर में मां सरयू नदी तट स्थित प्रसिद्ध कालिका मंदिर है पर लोग धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने पर कथा सुनने,कड़ाही चढ़ाने परिवार सहित जाते हैं। । इस सड़क पर कोई सरकारी बस तो नहीं चलती । स्कूली बस व टैंपू चलता है।लेकिन इस सड़क पर लोगों के आने जाने का बराबर दबाव बना रहता है। क्षेत्र के उनौली के ग्राम प्रधान रिंकू प्रजापति , झरकटा के ग्राम प्रधान सोमनाथ गुप्ता ,काजू उर्फ अभिषेक राय ,सनी सिंह ,ग्राम प्रधान सूरज , ग्राम प्रधान धर्मेंद्र यादव प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कनौजिया ,गुड्डू राय आदि का कहना है कि इधर देवईपीपर बालू घाट,रतन पुर बालूघाट से निकलने वाले बालू को ट्रक में ओवर लोड भरकर इसी रास्ते अपने गंतव्य तक ठेकेदार द्वारा कई वर्ष से ले जाया जाता है। जिससे यह सड़कपूरी तरह टूट गयी।सड़क पर लगी गिट्टियों का पता नही लग रहा है। इन लोगों का कहना है झरकटा गांव के पास मोड़ पर दो वर्ष पूर्व बालू लदी ट्रकों के आने जाने से यह सड़क इतनी खराब हो गई थी कि गांव वाले सड़क पर भंडा लगाकर धरना प्रदर्शन करने लगे। तत्काल एस डी एम गोला व कोतवाल गोला मौके पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन यह कह कर समाप्त करवाया कि बालू ठेकेदार इस सड़क के गड्ढे में ईट का टुकड़ा डाल कर चलने लायक बनवा देगा। बालू ठेके दार ने अपने कथनानुसार कार्य किया। लेकिन बाद में भी इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई। अब तो काली सड़क देखने के लिए क्षेत्र के लोग तरसते नजर आ रहे है।

इस ब्यवस्था से क्षेत्र के लोगो मे भारी असन्तोष ब्याप्त है।

# गोरखपुर लोकसभा से आज दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन, अब तक चार प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन

●बसपा से जावेद अशरफ , पिंटू साहनी ने किया निर्दल नामांकन

जावेद अशरफ के ऊपर सात मुकदमे है दर्ज

मारुति अर्टिगा सहित तीन गाड़ियां 45 लाख का पुश्तैनी व 42 लाख का एक फ्लैट मौजूद

गोरखपुर लोकसभा से आज 6 प्रत्याशियों ने लिए अपने-अपने पर्चे

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** गोरखपुर लोकसभा से दो प्रत्याशियों ने आज किया नामांकन अब तक गोरखपुर लोकसभा से चार प्रत्याशी कर चुके ,नामांकन गोरखपुर लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी से जावेद अशरफ व निर्दल पिंटू साहनी ने एडीएम वित्त कोर्ट में रिटर्निंग ऑफिसर रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग अफसर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष नामांकन किया।

गोरखपुर लोकसभा से आज 6 प्रत्याशियों संजय सिंह भारतीय सर्व धर्म पार्टी श्रवण चौहान जनवादी पार्टी दिव्यमान पांडे भारतीय युवा जन एकता पार्टी मकसूद आलम निर्दल जमीरउद्दीन अहमद मुस्लिम मजलिस पार्टी मृदुल कुमार श्रीवास्तव निर्दल ने अपना-अपना पर्चा लिया, कुल 11 सेट पर्चा लिया । बहुजन समाज पार्टी से जावेद अशरफ के ऊपर सात मुकदमे दर्ज हैं, 6 कोतवाली थाने एक तिवारीपुर थाने में इनके पास मारुति अर्टिगा 1250000 एक्टिवा 75000 होंडा डीओ 95000 जावेद असरफ के पास 1681 स्क्वायर फीट में पुश्तैनी 45 लाख का मकान और 42 लाख का एक फ्लैट इनके पास मौजूद है। बांसगांव लोकसभा से पांच प्रत्याशियों गया प्रसाद अमरेंद्र प्रताप चंद सिकंदर यशोदा नंद चौधरी कौशल किशोर ने अपने अपने पर्चे कुल दस पर्चे लिए गए रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बाजगांव प्रदीप के पास से पर्चे लिए बांसगांव लोकसभा से कोई प्रत्याशी नामांकन आज नहीं किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश व्यवस्थाओं की निगरानी स्वयं कर रहे थे नामांकन सुरक्षा नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव अपने सहयोगियों क्षेत्राधिकारी कोतवाली गौरव त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के साथ रहे मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह भी रहे मौजूद।

# भारत दौरे पर चीन समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री

**● - जयशंकर ने मुलाकात कर कहा- भारत ने हमेशा मालदीव का साथ दिया**

स्वतंत्र प्रभात

भारत के साथ तनाव के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, "भारत हमेशा नेबर फर्स्ट पॉलिसी पर चलता है। दोनों देशों के रिश्ते आपसी हितों पर टिके हैं। भारत विकास के मामले में मालदीव को सहयोग करने वाले अहम देशों में शामिल है।" विदेश मंत्री मे कहा, "हमारे कई प्रोजेक्ट्स से मालदीव के लोगों को फायदा पहुंचा है। भारत ने कई मौके पर मालदीव को वित्तीय मदद भी दी है।" चीन समर्थक मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला मौका है, जब मालदीव के कोई मंत्री भारत के दौरे पर आए हैं।


**1 दिन बाद मालदीव से भारतीयों सैनिकों को निकालने की डेडलाइन**

मालदीव से रवाना होने से पहले जमीर ने कहा, "हम भारत-मालदीव के बीच सहयोग बढ़ाने की कोशिश करेंगे, जिससे दोनों देशों के लोग इसका फायदा ले सकें।" मालदीव से भारतीय सैनिकों को निकालने की भी कल (10 मई) आखिरी तारीख है। ऐसे में मूसा का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। मूसा इससे पहले जनवरी में युगांडा में जयशंकर से मुलाकात कर चुके हैं। तब दोनों नेताओं ने मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी के मुद्दे पर चर्चा की थी। बैठक के बाद मूसा ने कहा था कि मालदीव भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करना चाहता है।

**भारत-मालदीव के बीच विवाद कैसे शुरू हुआ**

मालदीव में पिछले साल राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपने कैंपेन में मोहम्मद मुइज्जू ने %इंडिया आउट% का नारा दिया। इसे लेकर उन्होंने कई रैलियां भी कीं। मुइज्जू ने वादा किया कि वे राष्ट्रपति बने तो देश से भारतीय सैनिकों को हटा देंगे। उन्होंने इसी के दम पर चुनाव जीता।

17 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मुइज्जू ने शपथ ली थी। इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आ गई। नतीजा ये हुआ कि मालदीव ने वहां तैनात 88 भारतीय सैनिकों को निकालने का फैसला किया। इनमें से अब तक 51 सैनिक वापस आ चुके हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते रहे थे। इनकी जगह सिविलियन्स लेंगे। आमतौर पर मालदीव में इन हेलिकॉप्टर्स का इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव से बिगड़ते रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री मोदी लक्षद्वीप दौरे पर गए और उन्होंने लोगों से घूमने के लिए वहां आने की अपील की।



**PM मोदी पर विवादित बयान से तनाव बढ़ा**

इस पर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। पलटवार करते हुए कई भारतीय टूरिज्म कंपनियों और लोगों ने मालदीव को बॉयकॉट करना शुरू कर दिया। इससे मालदीव जाने वाले भारतीय टूरिस्टों की संख्या में तेजी से गिरावट आई।

इसी दौरान मालदीव के राष्ट्रपति चीन के दौरे पर गए और वापस लौटकर कहा कि कोई देश उन्हें धमका नहीं सकता। मुइज्जू ने मालदीव का समर्थन करने के लिए चीन के लोगों से उनके देश घूमने आने की अपील की। इसके बाद मालदीव ने भारत के साथ हुए हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट को भी खत्म कर दिया।

**मालदीव के पर्यटन मंत्री ने की थी ये अपील**

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने सोमवार को भारतीयों से आग्रह किया कि वे पर्यटन पर निर्भर उनके देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दें. उन्होंने कहा, हमारा एक इतिहास है. हमारी नवनिर्वाचित सरकार भी मिलकर (भारत के साथ) काम करना चाहती है. हम हमेशा शांति और मैत्रीपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देते हैं. हमारे लोग और सरकार आने वाले भारतीयों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे. पर्यटन मंत्री के तौर पर मैं भारतीयों से कहना चाहता हूं कि कृपया मालदीव के पर्यटन का हिस्सा बनें. हमारी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर करती है.

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने छह जनवरी को एक्स पर लक्षद्वीप की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा की थीं जिस पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर भारत और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की. इस घटना को लेकर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई और लोगों ने सोशल मीडिया में मालदीव का बहिष्कार करने और पर्यटन के लिए वहां नहीं जाने की बात की. एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल के पहले चार महीनों की तुलना में इस साल के पहले चार महीनों में भारत से मालदीव पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में 42 प्रतिशत की कमी आई है.




## संक्षिप्त ख़बरें

**हम मिलकर कमल खिलाएंगे फिर से मोदी सरकार लाएंगे-गणेश चौहान**

**विधायक गणेश चौहान ने भाजपा प्रत्याशी ई प्रवीण निषाद के पक्ष में किया जनसंपर्क मांगा समर्थन**



**संतकबीरनगर।** धनघटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गणेश चौहान ने शुक्रवार को धनघटा विधानसभा क्षेत्र के महुली मंडल के कोलुगाडा,कुशहवा,रामपुर,भोगीपुर,नेगुआ,सिसवनिया सहित दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी/ सांसद इंजीनियर प्रवीण निषाद के पक्ष में कमल के फूल मतदान करने का अपील किया। विधायक गणेश चौहान ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यो से प्रभावित होकर सभी मतदाता भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का निर्णय ले लिये है। उन्होने कहा कि आगामी 25 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर ऐतिहासिक मतो से भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम लोकसभा क्षेत्र की जनता करने जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा देश में 400 पार के लक्ष्य को लेकर चल रही है और इसको पार करने का काम किया जायेगा।

**डिप्टी सीएम कल करेंगे चुनावी सभा, भाजपा नेताओं का होगा जमावड़ा**



**गाजीपुर।** भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के नामांकन को पार्टी ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की है। नामांकन के मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के अलावा तीन मंत्री भी शामिल होंगे। नामांकन के बाद उप मुख्यमंत्री लंका मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर पार्टी के स्तर से तैयारी की जा रही है। भाजपा प्रत्याशी दस मई को नामांकन करेंगे। नामांकन के पहले आईटीआई मैदान तुलसीपुर से जुलूस



निकाला जाएगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश के मंत्री रवींद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु और गिरीश चंद्र यादव शामिल होंगे। नामांकन के बाद लंका मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय का नामांकन 10 मई को होगा। नामांकन जुलूस आईटीआई मैदान तुलसीपुर से नामांकन स्थल के लिए प्रस्थान करेगा। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी सभा करेंगे।

## पहली बारिश में ही सहरसा नगर निगम क्षेत्र के कई सड़कों पर आया पानी

स्वतंत्र प्रभात



मंगलवार देर शाम तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने सहरसा शहर के कई। सड़को पे जल जमाव की समस्या का सामना करना परता है। नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्ले जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए हरेक साल लाखों का न्यारा वारा करने वाला तत्कालीन नगर परिषद और अब नगर निगम कोई ठोस कदम नहीं उठा कर पुनः लोगों को कुछ महीनों के लिए नारकीय जीवन जीने के लिए विवश करेगा। जबकि पूर्व में ही यदि जलजमाव से निपटने के लिए ठोस कार्य योजना बना ली जाय तो हरेक साल मोटर और पाइप के नाम पर हाय तौबा से राहत मिल सकती है लेकिन शायद निगम के अधिकारी भी बारिश बीतने के बाद अगले साल का इंतजार करने लगते हैं। ऐसे में इस वर्ष भी लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ेगा, ऐसा कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। लोगों को फिर एक बार बीते साल की तरह ही परेशान होना पड़ेगा। मंगलवार की शाम हुई बारिश से निगम क्षेत्र के बटराहा, रेलवे कॉलोनी, हटिया गाछी, नया बाजार, न्यू कॉलोनी सहित कई अन्य मोहल्लों की गलियों में पानी जमा हो गया। लोगों ने कहा कि निगमकी ओर से नियमित नालों की सफाई नहीं किए जाने से ही ऐसा हुआ।

मोहल्ला में जल जमाव की समस्या का कारण है। लोगों के द्वारा किया गया अतिक्रमण भी बहुत बड़ा जड़ है। लोगों ने सड़कों का ही अतिक्रमण कर लिया है। किसी ने सड़क पर सीढ़ी बना ली है तो किसी ने अपने घर के गेट के सामने सड़क को ऊंचा कर लिया है। किसी ने अपनी पूरी जमीन में घर बना लिया और सड़क से स्लोप बना लिया है। जिसके कारण पानी का बहाव किसी तरफ नहीं होने से पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। लोगों ने कहा कि यदि निगम प्रशासन सभी मोहल्ला में एक अभियान के तहत अतिक्रमण को हटा दें तो आधी समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन अधिकारी भी पुनः समस्या आने के इंतजार में रहते हैं।

## उपभोक्ता हितों एवं जागरूकता के लिए मेरा निरंतर प्रयास रहेगा जारी- श्रीकृष्णा गौतम

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** देश में उपभोक्ता संरक्षण की प्रतिनिधि आवाज बनी राष्ट्रीय उपभोक्ता परिषद संघ कंज्यूमर कॉन्फ़ेडरेशन आफ इंडिया सीसीआई का 24 वा स्थापना दिवस का आयोजन एवं एवं उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थापना दिवस संयुक्त रूप से आगरा के होटल आगमन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीसीआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर अनंत शर्मा जयपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य,भारतीय खाद्य निगम उ0 प्र0 एवं सदस्य रेल सलाहकार समिति श्रीकृष्ण गौतम ने भाग लिया । कार्यक्रम में बोलते हुए श्रीकृष्ण गौतम ने स्थापना दिवस के अवसर पर दोनों संगठन के पधारे पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि मेरे द्वारा रेलवे एवं अन्य क्षेत्र के उपभोक्ताओं के हितों एवं जागरूकता के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है और जो भी विषय मेरे संज्ञान में लाए जाते हैं उनके तुरंत निराकरण हेतु प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया और उपभोक्ता के हितों को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर गौतम को सीसीआई संस्थापक अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति के प्रदेश अध्यक्ष भूप सिंह पाल द्वारा शाल ओढाकर, फूल माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## वीर पुरुष महाराणा प्रताप 9 मई, 2024 जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली-** भारत देश का महान् योद्धा बलिदानी,राष्ट्र भक्तों के प्रेरणा श्रोत एवं परम् वीर महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 ई.को राजस्थान के मेवाड़ में सूर्य वंशी सिसोदिया राजवंश के राजपूताना कुंभलगढ़ दुर्ग में महारानी जीवत (जयवंता) कँवर के गर्भ से हुआ. इनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह था. महाराणा प्रताप पूरे जीवन मुग़लों से लड़ते रहे पर कभी हार नहीं मानी। महाराणा प्रताप के बारे में कुछ रोचक जानकारी महाराणा प्रताप एक ही झटके में घोड़े समेत दुश्मन सैनिक को काट डालते थे जब इब्राहिम लिंकन भारत दौरे पर आ रहे थे तब उन्होने अपनी माँ से पूछा - कि हिंदुस्तान से आपके लिए क्या लेकर आए. तब माँ का उत्तर मिला- उस महान देश की वीरभूमि हल्दी-घाटी से एक मुट्ठी धूल लेकर आना जहाँ का राजा अपनी प्रजा के प्रति इतना वफ़ादार था कि उसने आधे हिंदुस्तान के बदले अपनी मातृभूमि को चुना " लेकिन बदकिस्मती से उनका वो दौरा रद्द हो गया था! बुक ऑफ़ प्रेसिडेंट यु एस ए 'किताब में आप यह बात पढ़ सकते हैं. महाराणा प्रताप के भाले का वजन 80 किलो ग्राम था और कवच का वजन भी 80 किलोग्राम ही था. कवच, भाला, ढाल, और हाथ में तलवार का वजन मिलाएं तो कुल वजन 207 किलो था.आज भी महाराणा प्रताप की तलवार कवच आदि सामान उदयपुर राजघराने के संग्रहालय में सुरक्षित हैं.अकबर ने कहा था कि अगर राणा प्रताप मेरे सामने झुकते है तो आधा हिंदुस्तान के वारिस वो होंगे पर बादशाहत अकबर की ही रहेगी।

लेकिन महाराणा प्रताप ने किसी की भी अधीनता स्वीकार करने से मना कर दिया हल्दी घाटी की लड़ाई में मेवाड़ से लगभग 20,000 सैनिक थे और अकबर की ओर से 85,000 सैनिक युद्ध में सम्मिलित हुऐ।

महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक का मंदिर भी बना हुआ है जो आज भी हल्दी घाटी में सुरक्षित है.महाराणा प्रताप ने जब महलों का त्याग किया तब उनके साथ लुहार जाति के हजारो लोगों ने भी घर छोड़ा और दिन रात राणा कि फौज के लिए तलवारें बनाई. इसी समाज को आज गुजरात मध्यप्रदेश और राजस्थान में गाढ़िया लोहार कहा जाता है. मैं नमन करता हूँ ऐसे लोगो को हल्दी घाटी के युद्ध के 300 वरु बाद भी वहाँ जमीनों में तलवारें पाई गई. आखिरी बार तलवारों का जखीरा 1985 में हल्दी घाटी में मिला था. महाराणा प्रताप को शस्त्रास्त्र की शिक्षा ÷ जैमल मेड़तिया ÷ ने दी थी जो 8,000 राजपूत वीरों को लेकर 60,000 मुसलमानों से लड़े थे। उस युद्ध में 48,000 मारे गए थे जिनमे 8,000 राजपूत और 40,000 मुग़ल थे।

महाराणा से अकबर थर-थर काँपता था. मेवाड़ के आदिवासी भील समाज ने हल्दी घाटी में अकबर की फौज को अपने तीरो से रौंद डाला था वो महाराणा प्रताप को अपना बेटा मानते थे और राणा बिना भेदभाव के उन के साथ रहते थे. आज भी मेवाड़ के राजचिन्ह पर एक तरफ राजपूत हैं तो दूसरी तरफ भील.महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक महाराणा को 26 फीट का दरिया पार करने के बाद वीर गति को प्राप्त हुआ. उसकी एक टांग टूटने के बाद भी वह दरिया पार कर गया. जहाँ वो घायल हुआ वहां आज खोड़ी इमली नाम का पेड़ है जहाँ पर चेतक की मृत्यु हुई वहाँ चेतक मंदिर है.राणा का घोड़ा चेतक भी बहुत ताकतवर था उसके मुँह के आगे दुश्मन के हाथियों को भ्रमित करने के लिए हाथी की सूंड लगाई जाती थी. यह हेतक और चेतक नाम के दो घोड़े थे.मरने से पहले महाराणा प्रताप ने अपना खोया हुआ 85 % मेवाड फिर से जीत लिया था. सोने चांदी और महलो को छोड़कर वो 20 साल मेवाड़ के जंगलो में घूमे महाराणा प्रताप की लम्बाई 7'5" थी, दो म्यान वाली तलवार और 80 किलो का भाला रखते थे हाथ में।

# खर्चों में कटौती क्यों कर रहा है भारत का आईटी सेक्टर?

**● - आईटी सेक्टर ने अपनी कंपनी के खर्च को कम करने के लिए कर्मचारियों के ट्रैवल एक्सपेंस में कटौती करनी शुरू कर दी है.**

स्वतंत्र प्रभात

आज से कुछ साल पहले की ही बात है जब भारत का आईटी सेक्टर काफी तेजी से विकास कर रहा था और इस सेक्टर में हर साल लाखों नौकरियां आ रही थी. लेकिन, इन दिनों देश के आईटी क्षेत्र में सुस्ती का समय चल रहा है. दरअसल बीते फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में आईटी सेक्टर में धीमी राजस्व वृद्धि (रेवेन्यू ग्रोथ) के कारण भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों ने 72,000 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है. इतना ही नहीं भारत का आईटी सेक्टर अपने खर्चों में कटौती भी कर रहा है. ऐसे में इस रिपोर्ट में विस्तार से समझते हैं कि आखिर आईटी सेक्टर इस हाल के पीछे क्या वजह है और यह अपने खर्चों में कटौती क्यों कर रहा है...

**खर्चों में कटौती क्यों कर रही हैं कंपनियां?**

बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार आईटी सेक्टर ने खर्च को कम करने के लिए कर्मचारियों के ट्रैवल एक्सपेंस में कटौती करनी शुरू कर दी है. इसी रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले कुछ सालों में आईटी इंडस्ट्री का जितना ग्रोथ हुआ है उसकी तुलना में कर्मचारियों के यात्रा पर बहुत कम खर्च किया गया है. वित्त वर्ष 2024 में टॉप कंपनियों के आईटी कर्मचारियों की यात्रा खर्च 1.1-1.7 प्रतिशत के बीच थी. जबकि यही खर्च साल 2019 में 2.3-3 प्रतिशत था. यानी अगर साल 2014 से 2019 की तुलना की जाए तो इस 5 सालों में यात्रा लागत में 15-25 प्रतिशत की कमी आई है.

**कोई कंपनी क्यों देती है ट्रैवल एक्सपेंस?**

आईटी कंपनियों के यात्रा व्यय यानी ट्रैवल एक्सपेंस में मीटिंग के लिए साइट पर जाने का खर्च, इस दौरान वहां रहने और वीजा का खर्च, ग्राहकों के साथ सीएक्सओ बैठकें और कर्मचारियों के शहर में परिवहन सहित अन्य खर्च शामिल हैं.

एशिया की सबसे बड़ी कंपनी समूह में से एक टीसीएस का वित्त वर्ष 2014 में यात्रा लागत यानी ट्रैवल एक्सपेंस 2,972 करोड़ था. यही खर्च वित्त वर्ष 2019 में 3,474 करोड़ कर दिया गया था. इस कंपनी का वित्त वर्ष 2019 में 2.3% की तुलना में राजस्व का 1.2% दर्शाता है.

**साल दर साल कम होता गया ट्रैवल एक्सपेंस**

कंपनी फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की तीन बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो ने साल 2019 में 2.4 करोड़, 2.9 करोड़ और 3.0 करोड़ रुपये केवल कर्मचारियों के यात्रा लागत पर खर्च किया था.

वहीं वित्त वर्ष 2020 में इसी तीनों बड़ी कंपनियों ने (टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो) कर्मचारियों के ट्रैवल एक्सपेंस पर 2.1 करोड़, 2.9 करोड़ और 3.0 करोड़ खर्च किया. अब एक साल बाद का डाटा देखें तो वित्त वर्ष 2021 में टीसीएस ने ट्रैवल एक्सपेंस पर केवल 0.7 करोड़ रुपये खर्च किया. वहीं इनफोसिस ने 0.6 करोड़ और विप्रो ने 0.9 करोड़ ही खर्च किए हैं.

**बड़ी आईटी कंपनियों ने जॉब में की कटौती**

**भारत के तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में विप्रो, इंफोसिस और टीसीएस का नाम आता है.**

**विप्रो** - इन तीनों में से विप्रो में साल 2023-24 में लगभग 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं. वहीं इस कंपनी की मार्च 2024 तक कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले तक 2,58,570 थी.



**इंफोसिस-** भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा. यहां मार्च 2024 के अंत में कुल कर्मचारियों की संख्या 317,240 थी, जो पिछले साल के अंत तक 343,234 थी. यानी एक साल के अंदर इस कंपनी ने 25,994 कर्मचारियों की कमी कर दी.

**टीसीएस-** आईटी सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनियों में टीसीएस का नाम भी शामिल है. यहां भी साल 2024 के मार्च में कर्मचारियों की संख्या में 13,249 की गिरावट हुई और बीते वित्त वर्ष के अंत में इसके कुल 601,546 कर्मचारी थे.

**क्यों कर्मचारियों की संख्या में कमी कर रही है आईटी कंपनियां**

इस सवाल के जवाब में बिजनेस स्टैंडर्ड की एक इंटरव्यू में विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कहते हैं कि कर्मचारियों की संख्या में कमी मुख्य रूप से बाजार और मांग की दशाओं के साथ ही परिचालन दक्षता के कारण हुई.

**भारत ही नहीं, दुनिया भर में आईटी सेक्टर की हालत खराब**

साल 2022 में अमेरिकी आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने दुनिया भर में 1 लाख 32 हजार कर्मचारियों की हायरिंग की थी. वहीं फ्रांसीसी आईटी कंपनी कैपजेमिनी ने 2022 में 1 लाख 40 हजार 789 कर्मचारियों की हायरिंग की थी. वहीं साल 2023 दोनों बड़ी कंपनियों की हायरिंग घटकर 60 हजार और 61 हजार 182 रह गई है. यानी पिछले साल कॉग्निजेंट ने 72 हजार और केपजेमिनी ने 79 हजार 607 लोगों की कम हायरिंग की है.

इन आंकड़ों की जानकारी तिमाही परिणाम में सामने आई है और आंकड़े बताते हैं कि किस तरह आईटी सेक्टर को दुनिया भर में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. चुनौतियों के चलते आईटी कंपनियां लागत को कम करने के प्रयासों में लगी है और इसका असर हायरिंग और ट्रैवल बजट पर हुआ है.

**बीपीओ, एजुकेशन, रिटेल और हेल्थकेयर सेक्टर में भी सुस्ती**

हालांकि नौकरी जॉब स्पीक इंडेक्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भले ही भारत के आईटी सेक्टर में नौकरियों की कमी चल रही है लेकिन बावजूद इसके फुल स्टैक डाटा साइंटिस्ट, आईटी इंफास्ट्रक्चर इंजीनियर और ऑटोमेशन इंजीनियर जैसी नौकरियों में उछाल आया है. हालांकि देश में आईटी सेक्टर के अलावा बीपीओ, एजुकेशन, रिटेल और हेल्थकेयर सेक्टर में भी संभलकर नौकरियां दी जा रही हैं. इन सेक्टर्स में नौकरियां क्रमशः 17, 11, 11 और 10 फीसदी कम हुई हैं.